जबलपुर
सोमवार, 16 जून 2025
आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष–05
वर्ष : 20, अंक : 47
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3 .00 *

मौसम
अधि. 40
न्यून. 30

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



केदारनाथ से गुप्तकाशी आ रहा हेलिकॉप्टर क्रैश

## सात की मौत, दो दिन हेली सेवा पर रोक, रास्ते में मलबे से केदारनाथ यात्रा भी रुकी

**घटना सुबह 5.30 बजे की क्रैश होने की वजह खराब मौसम बताई जा रही**

**हादसे की जांच एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (एएआईबी) करेगा**

एजेंसी ▶▶ देहरादून

उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग के गौरीकुंड क्षेत्र में बड़ा हादसा हुआ है। रविवार को सुबह-सुबह केदारनाथ रूट पर श्री केदारनाथ धाम से गुप्तकाशी जा रहा एक हेलिकॉप्टर गौरीकुंड के पास क्रैश हो गया। घटना सुबह 5.30 बजे की बताई जा रही है। हेलिकॉप्टर के क्रैश होने की वजह खराब मौसम बताई जा रही है। हेलिकॉप्टर में कुल सात लोग सवार थे।

भाजपा का पचमढ़ी में आयोजित प्रशिक्षण वर्ग का दूसरा दिन

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया...विकसित मप्र की चुनौतियों को कैसे बनाएंगे अवसर

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल



■ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी ने बताई पार्टी की कार्यपद्धति

पचमढ़ी में आयोजित भाजपा के प्रशिक्षण वर्ग के दूसरे दिन विकसित मप्र 2047, अवसर एवं चुनौतियां विषय पर बोलते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश के साथ मप्र ने कितनी तरक्की की है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2047 तक प्रदेश पूरी तरह विकसित होगा।



**मप्र ने हर स्तर पर की तरक्की**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में जब से भाजपा सत्ता में आई तब से हर स्तर पर तरक्की हुई है। खेती और सिंचाई का रकबा बढ़ा है। बिजली की समस्या से निजात मिली है। बिजली के मामले में मप्र अब सरप्लस स्टेट है। सड़कों की हालत अच्छी है। प्रति व्यक्ति आय में बेतहाशा वृद्धि हुई है। किसान खुशहाल हो रहा है। धार्मिक पर्वों में भी सरकार भागीदारी कर रही है। लाड़लियों का ख्याल रखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसा कोई क्षेत्र नहीं जहां प्रदेश ने विकास न किया हो। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में विकास की गति और तेज की जाएगी। उन्होंने सांसदों, विधायकों और पार्टी पदाधिकारियों का आह्वान किया कि वे सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचा कर भाजपा को मजबूत करें।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

**हादसा रविवार दोपहर 3.30 बजे का**

पुणे में बड़ा हादसा: हादसे के समय पुल पर करीब 100-120 सैलानी खड़े थे, तभी अचानक पुल भरभराकर गिर गया और कई लोग बह गए


# कुंदमाला में इंद्रायणी नदी पर बना पुल ढहा 6 सैलानियों की मौत, करीब 30 लापता

एजेंसी ▶▶ पुणे

महाराष्ट्र में जारी बरिश के बीच पुणे में इंद्रायणी नदी पर बना पुल ढह गया है। इस हादसे में करीब 30 सैलानियों के बह जाने की खबर है। पुल ढहने के तुरंत बाद राहत-बचाव कार्य शुरू किया गया, जिसके बाद नदी से 6 लोगों के शव बरामद किए गए। हालांकि, अभी भी कई लोग लापता बताए जा रहे हैं। ऐसे में इस हादसे में मरने वालों की संख्या और बढ़ने की आशंका है। घटनास्थल से सामने आई तस्वीरों और वीडियो में हादसे की भयावहता साफ नजर आ रही है। पुल ढहने से बहने वाले सभी लोग ब्रिज पर ही थे। घटना पुणे के मावल तालुका की है।

तालेगांव दाभाड़े कस्बे के पास प्रसिद्ध पर्यटन स्थल कुंदमाला है, जहां पर इंद्रायणी नदी पर बना एक पुराना पुल है। रविवार होने के कारण पर्यटकों की भीड़ थी, इसलिए आशंका है कि पुल ढह गया और कई पर्यटक इंद्रायणी में डूब गए। घटना की सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस, ग्रामीण और आपदा राहत कर्मी मौके पर पहुंचे और बचाव कार्य शुरू कर दिया गया है।

**एनडीआरएफ ने 38 लोगों को नदी से सुरक्षित बाहर निकाला**



*कुंदमाला पुणे से करीब 30 किलोमीटर दूर है। जिस पुल पर यह हादसा हुआ, वह काफी पुराना था, इस पुल को आवाजाही के लिए बंद कर दिया गया था*



▶▶ रविवार को यहां पहुंचे पर्यटक पुल के बीच पर जाकर सेल्फी ले रहे थे

▶▶ तालेगांव में कुंदमाला पुणे का फेमस टूरिस्ट स्पॉट, जहां हुआ यह हादसा

### बारिश के चलते बढ़ा जल स्तर

पिछले दो दिनों से मावल इलाके में भारी बारिश हो रही है और इंद्रायणी का जलस्तर बढ़ गया। इसके कारण एजेंसियों द्वारा नदी में गिरे पर्यटकों को बचाने के लिए जी-जान से प्रयास किए जा रहे हैं। घटना रविवार दोपहर करीब साढ़े तीन बजे की है। पुल गिरने की सूचना मिलते ही मौके पर पिंपरी-चिंचवड़ पुलिस आयुक्तालय के अंतर्गत पुलिस पहुंची। एनडीआरएफ की दो टीम मौके पर पहुंचकर रेस्क्यू कार्य में जुटी हुई हैं।

**स्थानीय बोले- पर्यटन स्थल पर सुरक्षा का इंतजाम नहीं**

स्थानीय लोगों का आरोप है कि कुंडमाला एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल होने के बावजूद यहां पर्यटकों की सुरक्षा के लिए कोई इंतजाम नहीं हैं। यह पुल काफी पुराना और जर्जर हो चुका था और इसकी मरम्मत भी नहीं की गई थी। इसके अलावा, पुणे क्षेत्र में पिछले चार दिनों से हो रही भारी बारिश के कारण इंद्रायणी नदी का जलस्तर और प्रवाह दोनों ही काफी तेज थे। इन सबके बावजूद, प्रशासन द्वारा पर्यटकों की सुरक्षा के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए, जिसे इस दुखद हादसे का एक प्रमुख कारण माना जा रहा है।

**सीएम ने आयुक्त से की बात**

पुणे में पुल गिरने के घटना पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने संभागीय आयुक्त, तहसीलदार पुलिस आयुक्त से बात की। उन्होंने राहत-बचाव कार्य को तेजी से चलाते हुए हताहतों को बचाने का निर्देश दिया है। इस घटना में कुछ लोग घायल हैं, जिन्हें अस्पताल ले जाया गया है। एनडीआरएफ फंसे हुए लोगों को बचाने के लिए काम कर रही है। कुछ लोगों के पानी में बह जाने की आशंका है, लेकिन अभी तक मौतों की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। प्रशासन लोगों को बचाने के लिए संसाधन जुटाने का प्रयास कर रहा है।

दुबई से जयपुर आ रही एयर इंडिया एक्सप्रेस फ्लाइट का बुरा हाल

## एसी बंद, 5 घंटे तक गर्मी में तड़पते रहे बच्चे-बुजुर्ग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



■ इस दौरान न तो पानी मिला, न कोई जानकारी

दुबई से जयपुर आने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट (IX 196) में यात्रियों को पांच घंटे तक तक बिना एसी चलाए बैठाए रखा गया। इस दौरान विमान में मौजूद बुजुर्ग और बच्चों की तबीयत बिगड़ गई। तकनीकी खराबी के चलते विमान के उड़ान भरने में यह देरी हुई है। इसे निर्धारित समय 7:25 बजे दुबई से रवाना होना था। दुबई एयरपोर्ट पर विमान में सवार यात्री बिना एसी के गर्मी में ही बैठने को मजबूर रहे। यात्रियों में बच्चे और बुजुर्ग भी थे। भीषण गर्मी के कारण उनमें से कई की हालत खराब हो गई। आखिरकार फ्लाइट 12:45 बजे दुबई से जयपुर के लिए रवाना हुई, लेकिन उससे पहले यात्रियों को करीब 5 घंटे तक विमान में बिना एसी के बैठाए रखा गया।

गाजियाबाद से कोलकाता जानी थी फ्लाइट

## हिंडन एयरपोर्ट पर एयर इंडिया की फ्लाइट में तकनीकी खराबी

एजेंसी ▶▶ गाजियाबाद



एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ानों के साथ परेशानियां थमने का नाम नहीं ले रही हैं। अब हिंडन एयरपोर्ट से एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट (आईएक्स 1511) में तकनीकी खराबी के चलते फ्लाइट का टेक-ऑफ रोका गया। फ्लाइट कोलकाता से गाजियाबाद आई थी और यहां से गोवा जानी थी, लेकिन रनवे पर आने से पहले ही तकनीकी खामी का पता चला और फ्लाइट कैंसिल कर दी गई। विमान में करीब 100 यात्री मौजूद थे।


### खबर संक्षेप

**दो दोस्तों को बचाया फिर नर्मदा नदी में डूबा युवक**



**ओंकारेश्वर।** खंडवा जिले की तीर्थनगरी ओंकारेश्वर में रविवार को दो घटनाओं में चार युवक नदी में डूब गए। दो को बचा लिया, लेकिन एक युवक की मौत हो गई और एक लापता है। कावेरी संगम घाट पर मालेगांव से आए कृष्णा पवार (32) के तीन दोस्त गहरे पानी में चले और अचानक डूबने लगे। कृष्णा ने दो दोस्तों को बचा लिया, लेकिन खुद डूब गया।

**कांतारा 2: शूटिंग के दौरान नाव पलटी, 30 बचाए गए**



**नई दिल्ली।** ऋषभ शेट्टी की कन्नड़ फिल्म 'कंतारा 2' की शूटिंग के दौरान एक नाव पलट गई। हादसे में अभिनेता-निर्देशक ऋषभ शेट्टी और 30 क्रू सदस्य सुरक्षित बच गए हैं। पुलिस ने ये जानकारी दी है। उनके मुताबिक यह घटना शिवमोगा जिले के मस्ती कट्टे क्षेत्र में मणि जलाशय में फिल्मांकन के दौरान हुई।

**आकाशीय बिजली गिरने से सात लोगों की मौत**



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज, संभल और बिजनौर जिलों में रविवार को आकाशीय बिजली गिरने से कुल सात लोगों की मौत हो गयी और कई अन्य घायल हो गये। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। प्रयागराज के यमुना नगर इलाके में कथित तौर पर आकाशीय बिजली गिरने से एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई।

जीपीएस से ट्रैकिंग और ड्रोन से निगरानी

## कूनो नेशनल पार्क से निकले 5 चीते, मुरैना हाईवे पर दिखे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुरैना




■ सामने आया वीडियो ग्रामीण दहशत में

कूनो नेशनल पार्क के बाड़े से निकलकर चीते खुले जंगलों की ओर रुख कर चुके हैं। जौरा इलाके में उस वक्त लोगों के होश उड़ गए जब उन्होंने अपने सामने जंगल में चीते को सड़क पार करते देखा गया। ये कोई एक या दो नहीं, बल्कि पूरे 5 चीते थे। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा एक वीडियो साफ दिखाता है कि कैसे ये चीते नेशनल हाईवे पार कर पगारा डैम की तरफ बढ़ रहे हैं। बीते कुछ दिनों में ये चीते लगातार पार्क की सीमा तोड़कर बाहर के इलाकों की ओर भागते नजर आ रहे हैं। मुरैना जिले की सीमा में यह पहली बार है ।

मस्क के न्यूरालिंक डिवाइस ने किया कमाल!

## ब्रेन चिप के जरिए बंदर ने देखा काल्पनिक दृश्य, इंसान पर भी टेस्ट

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



■ यह तकनीक दृष्टिहीन लोगों के लिए वरदान होगी

एलन मस्क की कंपनी न्यूरालिंक ने एक नई तकनीक के जरिए एक बंदर को ऐसी चीजें देखने में सक्षम बना दिया जो वास्तव में वहां नहीं थीं। यह तकनीक दृष्टिहीन लोगों को देखने की क्षमता देने की दिशा में बड़ा कदम मानी जा रही है। कंपनी ने एक ऐसे ब्रेन इम्प्लांट डिवाइस का सफल परीक्षण किया है, जो मस्तिष्क के विजुअल हिस्सों को उत्तेजित कर उस दृश्य की कल्पना करवा सकता है जो वहां असल में मौजूद नहीं है। इस तकनीक का नाम है ब्लाइंडसाइट और यह नेत्रहीनों को देखने की नई उम्मीद दे सकती है।

## संबंधित निर्माण एजेंसी पर कार्रवाई की मांग



**शिवपुरी में 80 करोड़ के निर्माणाधीन ओवरब्रिज का एक हिस्सा गिर गया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

■ छह मजदूर घायल, सिंधिया ने किया था भूमि पूजन

शिवपुरी शहर के पोहरी रोड पर बनाए जा रहे निर्माणाधीन ओवरब्रिज का हिस्सा अचानक शनिवार की रात को भरभराकर गिर गया। इस दौरान स्कूल निर्माण में काम करने वाले 6 मजदूर घायल हो गए। सभी घायल मजदूरों को शिवपुरी के जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है।

भारी भीड़ को देखते हुए लिया फैसला

महाकाल मंदिर में बदली दर्शन व्यवस्था

## नंदी हॉल में आम भक्तों की एंट्री बंद सिर्फ मोस्ट वीआईपी ही 'जा' सकेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन

महाकाल मंदिर में ग्रीष्म अवकाश और शनिवार-रविवार की छुट्टियों के चलते श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। इसे देखते हुए मंदिर प्रशासन ने रविवार को नंदी हॉल में आम भक्तों की एंट्री बंद कर दी है। अब सिर्फ मोस्ट वीआईपी को ही नंदी हॉल में दर्शन की अनुमति दी जा रही है, जबकि सामान्य श्रद्धालुओं को गणेश मंडपम के सामने से दर्शन कराए जा रहे हैं। भीड़ को कंट्रोल करने के लिए मंदिर प्रशासन ने वर्तमान में चलायमान (मूविंग दर्शन) व्यवस्था लागू की है।





**ऐसी है मंदिर की दर्शन व्यवस्था**

अब भक्त महाकाल लोक, मानसरोवर फैसिलिटी सेंटर से होकर महाकाल टनल-1 से गुजरते हुए गणेश मंडपम तक पहुंचते हैं। यहां लगाए गए बेरिकेड्स के जरिए भगवान महाकाल के दर्शन कर, फिर पालकी हॉल होते हुए एंबुलेंस गेट से बाहर निकलते हैं। इसके अलवा गेट नंबर 1 से एंट्री करने वाले श्रद्धालु कार्तिकेय मंडपम के रास्ते गणेश मंडपम पहुंचते हैं।

भोपाल के रातीबड़ इलाके में आकाशीय बिजली गिरने से बच्चे की मौत

मानसूनी करंट में और आएगी तेजी, 19 से 20 जून के बीच प्रदेश में एंट्री की उम्मीद


## लू गायब: 11 डिग्री तक गिरा पारा, 2 दिन में 4 डिग्री और गिरेगा, भोपाल सहित कई जिलों में आंधी व बारिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर के अधिकांश जिलों में रविवार से प्री-मानसून बारिश रफ्तार पकड़ रही है। इससे अब लू का असर खत्म हो चुका है। रविवार को भोपाल सहित अधिकांश जिलों में दिन और रात का पारा तेजी से गिरा।

दिन का तापमान 3 से 11 डिग्री तक गिरने से तेज गर्मी से राहत रही। भोपाल में पारा 4.6 डिग्री गिरकर 35.6 और रात का 5 डिग्री की कमी के साथ 24 डिग्री रहा। सर्वाधिक गिरावट नरसिंहपुर में 11.6 डिग्री की रही। यहां अधिकतम तापमान 30 डिग्री रहा।

**छिंदवाड़ा, दमोह, खजुराहो, नौगांव, गुना, ग्वालियर, नर्मदापुरम में पारा 5 से 7 डिग्री तक गिरा है। इन जिलों के रात के तापमान में भी 3 डिग्री तक कमी आई है। प्रदेश में अगले 2 दिन में 3 से 4 डिग्री तक पारा और गिरेगा।**



मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अरब सागर और बंगाल की खाड़ी सक्रिय होने से अब दोनों ब्रांच से नमी आने का सिलसिला शुरू हो रहा है, जिससे पूरी उम्मीद है कि 19 से 20 जून के बीच दक्षिण पश्चिम मानसून की प्रदेश में एंट्री हो सकती है। सोमवार को मानसून की लाइन छत्तीसगढ़ में और आगे बढ़ेगी, जबकि खाड़ी में सभी परिस्थितियां अनुकूल होने से मानसूनीकरंट अब जारी रहने की संभावना है।

**कई जिलों में आंधी-बारिश**

रविवार को सुबह से देर शाम के बीच भोपाल से सटे हिस्सों के साथ ही शहर के कुछ हिस्सों में बादल के साथ बौछारें पड़ीं। बैतूल, सिवनी, अनुपपुर, सागर, शहडोल, नरसिंगपुर और पांढुर्णा में आंधी के साथ बारिश हुई। सीहोर, गुना, देवास, बड़वानी, पचमढ़ी, खरगोन, झाबुआ, धार, नीमच के अलावा मंदसौर, उज्जैन, इंदौर, हरदा, खंडवा, रायसेन, सिंगरौली, डिंडोरी, मंडला, छिंदवाड़ा, बालाघाट और जबलपुर में भी देर शाम आंधी के साथ बारिश दर्ज की गई।

# महाराष्ट्र के कई हिस्सों में भारी बारिश ने ली 8 लोगों की जान

## अधिकारियों ने बताया 10 लोग घायल हो गए, सेना ने संभाला मोर्चा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र के कई हिस्सों में भारी बारिश के चलते रविवार को 8 लोगों की मौत हो गई, जिनमें से अधिकतर की मौत बिजली गिरने से हुई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मौसम विभाग ने रत्नागिरि और रायगढ़ जैसे तटीय जिलों के लिए 'रेड अलर्ट' और पालघर, ठाणे, सिंधुदुर्ग तथा पुणे, सातारा और कोल्हापुर के घाट के लिए 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया है। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की टीम राहत एवं बचाव कार्यों के लिए तैनात की गई हैं। अधिकारियों ने बताया कि राज्य के विभिन्न हिस्सों में आठ लोगों की जान गई है और दस लोग घायल हुए हैं।

### तटीय जिलों के लिए 'रेड अलर्ट'

मौसम विभाग ने रत्नागिरि और रायगढ़ जैसे तटीय जिलों के लिए 'रेड अलर्ट' और पालघर, ठाणे, सिंधुदुर्ग तथा पुणे, सातारा और कोल्हापुर के घाट के लिए 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया है। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की टीम राहत एवं बचाव कार्यों के लिए तैनात की गई हैं।



बारिश ने राहत के साथ ही बरसाई आफत

### जगबुड़ी नदी चेतावनी स्तर से ऊपर बह रही

मुंबई, सिंधुदुर्ग, धुले, नासिक, संभाजीनगर, नंदुरबार और अमरावती में मौत की घटनाएं हुईं, जिनमें से अधिकतर मौत आसमानी बिजली गिरने के कारण हुईं। कोंकण क्षेत्र की प्रमुख नदियों में रत्नागिरि जिले की जगबुड़ी नदी चेतावनी स्तर से ऊपर बह रही है। आपदा प्रबंधन रिपोर्ट में कहा गया है यदि जलस्तर और बढ़ता है तो नदी के किनारे बसे खेड़, अलसुरे, चिंचघर और प्रभुवाडी गांव प्रभावित हो सकते हैं।

### रत्नागिरि में सबसे अधिक 88.1 मिमी वर्षा दर्ज

राज्य आपदा प्रबंधन विभाग की रिपोर्ट के अनुसार बीते 24 घंटे में पूर्वाह्न 11 बजे तक रत्नागिरि में सबसे अधिक 88.1 मिमी वर्षा दर्ज की गई। इसके बाद रायगढ़ में 65.3 मिमी, सिंधुदुर्ग में 43.8 मिमी, ठाणे में 29.6 मिमी और यवतमाल में 27.5 मिमी वर्षा हुई।

### समुद्र से उठेंगी लहरें

*मौसम विभाग की मानें तो रविवार को समुद्र में 4.27 मीटर की ऊंचाई तक लहरें उठीं।अधिकारियों ने बताया कि सोमवार रात 2 बजकर 37 मिनट पर 3.55 मीटर तक की लहरें और सुबह 8 बजकर 20 मिनट पर 1.06 मीटर की निम्न स्तर की लहरें उठने का पूर्वानुमान है।*

### आईएमडी ने चेतावनी जारी की





### कई राज्यों में बारिश से बढ़ेगी मुश्किलें, सावधान रहें

देशभर में चिलचिलाती गर्मी और हीटवेव से बेहाल लोगों के लिए राहत की खबर है। मॉनसून ने अब कई राज्यों में दस्तक दे दी है और पहले ही झमाझम बारिश से मौसम सुहाना हो गया है। लेकिन फुहारों के साथ ही कुछ इलाकों में मुश्किलें भी बढ़ गई हैं। भारतीय मौसम विभाग ने देश के कई हिस्सों के लिए येलो, ऑरेंज और रेड अलर्ट जारी किया है। कहीं बादल जमकर बरस रहे हैं, तो कहीं तेज हवाओं और धूल भरी आंधियों ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। केरल, गोवा, तमिलनाडु और कर्नाटक के तटीय क्षेत्रों में मूसलाधार से जलभराव और पेड़ गिरने जैसी घटनाएं सामने आ रही हैं। वहीं राजस्थान, पंजाब और हरियाणा में गर्म हवाएं और लू अभी भी लोगों को परेशान कर रही हैं। ऐसे में जरूरी है कि लोग अलर्ट रहें और मौसम विभाग के निर्देशों का पालन करें।

## खबर संक्षेप

### अमेरिकी महावाणिज्य दूतावास को बम की धमकी

**मुंबई।** यहां के बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स (बीकेसी) स्थित अमेरिकी महावाणिज्य दूतावास कार्यालय को फोन कर परिसर में बम धमाका करने की धमकी दी गई, लेकिन तलाशी के बाद वहां कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। बीकेसी पुलिस ने बताया कि महावाणिज्य दूतावास को शनिवार रात अज्ञात व्यक्ति का धमकी वाला फोन आया था।



### मुंबई में हुक्का पार्लर पर छापा, 24 गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई पुलिस ने रविवार तड़के पूर्वी उपनगर में एक हुक्का पार्लर पर छापा मारा और 24 लोगों को गिरफ्तार कर लिया।गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस की एक टीम ने घाटकोपर-मानखुर्द लिंक रोड पर छेदा नगर जंक्शन स्थित पार्लर पर छापा मारा। प्रबंधक, मालिक व ग्राहकों समेत 24 लोगों को गिरफ्तार किया गया।



### ओडिशा के खोरधा में बस पलटी, 7 घायल

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के खोरधा जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग 16 पर रविवार दोपहर एक यात्री बस के पलट जाने से कम से कम 7लोग घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि बस भुवनेश्वर से गंजाम जिले के अस्का जा रही थी और बस में 40 से अधिक यात्री सवार थे। पुलिस ने बताया कि बस पीतापल्ली के निकट पलट गई।



### भाजपा सांसद अभिजीत गंगोपाध्याय आईसीयू में

**कोलकाता।** भाजपा के सांसद अभिजीत गंगोपाध्याय को बेचैनी की शिकायत के बाद यहां एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां उनकी हालत गंभीर, लेकिन स्थिर है। हाईकोर्ट के पूर्व जज गंगोपाध्याय को शनिवार को उल्टी पेट में दर्द की शिकायत के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था।



## मथुरा में इमारत ढहने से बड़ा हादसा



# खुदाई के दौरान टीले पर बने मकान ढहे, 12 दबे, 3 की मौत

एजेंसी ▶▶ मथुरा

उत्तर प्रदेश के मथुरा में इमारत ढहने से बड़ा हादसा हो गया। खुदाई के काम के दौरान टीला भरभरा कर गिर गया। इससे एक मकान गिरने से 3लोगों की मौत हो गई। हालांकि हादसों के सही कारणों का पता नहीं चल पाया है। मलबे में फंसे अन्य सभी को बचाने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है। अब तक 4को बाहर निकाले गए हैं। मौके पर अधिकारी, पुलिस और एनडीआरएफ की टीम पहुंच गई है। मलबा हटाने और लोगों को निकाला जा रहा है। जेसीबी ने राहत शुरू कर दिया गया है। मसानी के निकट कच्ची सड़क स्थित एक टीले पर मकान बने हुए हैं। इस टीले के सहित एक मकान गिर पड़ा। तेज आवाज होने पर वहां हड़कंप मच गया।

### मलबा हटाने जेसीबी की मदद ली

पुलिस मौके पर पहुंची। उधर जिलाधिकारी सीपी सिंह और एसएसपी श्लोक कुमार भी पहुंचे। आगरा से एसडीआरएफ की टीम बुला ली गई। जेसीबी से मलवा हटाना शुरू किया तो तीन लोग दबे निकले। इनमें एक बच्ची, एक किशोरी और एक पुरुष थे। तीनों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस घटना में शाहगंज दरवाजा, कच्ची सड़क निवासी तुलाराम , गौतम पाड़ा वृंदावन निवासी काजल और गौतम पाड़ा वृंदावन निवासी यशोदा की मौत हुई है।टीमें फिलहाल मलबे को हटाने और फंसे हुए लोगों का पता लगाने के लिए काम कर रही हैं। सीओ सिटी भूषण वर्मा ने कहा कि हमें सूचना मिली कि मसानी थाना क्षेत्र में एक इमारत ढह गई है।

### कारणों के बारे में पता लगाया जा रहा

बताया जा रहा खुदाई के दौरान कम से कम 6 घर ढह गए हैं। हालांकि मौके पर मौजूद अधिकारियों का कहना है कि अभी कितने मकान गिरे हैं इसका पता लगाया जा रहा है। साथ ही अधिकारियों ने मकान गिरने के कारणों के बारे में कहा कि कारणों की पुष्टि नहीं है।

## पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर हादसा

# एंबुलेंस पिकअप से टकराई पांच लोगों की दर्दनाक मौत

एजेंसी ▶▶ समस्तीपुर

पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे पर रविवार सुबह सड़क हादसे में एंबुलेंस सवार 5 लोगों की मौत हो गई। यह दुर्घटना बाजार शुकुल क्षेत्र के चौरा गांव के पास माइल स्टोन संख्या 59.70 पर सुबह करीब 5.30 बजे हुई। हरियाणा के फिरोजपुर के अशोक शर्मा के शव को लेकर बिहार के समस्तीपुर स्थित पैतृक गांव ले जाया जा रहा था। एंबुलेंस में उनके बेटे राजकुमार शर्मा, रवि, रिश्तेदार फुलो शर्मा, हथौड़ी और पुरनाही गांव निवासी शंभू राय सवार थे।



### अमेठी में सड़क हादसे में 5 घायल

अमेठी। अमेठी जिले में सड़क हादसे में 5श्रद्धालु घायल हो गए। कमरौली थाना क्षेत्र में लखनऊ-वाराणसी राजमार्ग पर सिरियारी गांव के पास एक स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल (एसयूवी), कार और ट्रैक्टर की टक्कर हो गई।

## अहमदाबाद विमान हादसे ने देश को झकझोरा

12 जून को एयर इंडिया दुर्घटनाग्रस्त

# गुजरात के पूर्व सीएम विजय रूपाणी का डीएनए मैच, परिवार को दी जानकारी

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

गुजरात के गृह मंत्री हर्ष संघवी ने कहा कि गुजरात के पूर्व सीएम विजय रूपाणी की 12 जून को अहमदाबाद में एअर इंडिया दुर्घटना के दौरान मृत्यु हो गई। रविवार सुबह करीब 11:10 बजे उनका डीएनए मैच हो गया है। उन्होंने कई वर्षों तक राज्य के लोगों के लिए काम किया। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री ऋषिकेश पटेल ने बताया कि मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने रूपाणी के परिवार के सदस्यों से मुलाकात की और उन्हें डीएनए मिलान के बारे में जानकारी दी।

### ब्लैक बॉक्स की पड़ताल की जा रही



अहमदाबाद के नगर आयुक्त बंछा निधि पाणि ने कहा कि ऑपरेशन के दौरान ब्लैक बॉक्स को बरामद करना था। सौभाग्य से इस मामले में पिछला हिस्सा नष्ट नहीं हुआ था और यह पहली इमारत में ही अटका हुआ था। एएआईबी टीम ने अनुरोध किया कि ब्लैक बॉक्स को बरामद करने के लिए क्रेन, मजदूर और इंजीनियर उपलब्ध कराए जाएं। अब इसकी बारीकी से जांच पड़ताल की जा रही है।

### डीएनए से अब तक 45 पीड़ितों की पहचान की गई

अहमदाबाद में लंदन जा रहे एयर इंडिया के विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के 3 दिन बाद अधिकारियों ने डीएनए परीक्षण के माध्यम से अब तक 45 पीड़ितों की पहचान की है और शव उनके परिवारों को सौंप दिए गए हैं।





**ट्रंप ने कहा हमले मे यूएस की भूमिका नहीं**

# परमाणु समझौता रद्द होने के बाद भड़का अमेरिका, ट्रंप बोले अगर हमला हुआ तो आप पर पूरी ताकत से टूट पड़ेगी सेना

एजेंसी ▸▸ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को ईरान को कड़ी चेतावनी दी। ट्रंप ने कहा कि अगर ईरान ने कोई दुस्साहस किया तो अंजाम ऐसा होगा, जो उसने न तो पहले कभी देखा होगा और न ही कभी सोचा होगा। ट्रंप की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब इजराइल ने तेहरान में ईरान के रक्षा मंत्रालय के मुख्यालय को निशाना बनाया। इजराइल ने शनिवार को ईरान के बुशहर प्रांत में साउथ पारस गैस फील्ड से जुड़ी एक प्राकृतिक गैस प्रसंस्करण इकाई पर भी हमला किया। यह कहते हुए कि ईरान पर इजराइल के हमलों में अमेरिका की कोई भूमिका नहीं थी, ट्रंप ने दावा किया कि वह ईरान और इजराइल के बीच आसानी से समझौता करवा सकते हैं और इस संघर्ष को रुकवा सकते हैं। इससे पहले रविवार को ईरान ने तेहरान और वाशिंगटन डीसी के बीच परमाणु वार्ता के छठे दौर को रद्द कर दिया था।



### नेतन्याहू बोले- जीत मिलने तक जारी रहेगी जंग

इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने देश को संबोधित करते हुए कहा कि हम अपने अस्तित्व के लिए एक भीषण संघर्ष में हैं। हम तब तक लड़ेंगे जब तक हमें जीत हासिल नहीं हो जाती। उन्होंने कहा कि बहुत जल्द आप तेहरान के आसमान पर इजराइली वायु सेना के जेट विमानों को देखेंगे। हम अयातुल्ला शासन की हर जगह और हर टारगेट पर हमला करेंगे।

### ईरान की मिसाइलों को रोकने के लिए ढाल बन रहा अमेरिका

*इजराइल और ईरान की जंग में अमेरिका खुलकर नेतन्याहू के साथ खड़ा हो गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान की ओर से इजरायल पर दागी जा रही मिसाइलों को अमेरिका रोकने में मदद कर रहा है। अमेरिका के एक वरिष्ठ अधिकारी ने पहचान उजागर नहीं करने की शर्त पर बताया कि इस जंग में अमेरिका खुलकर इजराइल की मदद कर रहा है। बता दें कि दोनों देशों के बीच तनाव चरम पर है और हमले अभी भी जारी हैं। इजराइल ने स्पष्ट किया है कि जब तक ईरान का परमाणु खतरा खत्म नहीं होता ऑपरेशन राइजिंग लॉयन जारी रहेगा। ईरान ने जवाबी हमलों की चेतावनी दी है और अपनी बैलिस्टिक मिसाइल क्षमता को और बढ़ाने की योजना बनाई है।*

### क्या है अमेरिका और ईरान परमाणु समझौता

*अमेरिका-ईरान परमाणु समझौता, जिसे जॉइंट कॉम्प्रिहेंसिव प्लान ऑफ एक्शन (जेसीपीओए) के रूप में जाना जाता है। यह 2015 में ईरान और पी 5+1 देशों (अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, रूस, चीन, और जर्मनी) के बीच हुआ एक ऐतिहासिक समझौता है। इसका मुख्य उद्देश्य ईरान के परमाणु कार्यक्रम को सीमित करना और यह सुनिश्चित करना था कि ईरान परमाणु हथियार विकसित न कर सके, बदले में ईरान पर लगे आर्थिक प्रतिबंधों को हटाया जाए।लेकिन 2018 में ट्रंप अपने पहले कार्यकाल के दौरान इस डील से बाहर निकल आए थे। इस डील के तहत की ईरान के न्यूक्लियर प्रोग्राम को सीमित रखा जा रहा था।*

परमाणु वार्ता का कोई मतलबः ईरान ईरान इजरायल युद्ध के बीच परमाणु वार्ता को लेकर अब बड़ी खबर सामने आई है। ओमान की राजधानी मस्कट में रविवार को अमेरिका संग होने वाली न्यूक्लियर वार्ता रद्द कर दी गई है। ओमान के विदेश मंत्री बद्र अल्बुसैदी ने शनिवार को एक्स पर पोस्ट कर ये जानकारी दी है। ईरान और अमेरिका के बीच न्यूक्लियर बातचीत को लेकर ओमान मध्यस्थता कर रहा था। घंटों पहले ही ईरान के एक वरिष्ठ मंत्री ने कहा था कि देश पर इजरायली हमलों के बाद अब अमेरिका के साथ आगे की परमाणु वार्ता का कोई मतलब नहीं बनता।



## खबर संक्षेप

### अमेरिका में डाउन हुई एक्स की सेवा,शिकायत



**वॉशिंगटन।** एलन मस्क का सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स शनिवार को कई अमेरिकी यूजर्स के लिए डाउन हो गया था। यह अभी तक पूरी तरह से ठीक नहीं हुआ है। आउटेज ट्रैकिंग वेबसाइट के अनुसार अमेरिका की कई लोग चाहकर भी एक्स का इस्तेमाल नहीं कर पा रहे हैं। शाम 06:07 बजे से एक्स डाउन हो गया है, लेकिन कुछ ही यूजर्स के लिए। लगभग 6,700 लोगों ने एक्स के डाउन होने की शिकायत दर्ज की है। डाउनडिटेक्टर के ये नंबर यूजर्स के द्वारा दर्ज की गई शिकायतों के आधार पर हैं।

### एलजी ने आदिल की पत्नी को सौंपा नियुक्ति पत्र



**जम्मू।** उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने पहलगाम आतंकी हमले में जान गंवाने वाले आदिल शाह की पत्नी गुलनाज अख्तर को सरकारी नौकरी का नियुक्ति पत्र सौंपा। उपराज्यपाल ने खुद अनंतनाग के हापतनाड गांव पहुंचकर गुलनाज को मत्स्य विभाग में अस्थायी नियुक्ति का पत्र सौंपा। उपराज्यापाल ने गुलनाज अख्तर की नियुक्ति अपनी असाधरण शक्तियों का प्रयोग करते हुए की है। ये शक्तियां उन्हें जम्मू-कश्मीर पुनर्वास सहायता योजना, 2022 के खंड-2 ए के अंतर्गत प्राप्त हैं।

### सीमा पर सतर्कता बढ़ी संदिग्ध की तलाश जारी



**जम्मू।** पुंछ जिले की मंडी तहसील में नियंत्रण रेखा के पास स्थित सावजियां सेक्टर के कई क्षेत्रों में सुरक्षाबलों द्वारा व्यापक तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। यह अभियान क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियों की सूचना के बाद शुरू किया गया। तलाशी अभियान में जम्मू-कश्मीर पुलिस, सेना और अन्य अर्धसैनिक बल शामिल हैं। सुरक्षाबलों ने जंगलों, घने इलाकों और सीमावर्ती गांवों में तलाशी ली। बता दें कि यहां सीमा क्षेत्रों में संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिलना पर भारतीय जवानों ने सतर्कता शुरु कर दी और तलाशी के साथ पूछताछ शुरु कर दी है।

**पेरिस में** रणनीतिक समुदाय से मिले विदेश मंत्री



## आतंकवाद के खिलाफ फ्रांस का समर्थन सराहनीयः जयशंकर

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को फ्रांस की अपनी चार दिवसीय यात्रा पूरी की। साथ ही पेरिस में रणनीतिक मामलों से जुड़े विशेषज्ञों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने वैश्विक स्तर पर हो रहे संतुलन बदलाव, डेटा, तकनीक और ऊर्जा के बढ़ते महत्व पर चर्चा की। भारत और यूरोप के बीच मजबूत साझेदारी की बड़ी संभावनाएं हैं। जयशंकर ने इस मुलाकात को सुखद अनुभव बताया और इसे दोनों पक्षों के बीच विचार-विमर्श और सहयोग को आगे बढ़ाने वाला बताया। अपने फ्रांस दौरे के दौरान जयशंकर ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के लिए फ्रांस के मजबूत समर्थन की सराहना की। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और विदेश मंत्री जीन-नोएल बैरो से मुलाकात की। इन बैठकों में दोनों देशों के बीच भरोसे, सहयोग और साझा लक्ष्यों को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। इस यात्रा के दौरान भारत और फ्रांस ने 'हॉराइजन 2047 रोडमैप' और 'डिफेंस इंडस्ट्रियल रोडमैप' को पूरी तरह लागू करने पर सहमति जताई। इन योजनाओं के जरिए रक्षा, सुरक्षा, अंतरिक्ष और आतंकवाद के खिलाफ सहयोग को मजबूत किया जाएगा।

### भारतीय पांडुलिपियों को भी देखा

*पुस्तकालय का दौरा कर वहां मौजूद भारतीय पांडुलिपियों का अवलोकन किया और सांस्कृतिक विरासत संरक्षण में सहयोग बढ़ाने पर बातचीत की। इसके साथ ही उन्होंने मार्से में आयोजित पहले 'मेडिटेरेनियन रईसिना डायलॉग' में हिस्सा लिया और वैश्विक भू-राजनीतिक मुद्दों पर विचार साझा किए। जयशंकर ने फ्रांस की राष्ट्रीय पुस्तकालय का दौरा भी किया।*

### तकनीक, व्यापार समेत कई मुद्दों पर दिया जोर

दोनों पक्षों ने तकनीक, नवाचार, व्यापार, स्वास्थ्य, शिक्षा, निवेश, जीवन विज्ञान, संग्रहालय सहयोग और लोगों के बीच संबंधों जैसे उभरते क्षेत्रों में सहयोग की प्रगति पर संतोष जताया। उन्होंने इंडो-पैसिफिक क्षेत्र सहित वैश्विक मुद्दों पर फ्रांसीसी नेतृत्व के साथ विचार साझा किए और भारत-फ्रांस के दृष्टिकोण में समानता पर बल दिया।

### मोदी जी-7 शिखर सम्मेलन के लिए कनाडा जाने से पहले साइप्रस पहुंचे

## भारत के लिए बेहद खास है साइप्रस की यात्रा दोनों देशों के पुराने और भरोसेमंद रहे हैं संबंध

**पीएम मोदी** और साइप्रस के राष्ट्रपति के बीच आधिकारिक बातचीत आज

**भारत-साइप्रस** के रिश्ते से तुर्किए खुश तो नहीं होगा

एजेंसी ▸▸ लिमासोल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने तीन देशों के दौरे के पहले चरण में साइप्रस पहुंचे। हवाई अड्डे पर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। यह दौरा कूटनीतिक नजरिए से बेहद अहम माना जा रहा है, खासकर ऐसे समय में जब भारत वैश्विक मंच पर अपनी रणनीतिक भूमिका को मजबूत कर रहा है।

प्रधानमंत्री मोदी का यह दौरा सिर्फ औपचारिकता नहीं, बल्कि भारत की वैश्विक रणनीतिक सोच का हिस्सा है। साइप्रस जैसे छोटे लेकिन रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण देशों के साथ संबंधों को मजबूत करना भारत की विदेश नीति में 'मल्टी एलायंस डिप्लोमेसी' की दिशा में एक अहम कदम है। बहरहाल, माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा से नई दिल्ली और निकोसिया के रिश्तों में बदलाव आएगा।

### समझौतों पर हस्ताक्षर करेंगे पीएम मोदी

साइप्रस 1 जनवरी से यूरोपीय संघ परिषद की अध्यक्षता संभालेगा। यह भी निश्चित है कि पीएम मोदी साइप्रस के साथ कई समझौतों पर हस्ताक्षर करेंगे। दो दशकों में यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री की साइप्रस की पहली यात्रा है। राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस और नरेंद्र मोदी के बीच आधिकारिक बातचीत सोमवार को होगी। पीएम मोदी को राष्ट्रपति भवन में औपचारिक रूप से स्वागत किया जाएगा। हवाई अड्डे पर स्वागत के बाद, मोदी और क्रिस्टोडौलिडेस लिमासोल में साइप्रस और भारत के व्यापारियों की बैठक में भाग लेंगे।

### 2002 में तत्कालीन पीएम वाजपेयी गए थे साइप्रस

मोदी की यह यात्रा क्रिस्टोडौलिडेस के निमंत्रण पर हो रही है। इससे पहले राष्ट्रपति निकोस अनास्तासियादेस ने आठ साल पहले भारत का दौरा किया था। राष्ट्रपति तासोस पापाडोपोलोस ने 2006 में भारत का दौरा किया था। आखिरी बार अटल बिहारी वाजपेयी ने किसी भारतीय प्रधानमंत्री के रूप में 2002 में साइप्रस का दौरा किया था। तुर्की भारत के साथ बढ़ते संबंधों से खुश नहीं है। मोदी जी 7 शिखर सम्मेलन के लिए कनाडा जाने से पहले साइप्रस पहुंचे हैं। पाकिस्तान के साथ बढ़ते मनमुटाव के बाद यह भारतीय प्रधानमंत्री की पहली विदेश यात्रा है। इसे तुर्किए के रवैए को देखते हुए महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि अंकारा इस्लामाबाद का समर्थन करता है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान स्थिति आतंकी ठिकानों पर मिलिट्रि एक्शन यानी ऑपरेशन सिंदूर चलाया, जिस दौरान तुर्किये ने पाक का खुलकर समर्थन किया।



### इसलिए पीएम मोदी गए हैं साइप्रस

***▸▸ पुराने और भरोसेमंद राजनीतिक संबंध***
*भारत और साइप्रस के रिश्ते 1960 के दशक से मजबूत रहे हैं। साइप्रस ने हमेशा भारत के प्रमुख मुद्दों खासकर जम्मू-कश्मीर पर भारत के पक्ष को समझा और समर्थन किया है। दोनों देश गुटनिरपेक्ष आंदोलन (एनएएम) के सक्रिय सदस्य रहे हैं।*

***▸▸ व्यापार और निवेश का पुल***
*साइप्रस, यूरोपीय संघ का सदस्य है और इसका टैक्स ढांचा भारत के निवेशकों को आकर्षित करता है। भारत और साइप्रस के बीच डबल टैक्स अवाइडेंस एग्रीमेंट लागू है, जिससे टैक्स में राहत मिलती है। कई भारतीय कंपनियां साइप्रस को यूरोपीय और पश्चिम एशियाई बाजार में एंट्री पॉइंट के रूप में इस्तेमाल करती हैं।*

***▸▸ रणनीतिक स्थान***
*साइप्रस पूर्वी भूमध्य सागर में स्थित है और यूरोप, पश्चिम एशिया और अफ्रीका के त्रिकोण पर आता है। यह भारत के लिए रणनीतिक दृष्टिकोण से बेहद महत्वपूर्ण है। खासकर समुद्री सुरक्षा, ऊर्जा परिवहन और कूटनीतिक पहुंच के लिहाज से।*

***▸▸ शिक्षा और सांस्कृतिक जुड़ाव***
*साइप्रस में बड़ी संख्या में भारतीय छात्र उच्च शिक्षा विशेषकर मेडिकल और हॉस्पिटैलिटी की पढ़ाई कर रहे हैं। भारतीय संस्कृति, योग और बॉलीवुड का प्रभाव साइप्रस में लगातार बढ़ रहा है।*

***▸▸ रक्षा और सुरक्षा सहयोग की संभावनाएं***
*भारत और साइप्रस के बीच समुद्री सुरक्षा, साइबर सुरक्षा और आतंकवाद विरोधी सहयोग में साझेदारी की संभावना को बढ़ावा देने की उम्मीद है।*

## फ्यूल की कमी से नहीं लौट पाया विमान

### तिरुवनंतपुरम में ब्रिटेन के लड़ाकू विमान एफ-35 की इमरजेंसी लैंडिंग



*तिरुवनंतपुरम। ब्रिटिश रॉयल एयरफोर्स के फाइटर जेट एफ-35 की शनिवार रात केरल के तिरुवनंतपुरम इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग हुई। इस घटना पर भारतीय वायुसेना ने रविवार को कहा कि उसे इसकी पूरी जानकारी है और उसने फ्लाइट सुरक्षा कारणों से विमान को उतरने में मदद की। खबरों के मुताबिक एफ-35 ने हिंद महासागर में एक सॉर्टी के लिए एयरक्राफ्ट कैरियर से उड़ान भरी, लेकिन फ्यूल कम होने के कारण इसने इमरजेंसी लैंडिंग की।*

### ऑस्ट्रेलिया में हुई घटना

## भारतीय मूल के व्यक्ति की पुलिसकर्मी ने घुटने से दबाई थी गर्दन,फिर हुई मौत

एजेंसी ▸▸ मेलबर्न



ऑस्ट्रेलिया में पुलिस के एक अधिकारी द्वारा गिरफ्तार करने का प्रयास करते समय गर्दन को कथित तौर पर घुटने से दबाने की वजह से लगी चोट के बाद अस्पताल में भर्ती 42 वर्षीय भारतीय मूल के व्यक्ति की मौत हो गई। रविवार को जारी मीडिया की खबर से यह जानकारी मिली। खबर के अनुसार, एडिलेड के मोडबरी नॉर्थ में रहने वाले गौरव कुंदी की

### झगड़े के आरोप में पुलिस ने पकड़ा था

*कुंदी को कुछ दिन पहले दिमागी चोट के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पुलिसकर्मी ने रॉयस्टन पार्क में पेनहैम रोड पर कुंदी को गिरफ्तार करने का प्रयास किया था। पुलिसकर्मी ने आरोप लगाया था कि उसने कुंदी और एक महिला के बीच 'झगड़ा' होते हुए देखा था। घटना से जुड़े एक वीडियो में पुलिसकर्मी को कुंदी से साथ जबरदस्ती करते हुए देखा जा सकता है जबकि वह और उनकी पत्नी अमृतपाल कौर पुलिस की इस हरकत का चीख-चीखकर विरोध कर रहे थे।*

### आतंकी अर्श डल्ला ने की थी बड़ी प्लानिंग

## पंजाब में टारगेट किलिंग की साजिश नाकाम, दो गुर्गे गिरफ्तार

एजेंसी ▸▸ मोहाली

स्टेट स्पेशल ऑपरेशंस सैल ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए कनाडा में बैठे कुख्यात आतंकी अर्श डल्ला द्वारा रची गई टारगेट किलिंग की साजिश को विफल कर दिया है।

इस अभियान के दौरान पुलिस ने दो मुख्य गुर्गों कवलजीत सिंह निवासी धर्मकोट और नवदीप सिंह उर्फ हनी निवासी बड्डूवाल को गिरफ्तार किया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि दोनों आरोपित अर्श डल्ला के निर्देशों पर प्रतिद्वंद्वी गिरोहों के सदस्यों और फिरौती के लक्ष्यों को निशाना बनाने की योजना



बना रहे थे। समय रहते मिली खुफिया जानकारी के आधार पर की गई इस कार्रवाई से एक संगठित हत्या मॉड्यूल का भंडाफोड़ हो गया और एक बड़ी आपराधिक घटना टल गई। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक जिगाना, .30 बोर पिस्तौल और 9 जिंदा कारतूस बरामद किए हैं।

### सिख ऑफ अमेरिका के संस्थापक ने खालिस्तान समर्थकों को लताड़ा

## कमजोर पीएम थे ट्रूडो, उन्हीं के कार्यकाल में जमकर मिला खालिस्तानियों को समर्थन

एजेंसी ▸▸ वॉशिंगटन

सिख ऑफ अमेरिका के संस्थापक और अध्यक्ष जसदीप सिंह जेसी ने खालिस्तान समर्थकों को लताड़ा है। उन्होंने कनाडा के पूर्व पीएम जस्टिन ट्रूडो को सबसे कमजोर प्रधानमंत्री करार दिया। उन्होंने कहा कि ट्रूडो के कार्यकाल के दौरान खालिस्तानी समर्थन बढ़ा। यह नए पीएम मार्क कार्नी के नेतृत्व में कम हो जाएगा। उन्होंने कहा कि मार्क कार्नी के प्रधानमंत्री बनने के बाद मुझे लगता है कि खालिस्तानी समर्थन और खालिस्तानी प्रभाव जो हमने अतीत में देखा था, अब ऐसा नहीं होता। जस्टिन ट्रूडो अपने पिता की तरह ही एक बहुत ही कमजोर प्रधानमंत्री थे और उनके पास भारत के खिलाफ एक एजेंडा था, जो खत्म हो गया है। जेसी ने कहा कि अब कनाडा में खालिस्तानी प्रभाव नहीं है। खालिस्तानी आबादी का बहुत ही छोटा हिस्सा है।



■ अब अतीत में जा रहा खालिस्तानी प्रभाव

### खालिस्तान के नाम पर होता है अवैध कारोबार

कार्नी ने कहा कि खालिस्तानी आंदोलन के नाम पर दुष्ट तत्व हर तरह का अवैध व्यापार कर रहे हैं। हमने उन्हें मानव तस्करी में शामिल देखा है। जब सभी युवा जो डंकी मार्ग से इन विदेशी देशों में आ रहे थे, उन्हें गुरपतवंत सिंह पन्नू जैसे तथाकथित खालिस्तानी नेताओं द्वारा पीड़ित और हेरफेर किया जा रहा था। फिर जनमत संग्रह के लिए इस्तेमाल किया गया और उन्हें झूठे वादे दिए गए कि उन्हें राजनीतिक शरण मिलेगी और इस तरह की सभी चीजें।

### 'ऑपरेशन सिंदूर' के समर्थन में जनता ने भेजे थे भावनाओं से भरे पत्र

सेना ने दिल छू लेने वाले अंदाज में दिया जवाब

## नागरिकों ने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के लिए भारतीय सेना के प्रयासों को सलाम किया और दी ढेरों बधाइयां

एजेंसी ▸▸ हैदराबाद

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम स्थित बैसरन घाटी में 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के बाद भारत ने जवाबी कार्रवाई करते हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' सैन्य अभियान शुरू किया। करीब तीन से चार दिनों तक चले इस सैन्य अभियान के बाद दोनों देशों के बीच सीजफायर हुआ।


भारतीय सेना के इस अभियान का पूरे देश के लोगों ने समर्थन किया। देश के कई इलाके से लोगों ने भारतीय सेना को पत्र लिखकर ऑपरेशन सिंदूर अभियान के लिए आभार जताया। भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के लिए समर्थन और आभार व्यक्त करते हुए नागरिकों के पत्रों का संकलन साझा किया। रविवार को भारतीय सेना के अतिरिक्त लोक सूचना महानिदेशालय ने नागरिकों के संदेशों को संकलित करते हुए एक वीडियो सोशल मीडिया 'एक्स' पर साझा किया। पोस्ट शेयर करते हुए भारतीय सेना ने लिखा, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना के प्रति उनके अटूट समर्थन, गहरी प्रशंसा और कृतज्ञता को व्यक्त करते हुए नागरिकों के पत्रों का एक हार्दिक संकलन।

सेना ने पत्रों का संकलन कर वीडियो 'एक्स' पर साझा किया




पत्रों में दिखी झलक

### बस आपके साथ लड़ने का मौका दीजिए



रूपेश हरिश्चंद्र मेनकर नामक व्यक्ति लिखते हैं, मुझे कोई वेतन, मुआवजा, मान्यता या कोई प्रमाण पत्र नहीं चाहिए। मुझे सिर्फ आपकी अनुमति, वर्दी और पैदल सेना में देश के लिए लड़ने की अनुमति चाहिए। वैष्णु शंकर एस ने उस समय को याद किया जब उन्होंने कारगिल युद्ध के दौरान सशस्त्र बलों में सेवा की थी। उन्होंने लिखा, कारगिल युद्ध के दौरान, मुझे बेस अस्पताल श्रीनगर में बहादुरों की सेवा में अपना कंधा देते हुए स्वयंसेवक के रूप में सेवा करने का सम्मान मिला। उस अनुभव ने मेरी आत्मा पर एक अमिट छाप छोड़ी, और मैं चाहता हूं कि आप जान लें, सर, कि मेरे भीतर अपने देश की सेवा करने का जोश अभी भी प्रबल है। पारुल चैरिटेबल ट्रस्ट की अध्यक्ष और सीईओ पारुल सिंह ने सेना के लिए राशन, दवाइयां, कपड़े और वाहन के रूप में मदद की पेशकश की।

## खबर संक्षेप

### पैरामेडीकल स्टाफ की भर्ती में 37 जिलों को छोड़ा

**भोपाल।** पैरामेडीकल स्टाफ की भर्ती में 37 जिलों को छोड़ दिया गया है। इसको लेकर विवाद गहरा गया है। कोर्ट के आदेश पर यह प्रक्रिया अपनाई गई है, लेकिन स्वास्थ्य कमिश्नर द्वारा जो सूची जारी की गई है, उसमें सिर्फ मात्र 18 जिलों के नाम है। ग्रुप-5 के अंतर्गत वर्ष 2019 में यह परीक्षा कराई गई थी। मप्र स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के अध्यक्ष महादेव सिंह गोयल और प्रदेश महामंत्री रणवीर सिंह परिहार का कहना है कि स्वास्थ्य विभाग कमिश्नर तरूण राठी ने जो सूची जारी की है। उसमें सिर्फ 18 जिलों का नाम है।

### 90 डिग्री टर्न वाले ब्रिज पर किया पूजा-पाठ



**भोपाल।** राजधानी के ऐशबाग रेलवे ओवरब्रिज की हादसों को न्योता देने वाली 90 डिग्री मोड़ वाली डिजाइन के विरोध में कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला ने शनिवार को पंडितों के साथ जनता की सुरक्षा की कामना को लेकर पूजा-पाठ का आयोजन किया। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश में निर्माण कार्यों में व्याप्त भ्रष्टाचार किसी से छिपा नहीं है। ऐसा ही अद्भुत नमूना अब राजधानी भोपाल में देखने को मिला है। दस साल से ज्यादा के इंतजार के बाद तैयार होने जा रहे ऐशबाग आरओबी को 90 डिग्री का टर्न दिया गया है।

### आजाद समाज पार्टी के नेताओं पर एफआईआर

**भोपाल।** आजाद समाज पार्टी व भीम आर्मी के नेताओं ने कलेक्ट्रेट का घेराव किया था। उन्होंने भिंड कलेक्टर संजीव श्रीवास्तव को लेकर अपशब्दों का उपयोग किया था। प्रदर्शन के दौरान नेताओं ने भड़काऊ भाषण दिए। इस मामले को जिला प्रशासन ने गंभीरता से लिया। एसडीएम की शिकायत पर देहात पुलिस ने पूर्व प्रत्याशी दामोदर यादव, सतेंद्र विद्रोही और सौरभ त्रिवेदी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। विगत 12 जून की दोपहर भिंड कलेक्ट्रेट पर आजाद समाजवादी पार्टी और भीम आर्मी द्वारा किसानों की जमीन के मामले को लेकर प्रदर्शन किया गया था। मालनपुर के लहचूरा के किसानों की 133 बीघा जमीन कुछ कॉलोनाइजरों के नाम हो गई है। इस जमीन को किसान अपना बता रहे हैं। इसी मामले के विरोध में नेताओं ने भिंड में प्रदर्शन किया था।

---

**30 से अधिक विशेषज्ञों ने व्यक्त किए विचार-विमर्श**


# अगस्त-2025 तक आएगी मप्र की स्पेस-टेक पॉलिसी

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हाल ही में 'एमपी-टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव' 2025 में एक डेडिकेटेड स्पेस-टेक नीति बनाने की घोषणा की थी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव की प्रदेश को भविष्य के स्पेस टेक्नोलॉजी और नवाचार के केंद्र के रूप में विकसित करने की सोच को मूर्त रूप देने की दिशा में आगे बढ़ने के उद्देश्य से विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग ने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) इंदौर में एमपी स्पेस-टेक नीति परामर्श: संभावनाएं और चुनौतियां विषय पर विचार-विमर्श किया।

**'एमपी स्पेस-टेक पॉलिसीः संभावनाएं और चुनौतियां' विषय पर हुआ मंथन**



**नीति में नवाचारों को प्रोत्साहन, प्रतिभाओं को राज्य में बनाए रखना शामिल**

विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के एसीएस संजय दुबे ने बताया कि प्रदेश की स्पेस-टेक पॉलिसी अगस्त 2025 तक जारी कर दी जाएगी। इसके लिए रोडमैप तैयार किया जा चुका है। एमपी स्पेस-टेक नीति परामर्शः संभावनाएं और चुनौतियां विषय पर हुए संवाद में 30 से अधिक प्रमुख विशेषज्ञ, शोध संस्थान, स्टार्ट-अप प्रतिनिधि, रक्षा और तकनीकी क्षेत्र के अधिकारियों तथा शैक्षणिक संस्थानों के विशेषज्ञों ने विचार व्यक्त किए। एसीएस दुबे ने कहा कि हमारी स्पेस-टेक नीति आधारभूत संरचना या नीतिगत प्रोत्साहनों तक सीमित नहीं रहेगी। यह नीति में नवाचारों को प्रोत्साहन, प्रतिभाओं को राज्य में बनाए रखने और प्रदेश को स्पेस-टेक के क्षेत्र में सशक्त दावेदार के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी।

**ऑप्टिक्स एवं ऑप्टिकल कम्युनिकेशन क्लस्टर की स्थापना**

स्पेस-टेक पर हुए संवाद में आईईटी इंदौर के शोध और विकास के डीन प्रो. अभिरूप दत्ता और निदेशक प्रो. सुहास जोशी ने कहा कि स्पेस-टेक केवल उपग्रहों तक ही सीमित नहीं है, यह इंजीनियरिंग, मटेरियल साइंस, डेटा मैनेजमेंट और राष्ट्रीय क्षमताओं का संगम है। उज्जैन में ऑप्टिक्स एवं ऑप्टिकल कम्युनिकेशन क्लस्टर की स्थापना, क्षेत्रीय डाटा सेंटर और सैटेलाइट ग्राउंड स्टेशन का विकास, पेलोड और कम्पोनेंट निर्माण के लिए मेक-इन-इंडिया को बढ़ावा देना, डोमेन-स्पेसिफिक स्किलिंग, स्पेस सिस्टम्स में साइबर सुरक्षा और नवाचार को सहयोग दिये जाने पर भी विचार-विमर्श किया गया। विशेषज्ञों ने सपेस-टेक पॉलिसी निर्माण में रिमोट सेंसिंग और कोर स्पेस-टेक के लिए अलग-अलग दृष्टिकोण अपनाये जाने पर जोर दिया।

**कई नवाचार स्टार्ट-अप्स के प्रतिनिधि शामिल हुए**

स्पेस-टेक पॉलिसी पर हुए विचार-विमर्श के परामर्श सत्र में इसरो-इन-स्पेस एमसीएफ भोपाल, एनआरएससी, डीआरडीओ-सीएआईआर, सी-डॉट, राजा रमन्ना उन्नत प्रौद्योगिकी केंद्र, मिलिट्री कॉलेज ऑफ टेली-कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग और आईआईटी इंदौर के प्रतिनिधियों एवं एसआईए-इंडिया, ट्रेड प्रमोशन काउंसिल फॉर जियो-स्पेशियल एंड स्पेस इंडस्ट्री जैसे निकाय और कई नवाचार स्टार्ट-अप्स के प्रतिनिधि शामिल हुए। निजी संगठनों में अभ्युदय, स्पेक्ट्रागेज, सोअरिंग एयरोटेक, अफर्मिटी कॉर्प और ओमएग्री जैसे संस्थानों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

---

**प्रधानमंत्री मोदी के कार्यों और नीतियों से नक्सलवाद और आतंकवाद को लगभग समाप्त कर दिया: मुख्यमंत्री डॉ. मोहन**

# तीन साल में श्रीगंगानगर तक बहेगा सिंधु जल पाकिस्तान बूंद-बूंद के लिए तरसेगाः शाह

**सुव्यवस्थित, शिक्षित, विकसित देश के लिए भाजपा सरकार जरूरी**

*अपने कार्य के आधार पर मिलती है जिम्मेदारीः सीएम डॉ. यादव*

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

केन्द्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान सेना के मुख्यालय में हमला कर नुकसान पहुंचाया। पहलगाम हमले के बाद सिंधु जल समझौते को स्थगित किया। स्व. जवाहरलाल नेहरू के समय यह समझौता किया गया था। उन्होंने कहा कि तीन साल के अंदर सिंधु के जल को नहरों से श्री गंगानगर तक ले जाया जाएगा। एक बड़े भू-भाग में सिंचाई की सुविधा शुरू हो जाएगी। पाकिस्तान पानी के लिए बूंद-बूंद के लिए तरसेगा। शाह ने कहा कि पहलगाम में धर्म पूछकर मारा, अब खाने के लिए अनाज को तरसेंगे। उन्हें खाने के लिए विदेशों से अनाज मांगकर लाना पड़ेगा।

केंद्रीय मंत्री शाह शनिवार को पचमढ़ी में सांसद एवं विधायकों का 3 दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने महापुरूषों को पुष्पांजलि अर्पित कर शुभारंभ किया। सत्र के प्रारंभ में अहमदाबाद में हुए हृदय विदारक विमान हादसे पर शोक व्यक्त किया गया। केंद्रीय मंत्री शाह ने उद्घाटन सत्र में जनसंघ से 'भाजपा-1951 से 2025' विषय पर बोलते हुए कहा कि परिवर्तन वही ला सकते हैं, जो अंतिम क्षण तक विद्यार्थी रहते हैं, जिनमें सीखने की ललक होती है। आज पंचायत से लेकर पार्लियामेंट तक भाजपा की स्वीकारोक्ति देख सकते हैं।

**1 प्रशिक्षण वर्ग मन विचार को साफ करने की प्रक्रिया**

**2 पचमढ़ी में सांसद एवं विधायकों का 3 दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग**





**हम सभी पार्टी के कार्यकर्ता, पार्टी ने हमारी योग्यता तथा क्षमता के आधार पर हमें आगे बढ़ाया**

शाह ने कहा कि सुव्यवस्थित, शिक्षित, विकसित देश के लिए भाजपा सरकार जरूरी है। मप्र भाजपा की एक शानदार परंपरा रही है। हम सभी पार्टी के कार्यकर्ता हैं और पार्टी ने हमारी योग्यता तथा क्षमता के आधार पर हमें आगे बढ़ाया है, सांसद, विधायक बनाया है। उद्घाटन सत्र की प्रस्तावना भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने रखी। सत्र को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सम्बोधित किया। उद्घाटन सत्र के दौरान केन्द्रीय मंत्री शिवराजसिंह चौहान, भूपेन्द्र यादव, डीडी उइके, प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह एवं प्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा एवं राजेन्द्र शुक्ल सहित सभी मंत्री, पदाधिकारी मौजूद थे। संचालन प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी ने किया।

**नेहरू सरकार ने जो नीतियां बनाईं, उनमें देश की मिट्टी की सुगंध नहीं थी**

केन्द्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि देश जब आजाद हुआ, उस समय कांग्रेस का शासन था। कांग्रेस पार्टी पर पूरी तरह पं. नेहरू हावी थे। उस समय नेहरू सरकार ने जो नीतियां बनाईं, उनमें देश की मिट्टी की सुगंध नहीं थी। उनमें हमारी चिर पुरातन संस्कृति का कोई प्रतिघोष नहीं था। वे पाश्चात्य संस्कारों से प्रेरित थीं। उस समय कई नेता थे, जो इन नीतियों से सहमत नहीं थे। उन्हीं में से एक थे डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी जो नेहरू मंत्रिमंडल में उद्योग मंत्री थे। पं. नेहरू ने जब नेहरू-लियाकत पैक्ट के फलस्वरूप कश्मीर में धारा 370 लगाई, तो डॉ. मुखर्जी ने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। उन्हें देश में एक ऐसी राजनीतिक पार्टी की आवश्यकता महसूस हुई, जो देश के इतिहास, धर्म, परंपरा और संस्कृति से जुड़ी हुई हो। इसी विचार से उन्होंने जनसंघ की स्थापना की।

***आज पंचायत से लेकर पार्लियामेंट तक भाजपा ही दिखाई देती है***

*शाह ने कहा कि भाजपा पार्टी संगठन के आधार पर चलने वाली पार्टी होगी, जिसकी आत्मा उसके कार्यकर्ता होंगे। सरकार बनाना हमारा लक्ष्य नहीं होगा, बल्कि हम अपने सिद्धांतों के लिए सरकार बनाएंगे। उस समय लोगों ने जनसंघ का खूब मखौल उड़ाया, लेकिन आज जनसंघ से ही बनी भाजपा सबसे बड़ा राजनीतिक दल है। 18 राज्यों में सरकारें हैं। सबसे ज्यादा सांसद, विधायक, जिला पंचायत, नगर पालिका, जनपद पंचायत, ग्राम पंचायतें हैं। आज पंचायत से लेकर पार्लियामेंट तक भाजपा ही दिखाई देती है।*

**मप्र ने चुनाव में इतिहास रचाः शर्मा**

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि तीन दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ हो रहा है। इस प्रशिक्षण वर्ग में मप्र से पार्टी के सभी सांसद एवं विधायक उपस्थित हैं। मप्र भाजपा ने पिछले विधानसभा चुनाव और लोकसभा चुनाव में हो इतिहास रचा है। प्रशिक्षण वर्ग में उद्घाटन और समापन सत्र मिलाकर 14 अलग-अलग रहेंगे, जिनमें वरिष्ठ नेताओं का मार्गदर्शन मिलेगा। इसमें अलग-अलग विषय पर सत्र होंगे। प्रथम सत्र को केन्द्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव ने 'लोक व्यवहार एवं समय प्रबंधन, व्यक्तित्व कौशल' विषय पर संबोधित किया। अध्यक्षता प्रदेश प्रवक्ता व विधायक अर्चना चिटनीस ने की। द्वितीय सत्र को केन्द्रीय मंत्री शिवराजसिंह चौहान ने 'विकसित भारत-मोदी सरकार के परिवर्तनकारी कदम' विषय पर संबोधित किया। अध्यक्षता केन्द्रीय मंत्री उइके ने की। तृतीय सत्र में तीन समानान्तर सत्रों को केन्द्रीय मंत्री वीरेन्द्र कुमार खटिक, प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल एवं सांसद सुधीर गुप्ता ने संबोधित किया।

**सरकार किसी की भी बने राज्य और देश समृद्धशाली होना चाहिए**

केन्द्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि डॉ. मुखर्जी ने कहा था कि देश में दो निशान, दो विधान और दो प्रधान नहीं चलेंगे। धारा 370 हटाने के लिए कूच किए और उनकी हत्या हो गई। गौवंश पर सत्याग्रह, राम जन्मभूमि की यात्रा, एकता यात्रा, स्वर्ण जयंती भ्रष्टाचार मुक्त। धारा 370 के खिलाफ आंदोलन करते हुए डॉ. मुखर्जी ने देश की एक एक इंच की भूमि की सुरक्षा की। गौ हत्या पर प्रतिबंध, श्रीराम जन्मभूमि का कार्यक्रम सांस्कृतिक राष्ट्रवाद का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि जिस देश की सरकारें सामाजिक जीवन के लिए कार्य करती हो वह भाजपा ही है। सरकार राष्ट्रवादी, विकास को समर्पित, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की पोषक होना चाहिए। सरकार किसी की भी बनी हो, वह राज्य और देश के लिए समृद्धशाली होना चाहिए। समृद्धि का मार्ग अंत्योदय का होना चाहिए।

**बीमारू राज्य से निकालकर प्रगतिशील और समृद्धशाली राज्य बनाया**

शाह ने कहा कि मप्र में जब भाजपा की सरकार बनी,उस समय शिवराजसिंह चौहान ने बागडोर संभाली। 20 वर्षों के कार्यकाल में उन्होंने मप्र को बीमारू राज्य से निकालकर प्रगतिशील और समृद्धशाली राज्य की श्रेणी में लाकर खड़ा किया और उसकी तस्वीर बदल दी। इसी तरह छत्तीसगढ़ में 15 वर्षों तक भाजपा की सरकार बनी, बीमारू राज्य से बाहर निकाला। राजस्थान वसुंधरा राजे के नेतृत्व में बीमारू राज्य से बाहर आया। उत्तरप्रदेश और बिहार भी एनडीए की सरकार बनी। उत्तरप्रदेश में मुख्यमंत्री आदित्यनाथ और बिहार भी विकास की राह पर चल पड़े हैं।

**डॉ. मुखर्जी और पं. उपाध्याय के बताए मूल सिद्धांतों पर चल रही भाजपा**

केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ताओं की तपस्या के फल से ही 2014 में भारतीय जनता पार्टी को पूर्ण बहुमत मिली। 2024 से अब तक ग्यारह साल की सरकार में भाजपा डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और दीनदयाल उपाध्याय के बताए मूल सिद्धांतों पर चल रही है। 60 करोड़ लोगों को पक्के आवास, बिजली, पानी, पांच लाख रुपए तक के आरोग्य की गारंटी, पांच किलो मुफ्त अनाज जैसी योजनाओं ने जीवन में परिवर्तन लाने कार्य किया है। 52 करोड़ जनधन खाते खोलने, उज्ज्वला योजना के तहत महिलाओं को निःशुल्क गैस कनेक्शन देने का कार्य किया।

***11 साल में अर्थव्यवस्था को चौथे नंबर पर लाए***

*केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि 2014 में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में जब हमारी सरकार बनी तक देश की अर्थव्यवस्था 11 वें नंबर पर थी। देश जब आजाद हुआ, तक भारत की अर्थव्यवस्था 15वें नंबर पर थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार ने ग्यारह साल में अर्थव्यवस्था को ग्यारहवें नंबर से चौथे नंबर पर लेकर आए। इस कार्यकाल की समाप्ति से पहले देश की अर्थव्यवस्था को विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाएंगे। जो कार्य आजादी के बाद साठ सालों में नहीं हुआ, वह हमारी सरकार में ग्यारह साल में कर दिखाया।*

***अपनी भूमिका को और मजबूत बनाने का कार्य होगा***

*मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रशिक्षण वर्ग को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पाकिस्तान पर भारतीय सेनाओं ने पाकिस्तान प्रेरित आतंक को समूल नष्ट करने का काम किया है। अलगाववाद, नक्सलवाद और आतंकवाद की गतिविधियां होती रहती थी, लेकिन प्रधानमंत्री के कार्यों और नीतियों से नक्सलवाद और आतंकवाद को लगभग समाप्त कर दिया है। देश के गृह मंत्री शाह ने देश के अंदर नक्सलवाद को पूरी तरह समाप्त करने का प्रण लिया है। आज आयोजित सांसद एवं विधायकों का प्रशिक्षण वर्ग हमारी भूमिका को और मजबूत बनाने का कार्य करेगा।*


---

**लाखों का सामान जलकर खाक, देर रात की घटना**

## यूनियन बैंक की शाखा में लगी आग

हरिभूमि न्यूज ⏩ जगदलपुर

शहर के प्रतापगंज पारा स्थित एक बैंक में अचानक से देर रात आग लग गई। मामले की जानकारी लगते ही आमजनों से लेकर पुलिस व फायर ब्रिगेड की टीम भी मौके पर आ पहुंची।



आग में बैंक के अंदर रखा सामान जल गया। फायर ब्रिग्रेड की टीम ने घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। कोतवाली थाना प्रभारी ने बताया कि रात करीब 11 से 12 बजे के बीच पुलिस को सूचना मिली कि प्रतापगंज पारा स्थित यूनियन बैंक से अचानक से धुआं निकलता हुआ दिखाई दे रहा है। बैंक के आसपास रहने वाले लोगों में घटना को लेकर हड़कंप मच गया। आग बुझाने के लिए आसपास के लोगों ने फायर बिग्रेड को भी सूचना दी। फायर बिग्रेड की टीम ने 2 घंटे से अधिक देर तक चले बचाव अभियान के बाद आग पर काबू पाया गया। इस घटना में बैंक के अंदर रखा लाखो का सामान खाक हो गया। मामले की जांच की जा रही है।

**वाहन में सवार थे 18 लोग, डोंगर थाना क्षेत्र का मामला**

## सड़क हादसे में 2 की मौत, 6 गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏩ जगदलपुर

राष्ट्रीय राजमार्ग 30 में बीती रात फिर एक तेज रफ्तार वाहन सड़क हादसे का शिकार हो गया। इस घटना में वाहन में सवार 18 लोगों में से 2 की मौत हो गई जबकि 6 की हालत गंभीर है। घटना के बाद छोटे डोंगर थाना पुलिस ने राहत कार्य शुरू करते हुए सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। मामले की जानकारी देते हुए छोटे डोंगर थाना प्रभारी ने



बताया कि यह सड़क हादसा भूमका के पास देर रात को हुआ है। इस वाहन में धमतरी जिले के ग्राम बोरई तहसील बेलर के सभी लोग थे, जो कि पारिवारिक काम से बोरई से मोहपाल आये हुए थे। वापसी के दौरान अचानक से ड्राइवर ने रफ्तार से अपना नियंत्रण खो दिया। इससे वाहन दुर्घनाग्रस्त हो गया। हादसे में 2 महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई जबकि 6 लोगों को गंभीर चोट आई। घटना के तत्काल बाद एम्बुलेंस के साथ ही पुलिस की पेट्रोलिंग पार्टी भी राहत काम मे जुट गई। घायलों को पहले छोटे डोंगर के स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से उन्हें बेहतर उपचार के लिए जिला कोंडागाँव के अस्पताल भिजवाया गया है।

**2 जून की घटना, सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र का मामला**

## चार लाख का सोने का हार चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏩ रायगढ़

जिला मुख्यालय के रिहायशी इलाके में स्थित एक मकान में चोर ने घुसकर लाखों रुपये के सोने के हार की चोरी की है। पीड़ित की शिकायत के बाद पुलिस मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। उक्त मामला सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के मुताबिक, सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गौरीशंकर रोड निवासी सौरभ अग्रवाल पिता नरेश अग्रवाल उम्र 35 ने थाने में रिपोर्ट लिखाते हुए बताया कि गैलेक्सी मॉल में वह कपड़ा दुकान का संचालन करता है। पीड़ित सौरभ अग्रवाल ने बताया कि 2 जून को उन्होंने जब अपनी अलमारी खोली तो उनकी पत्नी का सोने का हार जिसकी कीमत करीब 4 लाख रुपये है, वह गायब था। काफी तलाश करने के बाद भी हार नहीं मिला। किसी चोर ने उसे चोरी कर लिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।





---

**राज्य सरकार ने स्वीकृत किए हैं 2195 करोड़ रुपए**

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव को कर्नाटक के श्रृंगेरी शारदा मठ पधारने का आमंत्रण**

## ओंकारेश्वर में अद्वैत लोक कला संग्रहालय की स्वीकृति पर मुख्यमंत्री का श्री श्रृंगेरी शारदा पीठम् ने माना आभार

हरिभूमि न्यूज ⏩ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का ओंकारेश्वर स्थित एकात्म धाम में भव्य 'अद्वैत लोक कला संग्रहालय' के निर्माण के लिए 2195 करोड़ राशि स्वीकृत करने पर कर्नाटक के श्रृंगेरी शारदा मठ प्रशासन ने आभार माना है।

श्रृंगेरी शारदा पीठम के प्रशासक पीए मुरली ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के दूरदर्शी नेतृत्व में हाल ही में कैबिनेट बैठक में अद्वैत लोक संग्रहालय को एकात्मता के वैश्विक केन्द्र (ए ग्लोबल सेंटर ऑफ वननेस) के रूप में विकसित करने का निर्णय ऐतिहासिक है।

**प्रदेश के धार्मिक और आध्यात्मिक पर्यटन परिदृश्य में महत्वपूर्ण है स्थल**



मुरली ने राज्य सरकार के प्रति गहन कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री का यह प्रयास न केवल जगद्गुरु आदि शंकराचार्य की कालातीत शिक्षाओं को समर्पित एक भव्य स्मृति स्वरूप है, बल्कि समूचे विश्व में अद्वैत वेदांत के प्रकाश-स्तंभ के रूप में कार्य करेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव की मंशा है कि सिंहस्थ : 2028 से पहले ओंकारेश्वर को उज्जैन की तरह श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए आकर्षण का प्रमुख केंद्र बनाया जाए। यह स्थान प्रदेश के धार्मिक और आध्यात्मिक पर्यटन परिदृश्य में महत्वपूर्ण महत्व रखता है।

***विद्या, आध्यात्म और परंपरा का पूज्य केंद्र रहा है मठ***

*मुरली ने कहा कि ओंकारेश्वर में एकात्म धाम के अंतर्गत प्रथम चरण में 108 फीट ऊंची आदि शंकराचार्य की भव्य प्रतिमा (स्टैचू ऑफ़ वननेस) का लोकार्पण भी श्रृंगेरी मठ के वेदज्ञ पंडितों और विद्वानों के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को श्रृंगेरी मठ में आमंत्रित भी किया। उल्लेखनीय है कि जगद्गुरु श्री आदि शंकराचार्य ने 1200 वर्ष पूर्व कर्नाटक की पवित्र तुंगा नदी के तट पर श्रृंगेरी मठ की स्थापना की थी। चार आम्नाय पीठों में प्रथम यह मठ, ज्ञान की अधिष्ठात्री देवी श्री शारदाम्बा की दिव्य उपस्थिति से पावन है और सदा से ही यह मठ विद्या, आध्यात्म और परंपरा का पूज्य केंद्र रहा है।*

**उप मुख्यमंत्री साव बोले, अचानकमार के 13 गांव होंगे रोशन**

## सोलर बैटरी से भरे वाहन को दिखाई हरी झंडी

हरिभूमि न्यूज ⏩ रायपुर



छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने लोरमी स्थित अपने विधायक कार्यालय से सोलर बैटरी से भरे वाहन को हरी झंडी दिखाकर अचानकमार के लिए रवाना किया। इन बैटरियों से अचानकमार के 13 गांव रोशन होंगे। वहां सौर ऊर्जा से बिजली उपलब्ध कराने ये बैटरियां भेजी जा रही हैं। अचानकमार वनांचल के बिजराकछार क्षेत्र के 13 गांवों में रात में प्रकाश की व्यवस्था के लिए 522 बैटरियां लगाई जाएंगी। उप मुख्यमंत्री साव ने बैटरी ले जा रहे वाहन को हरी झंडी दिखाते हुए कहा कि अब अचानकमार वनांचल में बरसात के दिनों में अंधियारा नहीं होगा। रात में रोशनी की व्यवस्था हो जाने से वहां के रहवासी जंगली जीव-जंतुओं के खतरे से सुरक्षित रहेंगे। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार गांवों के विकास के लिए प्रतिबद्धता से काम कर रही है। दूरस्थ गांवों में भी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में यह महत्वपूर्ण काम है।

### काम के बोझ से दबे सीनियर अफसर

# आईएएस की कमी से बिगड़ रही व्यवस्था

**जबलपुर। मप्र में भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों की भारी कमी है। अफसरों की कमी से व्यवस्था बिगड़ रही है, कई अफसर डबल ड्यूटी कर रहे हैं। वहीं बीते नौ महीनों में 18 अफसरों की कम हो गए, और अगले छह महीनों में आठ और अधिकारी रिटायर हो रहे हैं। इससे प्रदेश की प्रशासनिक व्यवस्था बिगडने लगी है।**

आलम यह है कि अफसरों की का असर यह हो रहा है कि सीनियर अफसर काम के बोझ से दबे हुए हैं। जानकारी के अनुसार मप्र को 459 आईएएस अफसरों की जरूरत है, लेकिन फिलहाल सिफ 379 अधिकारी ही कार्यरत हैं। इनमें से भी करीब 40 अधिकारी केंद्र में प्रतिनियुक्ति पर और 10 से ज्यादा प्रशिक्षण पर मसूरी में हैं। प्रदेश में लगभग 330 अफसर ही एक्टिव रूप से काम कर रहे हैं। इनकी कमी की भरपाई न होने से विभागों में काम का दबाव दोगुना हो गया है।

## कोटा बढ़े तो बात बने

मप्र जिस तेजी से अफसर सेवानिवृत्त हो रहे हैं, उतनी तेजी से नए अफसर नहीं मिल रहे। असर जनता और सरकारी कामकाज पर पड़ रहा है। विशेषज्ञों के मुताबिक स्थिति तब संभल पाएगी, जब तय कोटे के अनुरूप अफसर मिलेंगे। जरूरत के हिसाब से कोटा बढ़ाया जाएगा। विशेषज्ञों की मानें तो प्रदेश के लिए आइएएस का कोटा बढना चाहिए। दूसरी तरफ जितना कोटा है, उतने भी अफसर नहीं। इसकी कई वजह हैं। राज्य प्रशासनिक सेवा के काबिल अफसरों को समय पर आईएएस अवॉर्ड नहीं हो पाना मुख्य है। कई विभागों का स्वतंत्र जिम्मा प्रमुख सचिवों को दिया जा सकता है। वैसे तो मप्र से केंद्र को देने वाले अफसरों का कोटा 99 है। यदि इतने अफसर केंद्र में चले जाएं तो प्रदेश की हालत और खस्ता हो जाएगी। गनीमत है कि करीब 40 अफसर ही केंद्र में हैं।

## सीनियर अफसरों पर कई विभागों का बोझ

आईएएस अफसरों की कमी का आलम यह है कि सीनियर अफसर कई-कई विभागों का प्रभार संभाल रहे हैं। एसीएस डॉ. राजेश राजौरा के पास एनवीडीए, एनवीडी विभाग, जल संसाधन, लोक सेवा प्रबंधन और एनबीपीसीएल जैसी बड़ी जिम्मेदारी है। व मुख्यमंत्री कार्यालय के मुखिया भी हैं। पीडब्ल्यूडी का प्रभार एसीएस नीरज मंडलोई के पास है। ऊर्जा भी बड़ा क्षेत्र है। इस क्षेत्र में काम के लिए प्रदेश के पास कई विकल्प हैं। खरीफ सीजन का समय सिर पर है, अब तक प्लानिंग नहीं हुई, क्योंकि कृषि उत्पादन आयुक्त का प्रभार एसीएस अशोक बर्णवाल के पास है। वन द सहकारिता भी है। एसीएस संजय दुबे के पास जीडीए, समन्वय, एचआरसी एवं लीगल विजिलेंस सेल, साइंस एंड टेक्नोलॉजी, चेयरमैन कर्मचारी चयन आयोग का जिम्मा है। बता दें कि तीन साल से एक लाख पदों पर भर्ती की बात हो रही है। वास्तव में 1 लाख पदों पर भर्ती होती तो अलग प्रशासनिक छवि बन सकती है। आमतौर पर कर्मचारी बयन मंडल का जिम्मा स्वतंत्र होता है। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में मप्र के पास काम की अपार संभावनाएं हैं। विशेषज्ञों की मानें तो एसीएस मनु श्रीवास्तव इसके लिए फिट भी कहे जाते हैं, लेकिन उनके पास खेल विभाग का भी जिम्मा है। हार्टिकल्चर एंड फूड प्रोसेसिंग का जिम्मा एसीएस अनुपम, राजन के पास है। उनके पास उच्च शिक्षा जैसे बड़े विभाग भी है। संसदीय कार्य विभाग का अतिरिक्त प्रभार है। नगरीय विकास एवं आवास विभाग का जिम्मा एसीएस संजय शुक्ला के पास है।

### कई विभाग सचिवों के जिम्मे

एसीएस और पीएस रैंक के अधिकारियों कमी की वजह से कृषि, स्कूल शिक्षा, जेल और परिवहन जैसे बड़े विभाग सचिव रैंक के अधिकारी संभाल रहे है। इन विभागों में एसीएस और पीएस पदस्थ नहीं हैं। आईएएस संजय गोयल सचिव स्कूल शिक्षा और एम. सेलवेन्द्रन सचिव कृषि एवं जीएडी (कार्मिक) के पद पर पदस्थ है, जबकि अपर मुख्य सचिव एनएस मिश्रा के रिटायर्ड होने के बाद से जेल एवं परिवहन विभाग का जिम्मेदारी सचिव रैंक के अधिकारी मनीष सिंह के पास है। एमपी कैडर के 1990 बैच में सिर्फ दो अधिकारी हैं। इनमें से डॉ. राजेश राजौरा अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री के पद पर पदस्थ है, जबकि अलका उपाध्याय भारत सरकार के पशुपालन एवं डेयरी, मत्स्यपालन मंत्रालय में सचिव के पद पर पदस्थ हैं। 1991 बैच में 3 अधिकारी है। इनमें से अशोक वर्णवाल अपर मुख्य सचिव वन के पद पर और मनु श्रीवास्तव अपर मुख्य सचिव नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा के पद पर पदस्थ है, जबकि मनोज गोविल भारत सरकार के वित्त मंत्रालय में सचिव के पद पर पदस्थ है। ऐसे ही 1995 बैच में सिर्फ एक अधिकारी-सचिन सिन्हा है।

### अफसरों को अतिरिक्त प्रभार देना मजबूरी

जानकारी के अनुसार प्रदेश में इन दिनों अपर मुख्य सचिव और प्रमुख सचिव रैंक के अधिकारियों की कमी हो गई है। मुख्य सचिव को छोडक़र मप्र कैडर के अपर मुख्य सचिव एवं प्रमुख सचिव रैंक के कुल 49 अधिकारी हैं। इनमें से वर्तमान में 15 अधिकारी प्रतिनियुक्ति पर दिल्ली में और एक यूएसए में पदस्थ है, जबकि एक अधिकारी स्टडी लीव पर है। यही वजह है कि एसीएस और पीएस रैंक के अधिकतर अफसरों के पास अतिरिक्त विभागों का प्रभार है। दरअसल पिछले तीन-चार वर्षों में बड़ी संख्या में मप्र कैडर के प्रमुख सचिव व सचिव रैंक के अधिकारी प्रतिनियुक्ति पर दिल्ली चले गए हैं। ऐसे ही सीनियर आईएएस अधिकारी लगातार रिटायर्ड हो रहे है। इसके अलावा एसीएस रैंक के कुछ बैच में अधिकारियों की संख्या काफी कम है, जिससे अफसरों की कमी हो गई है। ऐसे में सरकार को न चाहते हुए भी अफसरों को एक से ज्यादा विभागों की अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपनी पड़ रही है। चूंकि अधिकारी अतिरिक्त प्रभार वाले विभागों पर ज्यादा ध्यान नहीं दे रहे हैं, वे सिर्फ रुटीन की फाइलें आगे बढ़ा रहे हैं, जिससे इन विभागों में कामकाज प्रभावित हो रहा है। अफसरों की कमी का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि लोक निर्माण जैसे महत्वपूर्ण विभाग का प्रभार नवंबर से एसीएस नीरज मंडलोई के पास हैं। मंडलोई पूर्व से ऊर्जा जैसे बड़े विभाग की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं।



# तेज धूप और बादलों के बीच बूंदाबांदी से उमस भड़की

**हवाएं चलते ही कई क्षेत्रों में घंटों रही बिजली गोल**

जबलपुर।

आषाढ़ का महीना शुरू हो चुका है। फिर भी बारिश का इंतेजार बरकार है. अभी प्री मानसून एक्टिविटी प्रारंभ नहीं हो सकी है. शनिवार की रात हलकी बारिश के बाद रविवार को दिनभर उमस का माहौल बना रहा. तेज धूप भी खिली रही. शाम को तेज हवाएं चलीं और बिजली चली गई. कई क्षेत्रों में 5.30 से 7.30 बजे तक बिजली गुल रही. एक तरफ उमस भरी गर्मी और दूसरी तरफ बिजली की आंख मिचौली ने लोगों को जमकर परेशान किया. मौसम विभाग ने चेतावनी दी है की जिले में तेज हवाओं के बीच बारिश की संभावना है. मानसून अभी महाराष्ट्र से आगे नहीं बढ़ पा रहा है. 18 जून तक मानसून के आगमन की संभावना है. अगले 24 घंटों के दौरान जबलपुर में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है.दक्षिण पूर्वी हवाओं के चलने से अंडमान निकोबार से सक्रिय मानसून छत्तिसगढ़ के रास्ते आने की संभावना जताई जा रही है. प्री-मानसूनी हलचलों ने बारिश के आगमन की आहट का आगाज कर दिया है। रविवार को भी धूप छांव के बीच हवा और पानी की बौछारें चलीं। दिन भर उमस, गर्मी का वातावरण बना रहा है। मौसम विभाग का कहना है कि स्थानीय बादलों को प्री मानसूनी हवाओं का बल मिलने के बाद पानी की बौछारें पड़ सकती हैं, जिससे तापमान में गिरावट आएगी, लेकिन गर्मी से राहत नहीं मिल पा रही है। पिछले एक हफ्ते से मौसम के मिजाज तल्ख रहे हैं। पारा ४५ डिग्री के ऊपर चल रहा था। नौतपा के बाद गर्मी शवाब पर आई। इस दौरान बादल आते रहे, लेकिन पारा अपनी अकड़ दिखाता रहा। रविवार को पारा 39.5 डिग्री के पर रहा। जो सामान्य दर्ज किया गया. वहीं न्यूनतम तापमान 24.6 डिग्री सामान्य से 2 डिग्री कम दर्ज किया गया है। हवा में नमी प्रातः काल 72 प्रतिशत और सायंकाल 47 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह ५.25 पर और सूर्यास्त शाम ६.५८ मिनिट पर दर्ज किया गया। प्रदेश में सबसे अधिक ४२ डिग्री तापमान खजुराहो जिले में दर्ज किया गया। दक्षिण पूर्वी हवायें 5-6 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चलीं। गत वर्ष आज के दिन का अधिकतम तापमान 41.8 और न्यूनतम तापमान 26.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। कल हुई बारिश 6.2 मिमी दर्ज की गई, अब तक कुल वर्षा का आंकड़ा 6.2 मिमी पर पहुंच गया है। अगले २४ घंटों के दौरान अनेक स्थानों पर गरज चमक के साथ पानी की बौछारें पड़ सकती हैं।

## मध्य प्रदेश किक बॉक्सिंग सेमिनार सम्पन्न

**जबलपुर।** जिले के रामकिशोर सोनी वरिष्ठ खेल प्रशिक्षक स्मॉल वंडर्स सीनियर सेकेंड्री स्कूल ने इंदौर शहर में आयोजित एमेच्योर स्पोर्ट्स किक बॉक्सिंग एसोसिएशन ऑफ मध्य प्रदेश द्वारा तीन दिवसीय वाको मध्य प्रदेश राज्य किक बॉक्सिंग तकनीकी डेवलेपमेंट सेमिनार (तातमी एवं रिंग स्पोर्ट्स) वाको इंडिया किक बॉक्सिंग फेडरेशन के विशेष आतिथ्य एवं इंदौर मध्य प्रदेश किक बॉक्सिंग तकनीकी सेमिनार में भाग लिया।



सेमिनार फेडरेशन के अध्यक्ष संतोष कुमार अग्रवाल के विशेष आतिथ्य, एमेच्योर स्पोर्ट्स किक बॉक्सिंग एसोसिएशन ऑफ मध्य प्रदेश के अध्यक्ष विनोद सोनडावले के आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। उक्त जानकारी देते हुए एमेच्योर स्पोर्ट्स किक बॉक्सिंग एसोसिएशन ऑफ मध्य प्रदेश के सचिव आशुतोष दधीचि ने बताया कि इस तकनीकी सेमिनार में अंतरराष्ट्रीय रेफरी व वाको रिंग कमेटी मेंबर विवेक एएस एवं सीमा सैनी अंतरराष्ट्रीय रेफरी वाको तातमी कमेटी मेंबर ने किक बॉक्सिंग के सातों इवेंट की थ्योरी और प्रैक्टिकल से अवगत कराया और जबलपुर के रामकिशोर सोनी को विशेष सम्मान और स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया।

# युवा कांग्रेस में चुनाव के लिए वोटिंग 20 जून से

**19 जुलाई तक होगी वोटिंग, मेंबर बनने के बाद एक वोटर डाल सकेगा छह वोट**

**जबलपुर।** प्रदेश में युवा कांग्रेस संगठन चुनाव के लिए सदस्यता लेने और मतदान की तारीख तय हो गई है। प्रदेश में 20 जून की सुबह 9 बजे से मतदान और सदस्यता प्रक्रिया शुरू होगी जो 19 जुलाई की शाम तक चलेगी। इसमें वोटिंग के लिए जो फॉर्मूला तय किया गया है उसके मुताबिक 50 रुपए की सदस्यता फीस जमा कर सदस्य बनने के बाद यूथ कांग्रेस के छह पदों के लिए वोटिंग की जा सकती है। युवा कांग्रेस के जिन पदों के लिए वोटिंग की जाएगी उसमें ब्लाक अध्यक्ष, एसेंबली प्रेसिडेंट, जिला अध्यक्ष व जिला महासचिव, प्रदेश अध्यक्ष व प्रदेश महासचिव के पद शामिल हैं। एक सदस्य छह वोट डालेगा और इसके बाद होने वाली मतगणना के आधार पर परिणाम सामने आएंगे। युवा कांग्रेस में प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए कुल 18 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं वहीं प्रदेश महासचिव पद के लिए 178 प्रत्याशी घोषित किए गए हैं। चुनाव कार्य से संबद्ध पदाधिकारियों के अनुसार सदस्यता फीस 20 जून से 21 जुलाई को शाम पांच बजे तक स्वीकार की जाएगी।

## मप्र के विधायक सीखेंगे ऑनलाइन वर्किंग

### डिजिटल होगी विधानसभा की कार्यवाही

**जबलपुर।** मप्र विधानसभा के मॉनसून सत्र में इस बार विधायकों को अपने सवाल-जवाब का मौका तो मिलेगा, लेकिन इसके पहले सभी विधायकों की विधानसभा में स्पेशल क्लॉस भी लगाने की तैयारी की जा रही है। इसमें विधायकों को ऑनलाइन वर्किंग को लेकर ट्रेनिंग दी जाएगी। दरअसल, विधानसभा की पूरी वर्किंग जल्द ही ऑनलाइन होने जा रही है। इसमें सदन का पूरा कामकाज पेपरलेस होगा। विधानसभा सचिवालय पहले ही विधायकों को सदन में सवाल पूछने के लिए सचिवालय को ऑनलाइन तरीके से सवाल भेजने का ऑप्शन दे चुकी है। विधानसभा के ऑनलाइन होने के बाद विधायकों को काम में परेशानी न हो इसके लिए उन्हें ऑनलाइन वर्किंग का पूरा ककहरा सिखाया जाएगा।मध्य प्रदेश विधानसभा का मॉनूसन सत्र जुलाई माह के आखिरी सप्ताह में होने की उम्मीद है। इसको लेकर विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर और मुख्यमंत्री डॉ। मोहन यादव चर्चा कर विधानसभा के मॉनसून सत्र के संबंध में निर्णय करेंगे। उधर विधानसभा सचिवालय विधानसभा में ई-विधान को लेकर तैयारी कर रहा है। इसके लिए कंप्यूटर और अन्य इलेक्ट्रिक उपकरण की खरीदी की जा रही है। ई-विधान के तहत प्रदेश के विधानसभा की पूरी कार्यवाही डिजिटल हो जाएगी। इसमें विधानसभा से जुड़ी कार्यवाही की पूरी जानकारी और दस्तावेज विधायकों को ऑनलाइन ही उपलब्ध कराई जाएगी। विधायकों को प्रश्न से जुड़े जवाब, विधानसभा में पेश होने वाले बिल, अलग-अलग विषयों पर होने वाली डिबेट से जुड़ी जानकारियां भी डिजिटली मिलेंगी।



## जबलपुर के स्वामी श्रीला प्रेम पारस ने कराया ध्यान का अभ्यास, आनंद के सागर में गोते लगाते नजर आए विदेशी

**जबलपुर।** यूरोप के सबसे बड़े मेडिटेशन फेस्टिवल्स में ओशो के मेडिटेशन का अभ्यास करते हुए सभी ने असीम आनंद की अनुभूति की। स्विट्जरलैंड के ज्यूरिख में गत दिवस हुए फेस्ट में ओशो होम आश्रम जबलपुर से ओशो अनुयायी स्वामी श्रीला प्रेम पारस ने सभी को ओशो के विशेष ध्यान का अभ्यास करवाया। साथ ही बताया कि ओशो ने किस तरह ध्यान और अध्यात्म का मार्ग दिखाते हुए लोगों के जीवन में उत्साह का संचार किया। इस फेस्ट में जर्मनी, ऑस्ट्रिया और सिंगापुर, स्पेन, यूएसए से लोग शामिल हुए। स्वामी श्रीला प्रेम पारस ने आर्ट ऑफ डेथ मेडिटेशन, ओंकार की अनुभूति, प्रेम और साइलेंस की अनुभूति, माइंड फ़ुलनेस जैसे ध्यान का अभ्यास करवाया। उन्होंने हिमालय के ऋषि मुनियों और विभिन्न गुरुओं द्वारा बताए गए ध्यान की अनुभूति भी लोगों को करवाई। स्वामी श्रीला प्रेम पारस ने आगे बताया कि ये फेस्टिवल विगत दस वर्षों से आयोजित किया जा रहा है लेकिन कोविड के चलते कुछ वर्षों बाद अब यह दोबारा प्रारंभ किया गया है। इस दौरान आध्यात्मिक रूप में लोगों को मां नर्मदा की अनुभूति भी करवाई गई।

## आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ, भाजपा करेगी याद

**जबलपुर।** 25 जून आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा हर जिले में कार्यक्रम आयोजित किया जायेंगे इस संदर्भ में भाजपा जबलपुर संभाग की बैठक कार्यक्रम के प्रदेश संयोजक तपन भौमिक की उपस्थिति में भाजपा संभागीय कार्यालय रानीताल में आयोजित की गई।भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने बताया बैठक का आयोजन 25 जून आपातकाल, एक काला अध्याय" कार्यक्रम की तैयारी की दृष्टि से किया गया, जिसमें संगठन द्वारा तय कार्ययोजना की जानकारी एवम मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। श्री भौमिक ने बताया आपातकाल के 50 साल पूरे होने पर 25 जून को भारतीय जनता पार्टी द्वारा मीसा बंदियों का सम्मान समारोह, संगोष्ठी आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा और जनता को बताया जाएगा कि किस तरह कांग्रेस ने लोकतंत्र की हत्या करते हुए देश पर आपातकाल लागू किया था। इस अवसर पर भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष राजकुमार पटेल के साथ जबलपुर संभाग के जिला अध्यक्षगण एवं जिला टोली के संयोजक, सह-संयोजक गण उपस्थित थे।

### सार्वजनिक वितरण प्रणाली की निगरानी व्यवस्था में होगा बदलाव

# खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग खुद करेगा पीडीएस की निगरानी

**जबलपुर।** प्रदेश में सरकार की सख्ती के बाद भी सार्वजनिक वितरण प्रणाली में भ्रष्टाचार और अन्य शिकायतें लगातार आ रही हैं। इसको देखते हुए खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग निगरानी व्यवस्था में बड़ा बदलाव करने जा रहा है। इसके तहत अब पीडीएस की निगरानी खुद खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग करेगा। खाद्य विभाग में नई व्यवस्था लागू करने का प्रस्ताव फिलहाल विभाग की अपर मुख्य सचिव रश्मि अरुण शमी के पास लंबित है। बताया गया कि विभाग पीडीएस निगरानी की व्यवस्था को बदलने के पक्ष में नहीं है, लेकिन मंत्री चाहते हैं कि खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग में सिर्फ विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी रहें। दूसरे विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारियों की इसमें भूमिका नही रहे।गौरतलब है कि खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग सार्वजनिक वितरण प्रणाली को दुरूस्त बनाने में जुटा हुआ है। इसके तहत मप्र सरकार का खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग दशकों पुरानी सार्वजनिक वितरण प्रणाली की निगरानी व्यवस्था में बड़ा बदलाव करते हुए अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं अन्य को बाहर करने जा रहा है। खाद्य विभाग भण्डार गृहों से लेकर जिला भंडार केंद्र एवं राशन दुकानों तक सप्लाई व्यवस्था की पूरी निगरानी अपने हाथों में लेने जा रहा है। इसके लिए खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने शासन को नोटशीट भेजी है। जिस पर विचार होना है।

## हर स्तर पर होगी निगरानी

यदि सार्वजनिक वितरण प्रणाली की यह नई व्यवस्था लागू होती है तो फिर बड़े गोदामों से राशन के परिवहन होने से लेकर जिला भंडार केंद्रों पर उतरने एवं फिर राशन दुकानों तक पहुंचाने तक की पूरी निगरानी खाद्य विभाग ही करेगा। यानी जिलों में भी अधिकारी प्रदेश स्तर से तय होंगे। खाद्य विभाग का कौनसा अधिकारी भंडार गृहों से माल निकलवाएगा और कौनसा राशन दुकानों तक पहुंचेगा। इसकी जमावट शासन स्तर पर या फिर संचालनालय स्तर से की जाएगी। यह बात अलग है कि खाद्य विभाग में अमले की कमी है। यदि राशन वितरण, भंडारण एवं परिवहन निगरानी व्यवस्था से एसडीएम, तहसीलदार एवं अन्य को हटाया जाता है तो फिर खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग को अधिकारियों की समस्या का सामना करना पड़ेगा। यह भी संभव है कि जिले में राशन वितरण से लेकर भंडारण एवं परिवहन की निगरानी व्यवस्था एक ही अधिकारी को सौंप दी जाए। वर्तमान में वेयर हाउस प्रभारी से लेकर भंडार प्रभारी एवं वितरण प्रभारी एसडीएम, तहसीलदार एवं अन्य को बनाया जाता है। मप्र में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत हर महीने 5.43 करोड़ लोगों को राशन मिलता है। जिसमें एक व्यक्ति को 5 किलो अनाज मिलता है। आधार लिंकिंग से 5 लाख से ज्यादा नाम काटे गए हैं, संभवत- ये नाम फर्जी थे या हितग्राही प्रदेश छोड़ गया है या दुनिया में नहीं है। ई-केवाबसी नहीं कराने वालों के भी नाम काटे जा रहे हैं।

## आरटीई प्रवेश प्रक्रिया का दूसरा चरण आज से

**जबलपुर।** प्रदेश में निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम में कमजोर वर्ग एवं वंचित समूह के बच्चों के गैर अनुदान मान्यता प्राप्त अशासकीय स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश का दूसरा चरण 16 जून सोमवार से शुरू होगा। प्रथम चरण के बाद जिन स्कूलों में सीटें रिक्त रह गई हैं, उन स्कूलों में रिक्त सीटों की जानकारी द्वितीय चरण प्रवेश प्रक्रिया के लिए पोर्टल पर प्रदर्शित की गई है। आवेदकों द्वारा स्कूलों के च्वाइस को अपडेट किये जाने का कार्य 20 जून तक किया जा सकेगा। द्वितीय चरण के लिए ऑनलाइन लाटरी 25 जून 2025 को होगी। आवंटन के बाद स्कूल में प्रवेश एवं संबंधित स्कूल द्वारा मोबाइल ऐप से एडमीशन रिपोर्टिंग 25 जून से 30 जून 2025 तक की जा सकेगी। द्वितीय चरण के लिए नवीन आवेदन पंजीयन नहीं होगा और पुनः सत्यापन प्रक्रिया भी नहीं होगी। वह आवेदक जिन्होंने प्रथम चरण में आवेदन किया था और सत्यापन के बाद पात्र पाए गए थे, उनका प्रथम चरण में कोई स्कूल आवंटित नहीं हुआ था वह द्वितीय चरण के लिए स्कूल की च्वाइस अपडेट कर सकते हैं।

# तेज शंटिंग से डेड एंड क्षतिग्रस्त कोचिंग डिपो के पास सुबह घटी दुर्घटना

**जबलपुर।** रेल मंडल के जबलपुर स्थित कोचिंग डिपो में रविवार की सुबह एक दुर्घटना में शंटिंग के दौरान डेड एंड क्षति ग्रस्त हो गया. दरअसल नये कोच को दो नंबर लाइन पर प्लेस कराया जा रहा था इसी दौरान तेज शंटिंग से नया कोच डेड एंड तक पहुंच गया. जिससे वह क्षतिग्रस्त हो गया. घटना की जानकारी लगते ही अधिकारी, आरपीएफ स्टाफ मौके पर पहुंचा और घटना की जानकारी ली.




घटना के संबंध में बताया जाता है कि रविवार सुबह 10 बजे के लगभग कोचिंग काम्पलेक्स की ओर से एक इंजन धक्का देते हुए कुछ नये कोचों को 2 नंबर लाइन पर प्लेस कर रहा था, इसी दौरान धक्का कुछ अधिक लग गया, जिससे कोच डैड एंड तक पहुंच गया और डैड एंड क्षतिग्रस्त हो गया।

बताया जाता है कि जैसे ही घटना की जानकारी लगी रेल अधिकारी जिसमें स्टेशन डायरेक्टर संजय शर्मा, आरपीएफ के उपनिरीक्षक व अन्य स्टाफ, इंजीनियरिंग विभाग का स्टाफ मौके पर पहुंचा और जांच शुरू कर दी है। माना जा रहा है कि यह तो अच्छा था कि डैड एंड काफी मजबूत बना हुआ है, अन्यथा इससे कुछ मीटर आगे ही रेलवे के लिनेन डिपो है, जहां पर बड़ी संख्या में कर्मचारी कार्यरत हैं, जो बड़े हादसे का शिकार हो सकते थे।

## टैक्स बार एसोसिएशन द्वारा क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित

**जबलपुर।** टैक्स बार एसोसिएशन जबलपुर द्वारा आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए के अध्यक्ष शिशिर नेमा, जनरल सेक्रेटरी गोपाल तंतव्य और पदाधिकारी और कार्यकारिणी के सभी सदस्यों, टूर्नामेंट मैनेजमेंट के विशेष मार्गदर्शन एवं सहयोगी श्री एम. एम. नेमा संरक्षक व्ही.के.दवे संरक्षक पंकज नेमा, पवन नेमा, अभिजीत दवे , मयंक कौशल,मयूर कौशल, सचिन मिश्रा, परेश वर्मा, शैलेंद्र सिंह ठाकुर, प्रवीण जोशी, प्रत्यक्ष,अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले के अथक मेहनत और कार्य कुशलता से एक शानदार टूर्नामेंट आयोजित किया गया। टूर्नामेंट में भाग लेने वाली टीमों के प्रमोटर एवं कप्तान में प्रमोटर व्ही.के.दवे कप्तान एस.एस.ठाकुर, सुमित नेमा, परेश वर्मा, कमल वालेचा अंपायर पार्थ नेमा (पंकज नेमा), सिद्धांत ठाकुर (सुशील सिंह ठाकुर), ऋषभ नेमा (अजय नेमा), वनबंधु परिषद युवा शाखा के अध्यक्ष और हमारे संरक्षक गणेश नारायण पुरोहित और पदाधिकारियों द्वारा सभी खिलाड़ियों के लिए टी-शर्ट प्रायोजित की गईं।

# V-मित्र मोबाइल एप

# बिजली कंपनी का क्रांतिकारी नवाचार आम जनता को मिले कई अधिकार



**जबलपुर।** मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने एक क्रांतिकारी नवाचार के तहत ऐसा मोबाइल एप तैयार किया है, जो विद्युत वितरण कंपनी के लिए अनेक प्रकार से लाभकारी है। इस एप के माध्यम से एक ओर जहां उपभोक्ता को अधिकारियों की भांति शक्तियों मिल गई हैं, वहीं दूसरी ओर विद्युत वितरण कंपनी के राजस्व में इजाफा होगा, क्योंकि इससे बिजली चोरी पर प्रभावी अंकुश लगेगा।

पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक अनय द्विवेदी के मार्गदर्शन में कंपनी के अधिकारियों द्वारा तैयार किया गया मोबाइल एप उपभोक्ताओं और नागरिकों को विद्युत वितरण कंपनी की सार्वजनिक सेवाओं की निगरानी करने का एक ऐसा तरीका प्रदान करता है, जो पारदर्शी, सरल और सुरक्षित है। इस एप का उद्देश्य निष्पक्षता, पारदर्शिता सुनिश्चित करना और बिजली का दुरुपयोग रोकना है। ये एप न केवल बिजली सेवाओं के वितरण को देखने, सत्यापित करने और रिपोर्ट करने की अनुमति देता है, अपितु सेवा उपयोगकर्ताओं की भागीदारी से जवाबदेही को बढ़ावा देता है। इस एप की विशेषता को संक्षिप्त में कहा जाए तो- "जनता का ऑडिट, जनता के द्वारा, जनता के लिए"। V-मित्र का मुख्य उद्देश्य बिजली वितरण प्रणाली में अनियमितताओं और बिजली चोरी को कम करना है, जिससे उपभोक्ताओं को बेहतर सेवा मिले। पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने पारदर्शिता को मजबूत करने और बिजली वितरण में अनियमितताओं की निगरानी में जनता को शामिल करने हेतु V-मित्र की अवधारणा को अपनाया है। V-मित्र एप के प्रमुख उद्देश्य- बिजली चोरी और मीटर बायपास रोकना, अवैध कनेक्शन पर नजर रखना और अनधिकृत रूप से अधिक लोड का उपयोग कम करना है। पहली बार किसी विद्युत वितरण कंपनी ने बिजली चोरी और अनियमितताओं पर अंकुश लगाने के लिए नागरिकों की भूमिका को पहचाना है और इसे अमलीजामा पहनाने के लिए नागरिकों को इस मुहिम में शामिल किया है, इसके लिए V-मित्र एप के माध्यम से नागरिकों को वो अधिकार दे दिए हैं, जो अभी तक अधिकारियों के पास थे। इससे पहले केवल बिजली अधिकारी ही बिजली सेवा के दुरुपयोग की पहचान करते थे, लेकिन अब नागरिक भी भाग लेकर जिम्मेदार और निष्पक्ष बिजली उपयोग सुनिश्चित कर सकते हैं। इस मुहिम में नागरिक संदिग्ध गतिविधि की निगरानी और रिपोर्ट करके, मीटर छेड़छाड़, हुकिंग या अवैध विस्तार को चिह्नित करके, अनधिकृत कनेक्शन या लोड के दुरुपयोग को हतोत्साहित करके, ईमानदार उपयोग को समर्थन देकर और सार्वजनिक निगरानी में भाग लेकर अपना योगदान दे सकते हैं। इस प्रकार विद्युत वितरण प्रणाली को अधिक विश्वसनीय, निष्पक्ष और किफायती बनाया जा सकता है।

विद्युत वितरण प्रणाली के दुरुपयोग- जैसे बिजली चोरी, अवैध कनेक्शन, लोड के दुरुपयोग के कारण बिजली कंपनी को बड़ी मात्रा में राजस्व हानि हो रही थी। ऐसे में विद्युत वितरण कंपनी प्रबंधन का मानना है कि वाणिज्यिक नुकसान के चलते, अनियमितताओं की पहचान के लिए नागरिकों को इस प्रक्रिया का हिस्सा बनाना आवश्यक हो गया है। इसे ध्यान में रखते हुए MPEZ ने V-मित्र डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म विकसित किया है, जो आंतरिक सतर्कता और नागरिक भागीदारी को जोड़ता है। V-मित्र एप का मुख्य उद्देश्य है- बिजली चोरी, मीटर छेड़छाड़ और अवैध कनेक्शनों का शीघ्र पता लगाना, सतर्कता टीमों को प्रमाण आधारित जन-सूचनाओं के माध्यम से सहयोग देना, मोबाइल एप के जरिए नागरिकों की भागीदारी को आसान बनाना, सत्यापित उपभोक्ता डेटा तक पहुंच प्रदान कर पारदर्शिता बढ़ाना, वैध जानकारी देने वाले एप यूजर को पारदर्शी इनाम प्रणाली के माध्यम से विश्वास पैदा करना। V-मित्र एप को सरल उपयोग और सभी के लिए सुलभ बनाया गया है। इस एप पर शिकायत करने के लिए पंजीकरण आवश्यक है, लेकिन पंजीकरण या रिपोर्ट के लिए किसी दस्तावेज की आवश्यकता नहीं होगी। साथ ही अगर कोई नागरिक अपनी पहचान छिपाना चाहता है, तो गुमनाम रूप से शिकायत करना का भी विकल्प दिया गया है। किसी भी स्थान से सूचना दर्ज की जा सकती है, यदि सूचना सही पाई जाती है तो उपयोगकर्ता को पुरस्कार दिया जाएगा और पुरस्कार की राशि सीधे उपयोगकर्ता के लिंक्ड बैंक खाते में ट्रांसफर की जाएगी। सभी उपभोक्ताओं की विस्तृत जानकारी ऐप और MPEZ की वेबसाइट पर उपलब्ध है। समाधान से असंतुष्ट होने पर अपील करने का विकल्प है।



## जगन्नाथ पुरी की तर्ज पर गढ़ाफाटक से निकलेगी 258वीं रथ यात्रा

**जबलपुर।** श्री धाम जगदीश मंदिर गढ़ा फाटक से 258वीं रथ यात्रा 27 जून दिन शुक्रवार को प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी निकाली जाएगी। भव्य रथ यात्रा चल समारोह का स्वागत बड़े पुफ़ारा ने सोने की झाड़ू से सड़क बुहारने के बाद ढोल, नगाड़े, बैंड बाजा, भक्ति भाव की करतल ध्वनि के साथ भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और देवी सुभद्रा रथ पर विराजमान होकर नगर का भ्रमण करेंगे। श्री जगदीश मंदिर गणेश मंदिर लोक न्यास ट्रस्ट के प्रबंध न्यासी लाल झानेंद्र सिंह ने बताया कि जगदीश मंदिर गढ़ाफाटक जो शहर संस्कारधानी का हृदय स्थल लगभग 400 वर्ष पूर्व अति प्राचीन मंदिर है जिसमें समय-समय पर धार्मिक कार्यक्रम किए जाते हैं जहां श्रद्धालु भक्तगण लाखों की संख्या में आस्था के साथ सम्मिलित होते हैं, भगवान जगन्नाथ को श्रीकृष्ण का अवतार माना गया है जिनकी महिमा का उल्लेख धार्मिक ग्रंथों एवं पुराणों में भी किया गया है। ऐसी मान्यता है कि जगन्नाथ रथयात्रा में भगवान श्रीकृष्ण और उनके भाई बलराम और बहन सुभद्रा का रथ होता है, जो इस रथयात्रा में शामिल होकर रथ को खींचते है उन्हें सौ यज्ञ के बराबर पुण्य लाभ मिलता है। रथयात्रा के दौरान लाखों की संख्या में लोग शामिल होते हैं एवं रथ को खींचने के लिए श्रद्धालुओं का भारी तांता लगता है। उपस्थिति की अपील जगदीश मंदिर ट्रस्ट के प्रबंध न्यासी लाल झानेंद्र सिंह बघेल, न्यासी राजकुमार साहू, विपिन मिश्रा, तेज कुमार मोड़, प्रबंधक मोहित तिवारी, लाल अच्युतेंद्र सिंह बघेल, सुजीत सिंह रघुवंशी, मुख्य पुजारी देवेंद्र त्रिपाठी, डॉ. विजयकांत तिवारी, शिखा बघेल, रजनी अहिरवार, अमित दुबे, राकेश उपाध्याय, दिलीप पुरी गोस्वामी, सुरेंद्र पुरी गोस्वामी, दीपक तिवारी, हर्ष तिवारी आदि ने की है।

## महिला संस्था सर्वमंगला ने किया नाट्य मंचन

**जबलपुर।** कचनार क्लब में आयोजित सर्वमंगला समिति का भव्य आयोजन हुआ जिसमें स्त्री अशी घड़ते गाथा का मंचन किया गया। इस अवसर पर आनंद मेले के साथ अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये गये। कचनार क्लब में इस अवसर पर भारी संख्या में महिलायें एवं सभी वर्ग के लोग सम्मिलित थे। बाई हेवी- के नौ रूप अहिल्या बाई होल्कर लक्ष्मीबाई, रानी दुर्गावती पर आयोजन किये गये। समिति की नीलिमा देशपांडे, प्रीती गोरे, लोनावाले जया पागे, सोनल उज्जैनकर, रेखा भालेराब अहिता, शर्मिष्ठण, अश्विनी जयश्री प्रीति रंजना अर्पिता ने आभार व्यक्त किया।



## समर कैम्प में बच्चों ने सीखा आत्मविश्वास और अनुशासन

**जबलपुर।** आल राउंडर मार्शल आर्ट कराते क्लब के तत्वावधान में ग्रीष्मकालीन समर कैम्प का आयोजन कोच प्रकाश यादव के मार्गदर्शन में शासकीय स्कूल सूजीपुरा में किया गया था, जिसका समापन 14 जून को हुआ। गर्मी की छुट्टियों में बच्चों ने आत्मविश्वास और अनुशासन के साथ कराटे, योग जैसी विधाओं को सीखा। समापन समारोह में बच्चों ने अपने कौशल का प्रदर्शन किया जिसे देखकर अभिभावक और अतिथि बहुत प्रभावित हुए। आयोजकों ने सभी प्रशिक्षकों और प्रतिभागी बच्चों (आशुतोष सोनी, समर्थ सोनी, तनिष्क वर्मा, आराध्य वर्मा, अक्षय लखेरा, पूर्णिमा लखेरा, शिवान्य चोहटेल, लावण्या, आरुषि समुद्रे, आदेश सिंह, वीर मलिक, नम्रता काछी, काव्य सोनी, आस्था हल्दकार, हर्ष यादव, लक्ष्मी लखेरा व अन्य) को सम्मानित किया। इस कार्यक्रम के अतिथि पूर्व विधायक विनय सक्सेना, टिकेन्द्र यादव, प्रवीण साहू, रामजी यादव, रोहित नेमा, साहिल यादव, नरेश यादव, पिंकी पॉल का स्वागत हेड कोच प्रकाश यादव एवं मुकेश सोनी ने किया।



## गुलप्रीत कौर जस्सल ने जीता 'सिख बीबा बच्चा' अवार्ड

**जबलपुर।** खालसा स्कूल रांझी में गुरमत मिशन द्वारा ग्रीष्मकालीन गुरमत ज्ञान पंजाबी कक्षाओं का आयोजन किया गया, जिसमें गुरमत मिशन के स. जोगासिंह भोमरा एवं फुलबीर सिंह व मिशन के समस्त सदस्यों द्वारा रांझी संभाग के आसपास के सभी छात्र, छात्राओं को विगत दो माह में गुरमत ज्ञान की शिक्षा प्रदान की गई। तदोपरांत सभी छात्र-छात्राओं की परीक्षाएं ली गईं जिसमें रांझी संभाग से गुलप्रीत कौर जस्सल एवं अन्य छात्र-छात्राएं उत्तीर्ण हुए। गुरमत मिशन के सबसे बड़े पुरस्कार 'सिख बीबा बच्चा' से गुलप्रीत कौर जस्सल को अनुकरणीय अध्ययन पर उपाधि एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया।



# "आगाज़ मित्रता का" रोटरी प्रशिक्षण शिविर संपन्न

**'कभी रुके न कदम, कभी डिगे न क़दम' की भावना के साथ रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3261 के नव-नियुक्त पदाधिकारियों को जबलपुर में प्रशिक्षित किया गया**

**जबलपुर।** रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3261 (मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ एवं ओडिशा) के नव-निर्वाचित पदाधिकारियों के लिए "आगाज़ मित्रता का" एक दिवसीय रोटरी प्रशिक्षण शिविर का आयोजन जबलपुर स्थित होटल सत्या अशोका में रोटरी क्लब संस्कारधानी के तत्वावधान में किया गया। इस शिविर का उद्देश्य रोटरी वर्ष 2025-26 की कार्ययोजना एवं सामाजिक लक्ष्यों की रूपरेखा तय करना रहा। यह आयोजन न केवल रोटरी की मूल भावना 'सेवा से पहले स्व' को सशक्त करता नजर आया। कार्यक्रम में पधारे मप्र, छग व उड़ीसा के रोटेरियंस द्वारा सामाजिक परिवर्तन के मार्ग पर सशक्त विचार और ऊर्जा से परिपूर्ण कर गया। कार्यक्रम का संचालन रोटे. अनुराग गढ़वाल द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस प्रशिक्षण सत्र का नेतृत्व आगामी डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन अमित जायसवाल ने किया, जिन्होंने जुलाई से प्रारंभ हो रहे अपने कार्यकाल की शुरुआत 51,000 पौधारोपण और 2,500 यूनिट रक्त संग्रह के संकल्प के साथ करने की घोषणा की। रोटरी के सात मुख्य फोकस क्षेत्र- पर्यावरण, जल संरक्षण, शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, युवा विकास एवं सामुदायिक सेवा के अंतर्गत



आगामी वर्ष की योजनाओं को प्रस्तुत किया गया। प्रमुख वक्ताओं में पूर्व प्रांतपाल रोटे. सुनील फाटक ने जल संरक्षण हेतु वॉटर हार्वेस्टिंग की आवश्यकता पर बल दिया, वहीं पूर्व प्रांतपाल डॉ. निखलेश त्रिवेदी ने शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में क्रियान्वयन पर प्रेरणा दी। वरिष्ठ रोटेरियन नवीन भवसार ने रक्तदान शिविर आयोजित करने का आह्वान किया, ताकि ब्लड बैंक में वर्षभर आवश्यक रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके। नव-निर्वाचित डिस्ट्रिक्ट गवर्नर (26-27) रोटे. भानु प्रताप चौधरी ने रोटरी इंटरनेशनल के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। डिस्ट्रिक्ट मीडिया चेयरमेन रोटे. नितिन जैन ने बताया कि डिस्ट्रिक्ट के 100 से अधिक क्लब वर्षभर सामूहिक रूप से सामाजिक सरोकारों व जल एवं पर्यावरण संरक्षण पर कार्य करेंगे। जिला सेक्रेटरी रोटे. अजित खंडेलवाल (2025-26) द्वारा रोटरी खेल स्पर्धा के बारे विस्तृत जानकारी दी गई। DMT रोटे. परवेज अली खान द्वारा हैप्पी स्कूल प्रोजेक्ट के माध्यम से बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने की कार्य योजना से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में असिस्टेंट गवर्नर्स रोटे. मयंक साहू, सौरभ माहेश्वरी, विजय दुबे, अशोक राजपूत आदि विशिष्ट आमंत्रित वक्ता के रूप में उपस्थित थे, इन सभी ने भी अपने अनुभव साझा किए।

शिविर चेयरमेन रोटे. अंजुल जैन ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया और रोटे. मनीष बजाज (कोषाध्यक्ष, रोटरी क्लब संस्कारधानी) ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट की प्रथम महिला ऐंस पल्लवी जायसवाल की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।इस आयोजन को सफल बनाने में रोटरी क्लब संस्कारधानी के अध्यक्ष रोटे. सुनील जसवानी, सचिव रोटे. पारस मखीजा, इवेंट सेक्रेटरी रोटे. अंकुर माहेश्वरी और समन्वयक रोटे. हरीश रीजवानी एवं रोटे. अभिषेक केसरवानी सहित रोटरी क्लब संस्कारधानी के संस्थापक अध्यक्ष रोटे. अरुण गुप्ता, पूर्व अध्यक्ष अनिल अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल आदि अन्य सदस्यों का विशेष योगदान रहा।

## मध्य प्रदेश लोकतंत्र सेनानी संघ 25 जून को मनाएगा "लोकतंत्र हत्या दिवस"

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश लोकतंत्र सेनानी संघ की बैठक 15 जून को घंटाघर कॉफी हाउस में आयोजित की गई, जिसे मध्य प्रदेश लोकतंत्र सेनानी संघ और भाजपा जिला संयोजक तपन भौमिक ने सम्बोधित करते हुए मीसा बंदियों के संघर्ष पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि जबलपुर में 385 मीसा बंदी थे और आज भी 85 जीवित हैं, उनमें से भी 35 ही चलने, फिरने में सक्षम हैं। आज भी मीसा बंदियों का अंतिम संस्कार तिरंगे में सम्मान से होता है। उन्होंने बताया कि आगामी 25 जून को जिला स्तर पर "लोकतंत्र हत्या दिवस" मनाया जाएगा जिसमें 26 जून को भोपाल में मुख्यमंत्री निवास पर प्रदेश के सभी मीसा बंदियों को आमंत्रित किया गया है, इस हेतु सभी कलेक्टरों को निर्देशित किया गया है कि सभी लोकतंत्र सेनानियों को पत्र द्वारा सूचना दें, और जो लोकतंत्र सेनानी चलने, फिरने में अक्षम हैं उन्हें सम्मान से भोपाल सीएम हाउस लाएं।

## लोगों की जान बचाने वाले रक्तवीरों को मिला सम्मान

### अपोलो जेबीपी हॉस्पिटल्स एवं जबलपुर ब्लड बैंक ने आयोजित किया कार्यक्रम

**जबलपुर।** विश्व रक्तदान दिवस के उपलक्ष्य में अपोलो जेबीपी हॉस्पिटल एवं जबलपुर ब्लड बैंक के सहयोग से अपोलो जेबीपी हॉस्पिटल्स के सभागृह में रक्तवीर संवाद एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जबलपुर जोन के पुलिस उपमहानिरीक्षक अतुल सिंह रहे, वहीं अध्यक्षता बड़ेरिया ग्लोबल ग्रुप के चेयरमेन एवं इंडियन रेडक्रॉस सोसाएटी जबलपुर के उपाध्यक्ष सौरभ बड़ेरिया ने की। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत बड़ेरिया ग्रुप डॉयरेक्टर डॉ. शोभित बड़ेरिया ने किया। इस मौके पर जबलपुर के चिकित्सा जगत का विकास तथा अपेक्षाएं विषय पर चर्चा एवं संवाद किया गया, जिसमें बड़ेरिया ग्लोबल ग्रुप के चेयरमेन एवं इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी जबलपुर के उपाध्यक्ष सौरभ बड़ेरिया ने अपने विचार व्यक्त किए। इसके पश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जबलपुर जोन के पुलिस उपमहानिरीक्षक अतुल सिंह ने अपना उद्बोधन दिया। अतिथियों के उद्बोधन के पश्चात



रक्तदान कर लोगों की जान बचाने वाले शहर की विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं के 150 से ज्यादा रक्तदाताओं को 'रक्तवीर सम्मान' से सम्मानित किया गया। ये वही रक्तदाता हैं जिन्होंने अभी तक कई बार रक्तदान किया और हजारों लोगों को नई जिंदगी प्रदान की। इन रक्तदाताओं ने न दिन देखा, न रात बस जब भी जरूरत पड़ी सूचना मिलते ही वे जरूरतमंद के लिए रक्तदान करने पहुंच गए। इन्हीं रक्तदाताओं की वजह से कई जरूरतमंदों को सही समय पर रक्त मिल पाया और उन्होंने मौत को हराकर जिंदगी की जंग जीत ली। लिहाजा रक्तवीर का सम्मान पाकर रक्तदाता काफी अभिभूत नजर आए। रक्तवीरों ने अपोलो जेबीपी हॉस्पिटल्स और जबलपुर ब्लड बैंक का आभार व्यक्त किया। रक्त वीरों ने कहा कि अपोलो हॉस्पिटल जैसी विश्व स्तरीय चिकित्सा सुविधा प्रदान करने वाले अस्पताल की रक्तदाताओं के प्रति संवेदनशीलता तारीफ के काबिल है। कार्यक्रम में निलेश रावल, डॉ. शरद जैन और डॉ. संध्या जैन और अनीता पटेल विषेश रूप से उपस्थित रहे।



## हिन्दू सेवा परिषद् का विश्व रक्तदान दिवस पर वृहद रक्तदान शिविर संपन्न

**जबलपुर।** विश्व रक्तदान दिवस के शुभ अवसर पर हिन्दू सेवा परिषद् जबलपुर के तत्वावधान में 15 जून को दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक आर्य समाज भवन में सफलतापूर्वक 53 यूनिट रक्तदान कर वृहद रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। हिन्दू सेवा परिषद् के प्रदेश अध्यक्ष अतुल जेसवानी ने बताया कि भीषण गर्मी के चलते भरी दोपहरी में भी 53 रक्तदाताओं ने इस शिविर में सफलतापूर्वक रक्तदान कर एक अनूठा उदाहरण पेश किया। साथ ही यह भी बताया कि हिन्दू सेवा परिषद् जिस प्रकार से धर्म, राष्ट्र एवं समाज के कार्य करता आ रहा है, इसी प्रकार से भविष्य में भी ऐसे कार्य करता रहेगा।इस कार्यक्रम में हिंदू सेवा परिषद् के प्रदेश अध्यक्ष अतुल जेसवानी, सौरभ जैन, धीरज ज्ञानचंदानी, गौरव साहू, निखिल कनौजिया, नितिन सोनपाली, सत्येंद्र विश्वकर्मा, अक्षय झा, राजा रजक, अभिषेक अहिरवार, विनय राजपूत एवं अन्य रक्तदाता एवं कार्यकर्ता उपस्थित हुए।






**जमुना बाई विश्वकर्मा:** सिहोरा, खितौला निवासी श्रीमती जमुना बाई विश्वकर्मा का 90 साल की उम्र में निधन हो गया था। अंतिम संस्कार हिरन नदी खितौला घाट में किया गया। वे स्वर्गीय शिव प्रसाद विश्वकर्मा की धर्मपत्नी एवं एड रमेश, राजेन्द्र, राजकुमार, पुरषोत्तम, निरंजन विश्वकर्मा की मां तथा प्रशांत, एड निशांत, शशांक, मयंक, शुभम, साहिल विश्वकर्मा की दादी थी।

**जगदीप सिंह बैंस:** सिहोरा खितौला निवासी नया इंडिया भोपाल के संपादक जगदीप सिंह बैंस का 54 साल की उम्र में निधन हो गया है। अंतिम संस्कार खितौला हिरन नदी मंझगवा घाट में किया गया। वे प्रदीप सिंह, दिलीप सिंह, कुलदीप सिंह एंव अधिवक्ता संघ अध्यक्ष रविदीप सिंह बैंस के भाई थे। पूर्व में जगदीप सिंह जबलपुर नवभारत से भी जुडे रहे।



**श्री जीतेंद्र यादव-** बिलहरी निवासी श्री महेश यादव के पुत्र श्री जीतेंद्र यादव (38) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती रामचमेली मंगा-** महावीर कॉलोनी हाथीताल निवासी श्री श्रीराम मंगा की धर्मपत्नी श्रीमती रामचमेली मंगा का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री नारायण प्रसाद चौधरी-** ककरैया तलैया गोरखपुर निवासी श्री नारायण प्रसाद चौधरी (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री नितिन मेहरा-** हाथीताल निवासी श्री हुकुमत राय मेहरा के पुत्र श्री नितिन मेहरा (42) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री तुलसीराम झारिया-** कृषि नगर अधारताल निवासी श्री तुलसीराम झारिया (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती भारती डुमार-** प्रेमसागर निवासी श्री रमन डुमार की धर्मपत्नी श्रीमती भारती डुमार (42) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री शारदा सिंह गौंड़-** पोलीपाथर निवासी श्री शारदा सिंह गौंड़ (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सुमित्रा बाई कोरी-** शीतलामाई निवासी श्री पूरन लाल कोरी की धर्मपत्नी श्रीमती सुमित्रा बाई कोरी (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री नितिन समुंद्रे-** छुई खदान अचंल नगर श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड निवासी श्री राजेंद्र कुमार समुंद्रे के पुत्र श्री नितिन समुंद्रे (35) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री प्रभुदयाल सेन-** राजीव नगर आईटीआई माढ़ोताल निवासी श्री प्रभुदयाल सेन (61) का विगत दिवस निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती मंजुल तिवारी-** नर्मदा नगर नर्मदा रोड निवासी श्री केएन तिवारी की धर्मपत्नी श्रीमती मंजुल तिवारी (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कुसुम बाई चौधरी-** रविदास नगर राधकृष्णन वार्ड निवासी श्री रामदास चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती कुसुम बाई चौधरी (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री द्वारका प्रसाद तिवारी-** स्टार सिटी चमन नगर निवासी श्री द्वारका प्रसाद तिवारी (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
बिजी/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- सें.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- सें.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज सें.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303508294, 9407362100

## एक ही पद पर दो के स्थानांतरण

**जबलपुर।** आरएसके भोपाल द्वारा संविदा कर्मियों हेतु स्थानांतरण आदेश जारी किया गया जिसके अनुसार 75 कर्मचारियों की सूची है जिसमे 3 कर्मचारियों का स्थानांतरण जबलपुर जिले में हुआ जिसमे 2 लेखापाल एवं 1 एम्आईएस समन्वयक का हुआ है जिसमे डी पी सी अपनी मनमानी करते हुए संयुक्त संचालक के आदेश के नकारते हुए एक जिला स्तर पर स्थानांतरण आदेश जारी कराया गया एम्आईएस समन्वयक पद पर दीपिका तिवारी ब्लॉक बटियागड दमोह से जनपद शिक्षा केंद्र पनागर में हुआ है लेकिन डीपीसी के पैसे के लालच के चलते जनपद शिक्षा केंद्र में योगेन्द्र सिंह जो कि जनपद शिक्षा केंद्र शहपुरा जबलपुर में पदस्थ थे इसी प्रकार 2 लेखापाल का स्थानांतरण अन्य जिलों से जिला शिक्षा केंद्र में हुआ है उनको जिले भिन्न भिन्न ब्लॉक में भेजा जा रहा है। आपसी लाभ के चलते जिले में पहले से नियुक्त लेखापाल एवं एम् आई एस समन्वयक को बिना कर्मचारी सहमति के अन्य ब्लॉक में भेजा जा रहा है।



## पंचवटी नावघाट एवं वीआईपी गेट हुये बंद

**भेड़ाघाट।** विश्व प्रसिद्ध धुआंधार के पंचवटी नावघाट एवं वीआईपी गेट वर्षाकाल को दृष्टिगत रखते हुए 16 जून 2025 से 14 अक्टूबर 2025 तक के लिए बंद कर दिए गए हैं। नगर महापौर जगत बहादुर अन्नू, नगर परिषद भेड़ाघाट अध्यक्ष चतुर सिंह लोधी, विधायक प्रतिनिधि ओमनारायण दुबे, पार्षद संध्या सिंह, आशीष जैन द्वारा माँ नर्मदा जी की महाआरती पूजन अर्चन कर पंचवटी नावघाट का समापन किया गया। इस अवसर पर नावघाट प्रभारी लक्ष्मीनारायण दुबे एवं समस्त नाविक उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### पूंजीकरण में सबसे अधिक नुकसान में एचडीएफसी बैंक




**नई दिल्ली।** स्थानीय शेयर बाजार में सुस्ती के रुख के बीच बीते सप्ताह सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से आठ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में सामूहिक रूप से 1,65,501.49 करोड़ रुपये की गिरावट आई। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,070.39 अंक या 1.30 प्रतिशत टूट गया।

### बीते सप्ताह सभी तेल और तिलहन के भाव मजबूत रहे



**नई दिल्ली।** विदेशी बाजारों में खाद्य तेल कीमतों में तेजी के बीच घरेलू तेल बाजार में बीते सप्ताह सोयाबीन तिलहन को छोड़कर बाकी सभी तेल-तिलहनों के दाम पिछले सप्ताहांत के मुकाबले सुधार दर्शाते बंद हुए। शिकॉगो एक्सचेंज में 13 जून को सोयाबीन डीगम तेल के दाम में 56 डॉलर प्रति टन की बढ़ोतरी होने के बाद वहां बाजार में ऊपरी सर्किट लगाना पड़ा।

### वोल्टास के वोल्टबेक का राजस्व 39.5 फीसदी बढ़ा

VOLTAS
A TATA Enterprise

**नई दिल्ली।** वोल्टास और तुर्किये की कंपनी अर्सेलिक के संयुक्त उद्यम वोल्टबेक होम अप्लायंसेज ने वित्त वर्ष 2024-25 में अपने घाटे को कम करके 241.89 करोड़ रुपये कर दिया। इस दौरान कंपनी का परिचालन राजस्व 39.5 प्रतिशत बढ़कर 2,235.53 करोड़ रुपये हो गया। वोल्टबेक ने मात्रा के लिहाज से सालाना आधार पर 57 प्रतिशत की मजबूत वृद्धि भी हासिल की।

### हीरो फिनकॉर्प ने आईपीओ पूर्व दोर में 260 करोड़ जुटाए

Hero FINCORP

**नई दिल्ली।** दोपहिया वाहन कंपनी हीरो मोटोकॉर्प की वित्तीय सेवा इकाई हीरो फिनकॉर्प ने आईपीओ पूर्व नियोजन दौर में 260 करोड़ रुपये जुटाए हैं। नए निर्गम का आकार 2,100 करोड़ रुपये से घटकर 1,840 करोड़ रुपये रह गया है। कुल आईपीओ 3,408 करोड़ रुपये है। इसमें मौजूदा निवेशकों की ओर से 1,568 करोड़ रुपये की बिक्री पेशकश शामिल है।

### अगोडा में भारतीय कर्मियों की संख्या में वृद्धि होगी




**नई दिल्ली।** यात्रा बुकिंग मंच अगोडा के सीईओ ओमरी मोर्गनश्टर्न ने कंपनी के लिए भारत को एक महत्वपूर्ण बाजार बताते हुए कहा कि भारतीय कर्मचारियों की संख्या में खासी बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। सिंगापुर मुख्यालय वाली इस कंपनी के कर्मचारियों में भारतीय राष्ट्रीयता वाले कर्मचारियों की संख्या दूसरे स्थान पर है।

### राकेश झुनझुनवाला ने नजारा में अपनी पूरी हिस्सेदारी बेची

**नई दिल्ली।** दिवंगत उद्योगपति राकेश झुनझुनवाला की पत्नी और एस्टेट ऑफ लेट राकेश झुनझुनवाला'' की निष्पादक रेखा झुनझुनवाला ने खुले बाजार में बिक्री के जरिये नजारा टेक्नोलॉजीज में कंपनी की पूरी हिस्सेदारी बेच दी है। छह जून, 2025 तक नजारा टेक्नोलॉजीज में 44,45,120 शेयर और 5.07 प्रतिशत हिस्सेदारी थी। "नौ जून 2025 से 12 जून 2025 तक, एस्टेट ऑफ लेट राकेश ने कुल 17,21,500 शेयर (यानी 1.9648 प्रतिशत) बेचे थे और 13 जून 2025 को, उन्होंने 27,23,620 शेयर बेचे, जिसके परिणामस्वरूप अंतिम खुलासे के बाद से कुल 5.0734 प्रतिशत का हस्तांतरण हुआ।"

# अमेजन के बेजोस की जगह ओरेकल के एलिसन बने दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

अमेजन के फाउंडर जेफ बेजोस अब दुनिया के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति नहीं रह गए। उनकी जगह ओरेकल के लैरी एलिसन ने लिया है।

■ यह एक दिन में किसी भी अरबपति द्वारा जोड़ी गई सबसे अधिक राशि

फोर्ब्स वर्ल्ड बिलिनियर लिस्ट के अनुसार लैरी एलिसन ने अपने नेटवर्थ में 26 बिलियन डॉलर जोड़े हैं। जोकि किसी भी अरबपति के द्वारा एक दिन में जोड़ा गया सबसे अधिक पैसा है। जिसके बाद 12 जून को उनकी नेट वर्थ 243 बिलियन डॉलर हो गई है। वहीं, अमेजन के चेयरमैन जेफ बेजोस की नेटवर्थ 227 बिलियन डॉलर है।

**फोर्ब्स की सूची के अनुसार एलिसन ने एक दिन में जोड़े 26 बिलियन डॉलर**

#### जेफ बेजोस 2017 में बने दुनिया के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति

*अमेजन के फाउंडर जेफ बेजोस 2017 में दुनिया के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति बन गए थे। तब उनका नेटवर्थ 75.6 बिलियन डॉलर पहुंच गया था। इस उछाल के पीछे की वजह अमेजन के शेयरों की कीमतों में तेजी को माना गया था। तब जेफ बेजोस ने वारने बफेट की जगह ली थी। एलन मस्क की बात करें तो उनकी नेटवर्थ में इस हफ्ते 191 मिलियन डॉलर का इजाफा हुआ है। बता दें, ट्रंप और मस्क के बीच रिश्ते सुधरते नजर आ रहे हैं।*



जेफ बेजोस


लैरी एलिसन

#### ओरेकल के शेयर 13 फीसदी चढ़े

फॉर्ब्स की रिपोर्ट के अनुसार ओरेकल के शेयरों की कीमतों में बुधवार को 13 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली थी। कंपनी की तरफ से जारी रिपोर्ट के अनुसार अर्निंग पर शेयर 1.70 डॉलर पहुंच गया है। वहीं, सेल्स 15.9 बिलियन डॉलर रहा है।

बता दें, जेफ बेजोस ने 8 साल के बाद अरबपतियों की लिस्ट में दूसरे स्थान को गंवाया है।

#### बेजोस मेटा के मार्क से भी पिछड़े

जेफ बेजोस इस समय मेटा के चेयरमैन मार्क (239 बिलियन डॉलर) से भी पिछड़ गए हैं। बता दें, अरबपतियों की लिस्ट में नंबर एक स्थान पर इस समय भी टेस्ला के सीईओ एलन मस्क काबिज हैं। उनकी नेटवर्थ 407 बिलियन डॉलर है।

#### ओरेकल के लिए शानदार रहा मई तिमाही

एलिसन की संपत्ति में इजाफा ओरेकल के शानदार प्रदर्शन की वजह से हुआ है। मई में समाप्त हुए तिमाही में ओरेकल का नेट प्रॉफिट और रेवन्यू मार्केट के अनुमान के मुताबिक रहा है। जिसकी वजह कंपनी के शेयरों का भाव पहली बार 200 डॉलर को क्रॉस कर गया। जिसका फायदा एलिसन को भी मिला है।

### भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर सुब्बाराव ने कहा

# भारत आर्थिक शक्ति के रूप में उभर रहा; पर नौकरी, सुधारों के मोर्चे पर स्थिति अच्छी नहीं

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

*भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर डी सुब्बाराव ने कहा है कि नरेन्द्र मोदी सरकार के 11 साल के कार्यकाल के दौरान मजबूत आर्थिक वृद्धि, राजकोषीय स्थिति और महंगाई दर में नरमी के साथ भारत आज आर्थिक शक्ति के रूप में उभर रहा है, लेकिन अच्छी नौकरी सृजित करने, विनिर्माण और अगली पीढ़ी के सुधारों को आगे बढाने के मोर्चे पर स्थिति अच्छी नहीं है।*


प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में 2014 में जब राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार सत्ता में आई थी, उस समय आर्थिक वृद्धि धीमी थी, महंगाई बढ़ी हुई थी, डॉलर के मुकाबले रुपये की विनिमय दर अस्थिर थी और राजकोषीय तथा चालू खाते का घाटा ऊंचा बना हुआ था तथा फंसे कर्ज की समस्या थी।

#### मुद्रास्फीति नरम, रुपया स्थिर

सुब्बाराव ने कहा, ''आज, 11 साल बाद, आर्थिक वृद्धि मजबूत है, मुद्रास्फीति नरम हुई है, रुपया स्थिर है, बाह्य क्षेत्र मजबूती दिखा रहा है, राजकोषीय स्थिति बेहतर है और फंसे कर्ज की समस्या समाप्त हो गयी है। हालांकि, शुल्क बाधाओं और बिगड़ते भू-राजनीतिक तनावों से कई वैश्विक बाधाएं और अनिश्चितताएं उत्पन्न हुई हैं, बावजूद इसके भारत एक आर्थिक शक्ति के रूप में उभर रहा है जो महत्वपूर्ण है।''

#### आज हम चार ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था

सुब्बाराव ने कहा, ''पिछले 11 वर्षों में यह एक उल्लेखनीय बदलाव है, यह खुशी का कारण है, लेकिन जश्न मनाने का नहीं...। अन्य बातों के साथ हम रोजगार, विनिर्माण और आर्थिक सुधारों को आगे बढ़ाने में विफल रहे हैं।' एक सवाल के जवाब में सुब्बाराव ने कहा, निश्चित रूप से जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) बढ़ रही है, और हम आगे बढ़े हैं। आज हम चार ट्रिलियन (4,000 अरब डॉलर) की अर्थव्यवस्था हैं।



■ भारत आज आर्थिक शक्ति के रूप में उबर रहा
■ सुधारों को आगे बढाने के मोर्चे पर स्थिति अच्छी नहीं
■ आज 11 साल बाद आर्थिक स्थिति मजबूत बनी हुई है

#### 11 साल में रोजगार में कोई सुधार नहीं

वहीं संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के 10 साल (2004-14) में वृद्धि दर औसतन 6.7 प्रतिशत (नई श्रृंखला के तहत) और मुद्रास्फीति लगभग 8.1 प्रतिशत थी। रोजगार की स्थिति के बारे में पूछे जाने पर वर्ष 2008 से 2013 तक आरबीआई के गवर्नर रहे सुब्बाराव ने कहा, ''...पिछले 11 साल में रोजगार में कोई सुधार नहीं हुआ है।

#### मुद्रास्फीति पांच प्रतिशत पर स्थिर

उल्लेखनीय है कि अर्थव्यवस्था का प्रमुख पैमाना आर्थिक वृद्धि और मुद्रास्फीति होती है। पिछले 11 साल में अगर मोदी सरकार के कार्यकाल में औसत वास्तविक वृद्धि दर (कोविड महामारी 2020-21 में आर्थिक वृद्धि में गिरावट के बावजूद) 6.2 प्रतिशत, जबकि मुद्रास्फीति पांच प्रतिशत रही है।

#### हम आज भी पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था

जब मोदी सरकार ने सत्ता संभाली थी तब हम 11वें स्थान पर थे। आज हम दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं। हम इस साल चौथी सबसे बड़ी और 2027 में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे। उन्होंने कहा, ''लेकिन जीडीपी सिर्फ एक पैमाना है। आप जानते हैं, हम एक बड़ी अर्थव्यवस्था हैं, हमारी आबादी 1.4 अरब है।

#### हम अब भी एक गरीब देश

लेकिन सचाई है कि प्रति व्यक्ति आय के हिसाब से, हम अब भी एक गरीब देश हैं, जो किसी देश की बेहतरी का एक मापदंड है। प्रति व्यक्ति आय लगभग 2,800 डॉलर (2,878 डॉलर) है, हम इस मामले में 136वें (196 देशों में) स्थान पर हैं। हम ब्रिक्स में सबसे गरीब हैं। हम जी-20 में सबसे गरीब हैं। और हमारे पास दुनिया के किसी भी अन्य देश की तुलना में अधिक गरीब लोग हैं।''

# दूरसंचार उपकरणों के लिए मानदंड ढीले करने पर विचार

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

उचित सुरक्षा के बिना घरेलू स्तर पर बने दूरसंचार उपकरणों के लिए मूल्य-वर्धन मानदंडों में ढील देने से गैर-विश्वसनीय स्त्रोतों से आयात का जोखिम बढ़ सकता है। जीएक्स ग्रुप के एक शीर्ष अधिकारी ने यह बात कही।

ऐसी खबर है कि दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने दूरसंचार उपकरणों के लिए स्थानीय मूल्य-वर्धन मानदंडों की समीक्षा शुरू कर दी है। गौरतलब है कि देश में सीमित कलपुर्जा पारिस्थितिकी तंत्र के कारण विनिर्माताओं को इलेक्ट्रॉनिक और दूरसंचार उत्पादों में 50-60 प्रतिशत स्थानीय सामग्री हासिल करने में चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है, जब सरकार ने घरेलू स्तर पर निर्मित इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों में स्थानीय मूल्यवर्धन को बढ़ाने के लिए 23,000 करोड़ रुपये की इलेक्ट्रॉनिक्स कलपुर्जा विनिर्माण योजना शुरू की है। जीएक्स ग्रुप के मुख्य कार्यपालक अधिकारी




■ जीएक्स ग्रुप ने किया सावधान

(सीईओ) परितोष प्रजापति ने बताया, ''स्थानीय सामग्री मानदंडों की समीक्षा पर विचार एक स्वागतयोग्य कदम है, हालांकि, विशिष्ट कलपुर्जों पर सावधानी के साथ छूट देने की जरूरत है। प्रजापति ने कहा कि अत्यधिक सावधानी के बिना मूल्य संवर्धन को कम करने से गैर-विश्वसनीय देशों से आयात में वृद्धि का जोखिम बढ़ सकता है। योजना के तहत लाभार्थी है।प्रजापति ने कहा, ''सुरक्षा के प्रति संवेदनशील दूरसंचार उपकरण खंड पहले से ही आयातित उत्पादों से प्रभावित हो रहा है, जिससे दूरसंचार पीएलआई योजना के तहत स्वदेशी उत्पादन की वृद्धि कम हो रही है।''

#### अन्य कंपनियों से टिप्पणियां आमंत्रित

दूरसंचार विभाग ने तीन जून को उद्योग निकायों - वॉयस, टेमा, आईसीईए, सीओएआई और एमएआईटी के साथ ही मूल उपकरण विनिर्माताओं - तेजस, वीवीडीएन, एचएफसीएल, नोकिया, एरिक्सन, सिस्को और अन्य कंपनियों से सार्वजनिक खरीद (मेक इन इंडिया को वरीयता) की समीक्षा पर टिप्पणियां आमंत्रित की थीं।

■ कंपनी को बड़े टायर क्षेत्र में बढ़ोतरी की उम्मीद

# यात्री, हल्के ट्रक टायर कारोबार का विस्तार करेगी कॉन्टिनेंटल

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

टायर विनिर्माता कंपनी कॉन्टिनेंटल भारत में अपने यात्री वाहन और हल्के ट्रक टायर कारोबार का विस्तार करने की तैयारी कर रही है।

कंपनी का इरादा तेजी से बढ़ते यूटिलिटी (उपयोगिता) वाहन खंड की जरूरतों को पूरा करने वाले उत्पादों पर ध्यान केंद्रित करने का है। कॉन्टिनेंटल टायर्स इंडिया के प्रबंध निदेशक समीर गुप्ता ने पीटीआई-भाषा से बातचीत में कहा कि कंपनी को बड़े इंच और बेहद उच्च प्रदर्शन वाले टायर क्षेत्र में बढ़ोतरी



की काफी संभावनाएं नजर आ रही हैं। इन टायरों को एसयूवी, 4x4 और स्पोर्टी वाहनों के लिए डिजाइन किया जाता है। उत्तर प्रदेश में अपने मोदीपुरम संयंत्र में उत्पादन क्षमता में 'दोहरे अंक' की बढ़ोतरी और यूटिलिटी वाहनों के लिए बड़े टायर बनाने को 100 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना बनाई है।


*यात्री वाहन टायर बाजार स्थिर : गुप्ता ने कहा कि कॉन्टिनेंटल बाजार से अधिक तेजी से बढ़ रही है। यात्री वाहन टायर बाजार लगभग स्थिर है और औसतन दो-तीन प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है। हालांकि, हम दोहरे अंक में बढ़ रहे हैं...और हम इस गति को आगे भी बनाए रखना चाहेंगे।''*

# गरुड़ एयरोस्पेस ने चेन्नई में कृषि-ड्रोन निर्माण संयंत्र लगाया



**चेन्नई।** ड्रोन विनिर्माता गरुड़ एयरोस्पेस ने कल-पुर्जों सहित अत्याधुनिक मानव रहित हवाई प्रणाली को डिजाइन और विनिर्माण के लिए शहर के पास एक कृषि-ड्रोन संयंत्र लगाया है। यह संयंत्र पूरी तरह स्वदेशी तकनीक पर आधारित है। यह संयंत्र अपनी तरह का पहला कदम है, जो चेन्नई के पास स्थित गरुड़ एयरोस्पेस की मौजूदा विनिर्माण इकाई की क्षमता को बढ़ाता है और ड्रोन विनिर्माण को आगे बढ़ाने की दिशा में एक बड़ी छलांग है। संयंत्र में उत्पादित उत्पादों में सात उप-प्रणालियां (मानव रहित हवाई प्रणाली की), 33 कलपुर्जे शामिल हैं। शहर के पास थलांबूर में 35,000 वर्ग फुट में फैली इस अत्याधुनिक संयंत्र का उद्घाटन बृहस्पतिवार को केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान ने किया। गरुड़ एयरोस्पेस ने देश भर में विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों और उद्योग भागीदारों के सहयोग से स्थापित 300 उत्कृष्टता केंद्र भी शुरु किये हैं।

# उत्तर प्रदेश के दशहरी आम का दुबई को सीधा निर्यात



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार के कृषि निर्यात को बढ़ावा देने के प्रयासों के तहत 1,200 किलोग्राम दशहरी आम (400 बक्से, प्रत्येक का वजन तीन किलोग्राम) हवाई मार्ग से दुबई भेजा गया है। रविवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गयी। बयान के मुताबिक आयातक कंपनी वरग्रो ट्रेडिंग एल एल सी, दुबई, यूएई है और भेजे गए आम का कुल मूल्य 2,992 अमेरिकी डॉलर है, जो उत्तर प्रदेश के आम उत्पादकों को वैश्विक बाजार में नई पहचान दिला रहा है। प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने खेप को दुबई के लिए हरी झंडी दिखाई। इन्डो-जर्मन एएमडी प्रोजेक्ट के अंतर्गत लखनऊ क्षेत्र से चयनित तीन एफपीओ को कृषि निर्यात का प्रशिक्षण देकर उनकी क्षमता का विकास किया गया।

# ईरानी मिसाइल हमलों से अदाणी का हाइफा बंदरगाह अप्रभावित



एजेंसी ▸▸ जेरुशलम

■ परिचालन सामान्य रूप से चल रहा
■ बंदरगाह में अभी आठ जहाज

इजराइल में अदाणी समूह के हाइफा बंदरगाह को ईरानी बैलिस्टिक मिसाइल हमले से कोई नुकसान नहीं हुआ, और परिचालन सामान्य रूप से चल रहा है। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

इस सप्ताह की शुरुआत में ईरान के परमाणु और अन्य लक्ष्यों पर तेल अवीव के हमले के जवाब में शनिवार की देर रात ईरान ने इजराइल के हाइफा बंदरगाह और पास की एक तेल रिफाइनरी को निशाना बनाया। इस मामले से अवगत दो सूत्रों ने कहा कि बंदरगाह पर रासायनिक टर्मिनल में शार्पनेल गिरे और कुछ अन्य प्रक्षेपास्त्र तेल रिफाइनरी में गिरे। उन्होंने दावा किया कि कोई हताहत नहीं हुआ। हालांकि, हमले से अदाणी का बंदरगाह प्रभावित नहीं हुआ। एक सूत्र ने कहा, ''बंदरगाह में अभी आठ जहाज हैं, माल ढुलाई सामान्य है।''

सूत्रों ने दावा किया कि ईरानी बैलिस्टिक मिसाइल हमले से बंदरगाह या इसके संचालन को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। अदाणी समूह ने इस मुद्दे पर तुरंत कोई टिप्पणी नहीं की। टिप्पणी के लिए इजराइल सरकार के अधिकारियों से तुरंत संपर्क नहीं किया जा सका।

#### आयात का 30 फीसदी से अधिक संभालता है

हाइफा बंदरगाह एक महत्वपूर्ण समुद्री केंद्र के रूप में कार्य करता है, जो इजराइल के आयात का 30 प्रतिशत से अधिक संभालता है। इसका स्वामित्व अदाणी पोर्ट्स के पास है, जो 70 प्रतिशत हिस्सेदारी को नियंत्रित करता है।

# क्रिप्टो करेंसी से आय अब सीबीडीटी की जांच के घेरे में

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

क्रिप्टो करेंसी से होने वाली आय अब आयकर विभाग की जांच के घेरे में है। विभाग ने हजारों ऐसे व्यक्तियों को ई-मेल भेजा है, जिन्होंने क्रिप्टो करेंसी का लेनदेन किया है, लेकिन अपने रिटर्न में इससे होने वाली आय का उल्लेख नहीं किया है। ये लेनदेन आकलन वर्ष 2023-24 और 2024-25 से संबंधित हैं। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) को उन कुछ 'उच्च जोखिम'' वाले लोगों पर कर चोरी और धनशोधन में शामिल होने का संदेह है, जो संभावित रूप से 'बेहिसाब'' आय का उपयोग आभासी



■ आयकर विभाग लोगों को भेजे जा रहे ई-मेल

डिजिटल परिसंपत्तियों (वीडीए) यानी क्रिप्टो करेंसी में निवेश करने के लिए कर रहे हैं। आयकर विभाग ने उन हजारों चूककर्ताओं को ई-मेल भेजकर उन्हें अद्यतन आयकर रिटर्न दाखिल करने के लिए कहा है, जिन्होंने क्रिप्टो लेनदेन के कारण होने वाली आय की घोषणा नहीं की है या गलत तरीके से जानकारी दी है।

*बड़ी संख्या में लोगों ने वीडीए दाखिल नहीं किया : सूत्रों के अनुसार, आंकड़ों के विश्लेषण से पता चला है कि बड़ी संख्या में लोगों ने आईटीआर की अनुसूची वीडीए (क्रिप्टो से होने वाली आय) दाखिल न करके और अर्जित आय पर कम दर से कर भुगतान किया या लागत सूचकांक का दावा करके आयकर अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन किया है।*

### नेपाल ने भारतीय ग्रिड से बांग्लादेश को बिजली बेची



**काठमांडू।** नेपाल ने भारतीय पारेषण लाइन के जरिये बांग्लादेश को 40 मेगावाट बिजली का निर्यात शुरू कर दिया है। नेपाल, भारत और बांग्लादेश ने तीन अक्टूबर, 2024 को नेपाल द्वारा उत्पादित बिजली को भारतीय पारेषण लाइन के जरिये बांग्लादेश को निर्यात करने के लिए एक त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। नेपाल के एक अधिकारी ने बताया कि बांग्लादेश को बिजली का निर्यात शनिवार आधी रात से शुरू हो गया है। समझौते के मुताबिक, नेपाल 15 जून से 15 नवंबर तक 40 मेगावाट बिजली का निर्यात करेगा। यह बिजली भारत की 400 केवी की मुजफ्फरपुर-बहरामपुर-भेरामारा पारेषण लाइन के जरिये बांग्लादेश को भेजी जाएगी। पिछले साल, नेपाल ने समझौते को लागू करने के प्रतीक के तौर पर 15 नवंबर को एक दिन के लिए बांग्लादेश को बिजली का निर्यात किया था।

### देश में रूक-रूक कर हो रही बारिश ने बिक्री का किया कबाड़ा

# जून के लिए एसी विनिर्माताओं ने बिक्री अनुमान घटाया

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

उत्तर और पूर्वी क्षेत्रों में लगातार पड़ रही गर्मी ने जून में कमरे वाले एयर-कंडीशनर (आरएसी) की बिक्री में उछाल ला दिया है। हालांकि, देश के कई हिस्सों में सबसे ज्यादा मांग वाले सीजन के दौरान रुक-रुक कर हो रही बारिश ने कंपनियों को इस साल बिक्री अनुमान को घटाकर 10-15 प्रतिशत करने पर मजबूर कर दिया है।

■ कंपनियों ने बिक्री अनुमान घटाकर 10 से 15 प्रतिशत कर दिया

कमरे वाले एसी के लिए सर्वाधिक मांग वाले सीजन गर्मियों में इस बार एसी विनिर्माताओं को निराशा हाथ लगी है।

*टाटा ने 25 लाख से अधिक एसी बेचे : टाटा समूह की कंपनी वोल्टास की हालिया सालाना रिपोर्ट के अनुसार, इसने 25 लाख से अधिक एसी की बिक्री और पांच लाख से अधिक एयर कूलर की बिक्री के साथ रिकॉर्ड-तोड़ मील के पत्थर हासिल किए हैं। हायर अप्लायंसेज इंडिया के अध्यक्ष एन एस सतीश ने कहा कि आरएसी के लिए सालाना वृद्धि 30 प्रतिशत है।*



#### ब्लू स्टार ने वृद्धि की योजना बनाई थी

ब्लू स्टार के प्रबंध निदेशक बी त्यागराजन ने कहा, "हम सभी ने 25 से 30 प्रतिशत की वृद्धि की योजना बनाई थी, जो नहीं होने जा रही है। यह एक निराशाजनक गर्मी है; यह सच है। यह खेल का एक अभिन्न अंग है।" फरवरी और मार्च में अच्छी शुरुआत के बावजूद, इस वर्ष आरएसी उद्योग 10 से 15 प्रतिशत की वृद्धि के साथ समाप्त होगा।"

#### भारतीय बाजार 1.5 करोड़ इकाई का

सतीश ने कहा, "लेकिन अप्रैल और मई के महीने अच्छे नहीं रहे। वास्तव में इसमें 10 से 15 प्रतिशत की गिरावट आई। जबकि जून में बिक्री में फिर से तेजी आई है।"भारतीय आरएसी बाजार दुनिया भर में सबसे तेजी से बढ़ते बाजारों में से एक है, जिसमें 12 से 15 कंपनियां प्रतिस्पर्धा करती हैं। अनुमान है कि यह बाजार लगभग 1.5 करोड़ इकाई का है।

हालांकि, जून में गर्मी के कारण तेज खरीदारी के कारण कुछ उम्मीद की किरणें भी दिख रही हैं।

#### कंपनियों ने एसी का भंडारण भी बनाया था

आरएसी विनिर्माताओं ने कहा कि फरवरी और मार्च में उत्साहजनक संख्या के बाद, गर्मियों के जल्दी आने से उन्हें मदद मिली, वे पिछले साल की तुलना में लगभग 25 प्रतिशत की उच्च दोहरे अंकों की मात्रा वृद्धि की उम्मीद कर रहे थे, और उन्होंने भंडारण भी बना लिया था।

*पश्चिमी विक्षोप से तापमान में गिरावट : भारत मौसम विज्ञान विभाग ने पिछले सप्ताह कहा था कि जून के मध्य से तापमान में धीरे-धीरे गिरावट आ सकती है, क्योंकि पश्चिमी विक्षोभ के आने से ठंडी हवाएं, बारिश और आंधी आने की संभावना है।*

चिंतन

# स्कूल से महरूम बच्चों की संख्या में वृद्धि चिंतनीय

विश्व की सरकारें प्राथमिक शिक्षा सुनिश्चित करने के अपने संवैधानिक लक्ष्य का निर्वहन नहीं कर पा रही हैं। दुनिया भर में 27.2 करोड़ बच्चे स्कूल नहीं जा रहे हैं। साफ है कि ये बच्चे अपनी प्राथमिक शिक्षा के अधिकार से वंचित हैं। भारत में करीब 14 लाख बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं, जबकि देश में सरकारें बच्चों को स्कूल तक लाने के लिए मिड डे मिल से लेकर मुफ्त शिक्षा तक के अनेक कार्यक्रम चला रही हैं। भारत में पिछले 12 से 13 वर्ष में गरीबी दर में काफी गिरावट आई है, इससे आर्थिक प्रगति का पता चलता है, लेकिन स्कूल नहीं जाने वाले बच्चों, स्कूल से ड्रॉप आउट करने वाले बच्चों, माध्यमिक शिक्षा तक का सफर तय नहीं कर पाने वाले बच्चों और उच्च शिक्षा तक नहीं पहुंच पाने वाले बच्चों की संख्या में अपेक्षित गिरावट नहीं आई है। भारत में अत्यधिक गरीबी से सामान्य गरीबी में जीने वाले परिवारों की बड़ी संख्या की वजह से शिक्षा इनकी प्राथमिकता नहीं रह पाती है। भारतीय स्कूलों में 14 वर्ष तक के बच्चों के लिए निःशुल्क शिक्षा है, लेकिन बच्चों के लिए किताब, कलम कॉपी से लेकर भोजन और वस्त्र के इंतजाम गरीब परिवारों के लिए परेशानी पैदा करते हैं। गरीब परिवार अपने गुजर-बसर में अपने बच्चों को शामिल कर लेते हैं। यह स्थति दुनिया भर में देखी जाती है। गरीबी और शिक्षा का सीधा संबंध है। विश्व की कई सरकारें अपनी शिक्षा व्यवस्था को निजी क्षेत्र के हवाले छोड़े हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र की यूनेस्को की वैश्विक शिक्षा निगरानी टीम (जीईएम) ने अपनी हालिया रिपोर्ट में आशंका जताई है कि 2025 के अंत तक देश शिक्षा के अपने राष्ट्रीय लक्ष्यों से पिछड़ सकते हैं। अभी 27 करोड़ से अधिक बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं। यह संख्या पिछले वर्ष से 2.1 करोड़ अधिक है। मतलब साफ है कि स्कूल न जाने वालों की संख्या में कमी आनी चाहिए, उल्टे यह बढ़ रही है। विश्व की सरकारों का प्राथमिक शिक्षा के सुदृढ़ीकरण पर फोकस नहीं है। धार्मिक रूढ़िवाद भी शिक्षा के लक्ष्य हासिल करने में बाधा बन रहे हैं। अफगानिस्तान समेत कुछेक कट्टर इस्लामिक सोच वाली सरकारें हैं, जो लड़कियों की शिक्षा को रोक रही हैं। स्कूलों में नए नामांकन में वैश्विक स्तर पर कमी आई है। शिक्षा मूलभूत अधिकार है, सबके लिए, इसके बावजूद कई कट्टर इस्लामिक सरकारें हैं, तो बालिकाओं की शिक्षा के मार्ग को अवरूद्ध कर रहे हैं। 2021 में अफगानिस्तान में माध्यमिक विद्यालय में लड़कियों के जाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया। विश्व भर में सैन्य संघर्ष बढ़ने व हमले होने के चलते भी स्कूल शिक्षा को धक्का लगा है, प्रभावित क्षेत्र में बच्चों का सुरक्षित स्कूल पहुंचना मुश्किल हुआ है। जनसंख्या में भी वृद्धि हो रही है, जिसके चलते यूनेस्को के अनुमान में बढ़ोतरी हो सकती है, लेकिन जनसंख्या में वृद्धि के साथ विश्व स्तर पर सरकारों को अपने-अपने मुल्क में प्राथमिक से लेकर उच्च शिक्षा तक के बुनियादी ढांचे को मजबूत करना चाहिए। वित्त वर्ष 2024-25 के आंकड़ों के मुताबिक, भारत में उत्तर प्रदेश, असम व झारखंड ऐसे राज्य हैं, जहां स्कूल नहीं जाने वाले बच्चों की संख्या अन्य राज्यों से अधिक है। एक सर्वे के मुताबिक, भारत में तकरीबन 2 फीसदी बच्चे ऐसे हैं, जो कभी स्कूल नहीं गए। भारत में 14 वर्ष की आयु तक सभी बच्चों के लिए अनिवार्य व निःशुल्क शिक्षा के बावजूद अगर शत प्रतिशत बच्चे स्कूल तक नहीं पहुंच रहे हैं, तो यह सरकारों की बड़ी विफलता है। बेहतर नागरिक का निर्माण राज्य का संवैधानिक दायित्व है, इसलिए सरकार यह सुनिश्चित करे कि 14 वर्ष तक के सभी बच्चे स्कूल में हों।



विश्लेषण
शिवप्रकाश

# रक्षा क्षेत्र में मजबूत बन रहा भारत

> गरीब कल्याण, ढांचागत विकास, अंतर बाह्य सुरक्षा, आर्थिक प्रगति, सांस्कृतिक उत्थान एवं विदेशों में बढ़ता भारतीय सम्मान सभी क्षेत्रों में ऐतिहासिक उपलब्धियां 11 वर्ष में प्रगति की गवाह हैं। भारत सहित विश्व की अनेक संस्थाओं एवं प्रमुख व्यक्तियों ने इस ऐतिहासिक सफलता की प्रशंसा की है। रक्षा क्षेत्र में भी इसी प्रकार की उपलब्धियां ऐतिहासिक हैं। आयात में 21% की कमी करके 11 वर्षों में निर्यात में 34% की वृद्धि करने में देश सक्षम हुआ है। आज हम लगभग 80 से अधिक देशों में रक्षा उत्पादों का निर्यात कर रहे हैं। 'ऑपरेशन सिंदूर' में हमारे स्वदेशी शस्त्रों की सफलता को देखकर विश्व में हमारे शस्त्रों की मांग भी बढ़ गयी है।

हाल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी संकल्प से सिद्धि अभियान चला रही है। संपूर्ण देश में मोदी सरकार की सफलता पर प्रेस वार्ताएं, प्रदर्शनी, विचार संगोष्ठी, जनसभाएं एवं ग्राम स्तर पर चौपाल कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है। सोशल मीडिया द्वारा योजनाओं की जानकारी एवं अनेक प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन भी हो रहा है। गरीब कल्याण, ढांचागत विकास, अंतर बाह्य सुरक्षा, आर्थिक प्रगति, सांस्कृतिक उत्थान एवं विदेशों में बढ़ता भारतीय सम्मान सभी क्षेत्रों में ऐतिहासिक उपलब्धियां 11 वर्ष में प्रगति की गवाह हैं। भारत सहित विश्व की अनेक संस्थाओं एवं प्रमुख व्यक्तियों ने इस ऐतिहासिक सफलता की प्रशंसा की है। रक्षा क्षेत्र में भी इसी प्रकार की उपलब्धियां ऐतिहासिक हैं।

चाणक्य नीति में कहा कि "शस्त्रेण रक्षिते राष्ट्रे शास्त्र चिंता प्रवर्तते" अर्थात शास्त्रों की चर्चा भी तभी संभव है जब राष्ट्र सभी प्रकार से सुरक्षित हो। सिद्धांत कितना भी श्रेष्ठ हो, उसकी सफलता उस सिद्धांत का अनुसरण करने वालों की शक्ति पर ही निर्भर करती है। इसी कारण विद्वानों ने शक्ति को ही शांति का आधार बताया है। राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर अपनी कविता 'क्षमा शोभती उस भुजंग को, जिसके पास गरल हो' इस सिद्धांत को ही प्रतिपादित करते हैं। भारतीय जनसंघ ने अपने 1964 के पटना अधिवेशन में प्रस्ताव पारित करते हुए मांग की थी कि भारत को परमाणु बम बनाने के सभी प्रयत्न करने चाहिए।"सिद्धांत एवं नीतियां" नामक दस्तावेज में भी परमाणु अस्त्रों का निर्माण करने की बात की थी। प्रस्ताव प्रतिपादन करते समय कहा गया था कि हमारे आराध्य सभी देवी-देवता धर्म संस्थापना के लिए शस्त्रधारी हैं। इसलिए भारत माता भी परमाणु बम धारी होनी चाहिए। इसी नीति का अनुसरण करते हुए अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने 1999 में पोखरण परमाणु विस्फोट कर विश्व में भारत के सम्मान को बढ़ाने का कार्य किया था। 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार बनने के बाद देश अपने हितों की सुरक्षा करने में समर्थ बने, इस प्रकार की नीति पर चला। आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति इसी का उदाहरण है। जहां कांग्रेस सरकार में आतंकियों के लिए 'जी' जैसे सम्मानपूर्वक शब्दों का उपयोग एवं 'बिरयानी खिलाना' जैसे उपक्रम चल रहे थे वहीं मोदी सरकार में सेना और सुरक्षा बलों को आतंक से लड़ने के लिए छूट एवं सुरक्षा बलों को आवश्यक सुरक्षा उपकरण उपलब्ध करवाये गए। रक्षा क्षेत्र का बजट 2013-14 में 2.53 लाख करोड़ था, अब 2025-26 के लिए वह बढ़कर 6.81 लाख करोड़ अर्थात तीन गुना से अधिक हो गया है। 2015 कैग रिपोर्ट के अनुसार भारतीय सेना के पास केवल 20 दिन का गोला बारूद उपलब्ध था। व्यक्तिगत सैनिक स्तर पर, सैनिकों को अब स्वदेशी रूप से निर्मित उच्च गुणवत्ता वाली बुलेटप्रूफ जैकेट, उन्नत हेलमेट, नई बैटल ड्रेस यूनिफॉर्म , नाइट विजन डिवाइस और थर्मल इमेजर उपलब्ध करायी गई हैं। मोदी सरकार के आने के बाद सेना के समन्वय के लिए लंबित मांग सीडीएस की नियुक्ति का निर्णय हुआ। ऑपरेशन सिन्दूर में तीनों सेनाओं के समन्वय में हमने इस निर्णय की भूमिका को अनुभव किया है। शस्त्रों की खरीद के लंबे




समय से लंबित निर्णयों का भी शीघ्र निस्तारण होते हुए हम देख चुके हैं। फ्रांस से आने वाले राफेल की खरीद इसी प्रक्रिया का परिणाम है। एस-400, सुखोई -30, इजरायल से ड्रोन, हैमर मिसाइल, चिनूक हेलिकॉप्टर, एलसीएच प्रचंड (लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर), तेजस फाइटर जेट (पूर्ण स्वदेशी विमान), पिनाका राकेट सिस्टम ( मल्टी बैरल राकेट लांचर) , वरुणास्त आदि की उपलब्धता के कारण भारतीय सेना विश्व की श्रेष्ठतम सेनाओं में गिनी जाती है। ऑपरेशन सिन्दूर में निर्धारित लक्ष्य पर मार एवं शत्रु के ड्रोन एवं मिसाइल को मार गिराने में हम सक्षम हुए हैं। 11 वर्ष के सफलतम कालखंड में केवल विदेशों से शस्त्र खरीद ही नहीं, हमने स्वयं के आत्मनिर्भर होने के मंत्र को भी पहचाना है। अब हम भारत में उन्नत एवं आधुनिक स्वदेशी शस्त्रों का निर्माण भी कर रहे हैं। स्वदेशी विमान वाहक पोत आईएनएस विक्रांत का निर्माण, आकाश एयर डिफेंस सिस्टम, रुस्तम यूएवी ड्रोनसका डीआरडीओ द्वारा लखनऊ में निर्माण, रूस के साथ ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल,टाटा -डसाल्ट के साथ राफेल के मुख्य भाग का हैदराबाद में हम निर्माण करने वाले हैं। रक्षा उत्पादन में पिछले 10 वर्षों में 174% की वृद्धि हुई है। रक्षा उत्पादन 2014-15 में 46529 करोड़ की तुलना में 2023-24 में 127265 करोड़ हुआ है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 17 नवंबर 2021 (राष्ट्र रक्षा समर्पण पर्व, झांसी) के अपने संबोधन में कहा कि "भारत अपनी रणनीतिक व सुरक्षा आवश्यकताएं अन्य देशों पर निर्भर होकर पूरा नहीं कर सकता ... सरकार निरंतर 'आत्मनिर्भर भारत' की दिशा में प्रयासरत है।'' रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की नीति के कारण अब हम खरीदने अर्थात आयात करने वाले देश नहीं, हम बेचने वाले अर्थात निर्यात करने वाले देश बन गए हैं। 2004 से 2014 अर्थात 10 वर्षों में हमने 4312 करोड़ का निर्यात किया था। 2014 से 2024 में 88,319 करोड़ का हुआ है। 2024 - 25 में केवल एक वर्ष में ही हमने 23622 करोड़ का निर्यात किया है। आयात में 21% की कमी करके 11 वर्षों में निर्यात में 34% की वृद्धि करने में देश सक्षम हुआ है।

आज हम लगभग 80 से अधिक देशों में रक्षा उत्पादों का निर्यात कर रहे हैं। ऑपरेशन सिंदूर में हमारे स्वदेशी शस्त्रों की सफलता को देखकर विश्व में हमारे शस्त्रों की मांग भी बढ़ गयी है। देश को नक्सल मुक्त करने के मोदी सरकार के संकल्प ने देश के सामान्य नागरिकों में सरकार के प्रति विश्वास जगाया है। नक्सली हिंसा में लिप्त आतंकी अपनी अंतिम सांस गिन रहे हैं। 2014 में नक्सल आतंकवाद से प्रभावित जिलों की संख्या 126 थी। 11 वर्षों बाद 2025 में वह संख्या मात्र 6 रह गई है। बड़े-बड़े इनामी नक्सली आतंकी मुठभेड़ में मारे गए हैं। सरकार के नक्सलमुक्त देश के संकल्प से लगता है कि भावी पीढ़ी नक्सलवाद नाम ही भूल जाएगी। गुलामी की मानसिकता से मुक्ति का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए 2 सितंबर 2022 को कोच्चि में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय नौसेना के नए ध्वज का अनावरण किया, जिसमें औपनिवेशिक 'सेंट जॉर्ज क्रॉस' को हटाकर छत्रपति शिवाजी महाराज की राजमुद्रा से प्रेरित अष्टकोणीय प्रतीक को स्थान दिया गया। खून एवं पानी एक साथ नहीं बहेगा सिंधु नदी समझौता रद्द कर हमने आतंक के प्रति अपने दृष्टिकोण को विश्व के सामने स्पष्ट किया है। ऑपरेशन सिंदूर के बाद की स्थिति, पाकिस्तान के आतंकी चेहरे को बेनकाब करने, आतंकवाद के प्रति भारत के दृष्टिकोण को विश्व के सम्मुख रखने के लिए सर्वदलीय प्रतिनिधिमण्डल देश की एकजुटता को प्रकट करने का कूटनीतिक सराहनीय प्रयास है। भारत को सुरक्षा कवच प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यह प्रयास देश की जनता में यह विश्वास जगाने में सफल हुए हैं कि मोदी के नेतृत्व में देश सुरक्षित हाथों में है।

(लेखक भाजपा के राष्ट्रीय सह महामंत्री (संगठन) हैं, ये उनके अपने विचार हैं। लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

पर्यावरण
ज्ञानेन्द्र रावत




# थम नहीं रहा देश में बढ़ती गर्मी का कहर

आजकल भीषण गर्मी के कहर और लू की भयावहता से सर्वत्र त्राहि-त्राहि मची है। गर्मी ने सारा जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। इस भीषण गर्मी के चलते जहां लोग हाय-हाय कर रहे हैं, वहीं हजारों-लाखों लोग गर्मी जनित बीमारियों की चपेट में आकर मौत के मुंह में जाने को मजबूर हैं। मैदान से लेकर पहाड़ तक सब तेज गर्मी से झुलस रहे हैं। हालत यह है कि दिन के साथ रातें भी गर्म हैं। लू अर्थात हीटवेव की तीव्रता और घातकता में दिन-ब-दिन तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। आईपीई ग्लोबल और इसरो इंडिया के अध्ययन की मानें तो अगले पांच सालों में यानी 2030 तक देश के दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, सूरत, ठाणे, भुवनेश्वर, हैदराबाद और पटना जैसे शहरों में लू के दिन दोगुने हो जायेंगे। यही नहीं, देश के 69 फीसदी तटीय जिले 2030 तक जून से लेकर सितम्बर के लम्बे समय तक भीषण गर्मी की मार झेलेंगे। मौजूदा समय में देश के दिल्ली, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, गुजरात, राजस्थान, हिमाचल, बिहार, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, ओडिशा, मेघालय और मणिपुर आदि राज्यों के 84 फीसदी जिले चरम लू जैसी स्थिति की चपेट में हैं। देश की राजधानी दिल्ली बीते पांच दिनों से भट्टी की तरह तप रही है। राजस्थान का गंगानगर जिला और पंजाब का बठिंडा जिला 48 डिग्री को पार कर गया है। देश के उत्तर, मध्य और पश्चिमी क्षेत्रों में भीषण गर्मी और लू से होने वाली मौतों को रोकने के लिए राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग एनएचआरसी ने राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो द्वारा भीषण गर्मी और लू के कारण लोगों की मौतों को लेकर जारी रिपोर्ट पर उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखण्ड, दिल्ली समेत 11 राज्यों को कमजोर वर्गों खासकर आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों, बाहरी कामगारों, बुजुर्गों, बच्चों और बेघर लोगों की सुरक्षा के लिए तत्काल समुचित एवं एहतियाती कदम उठाने के निर्देश दिए हैं, जो पर्याप्त आश्रय और संसाधनों की कमी के कारण जोखिम में हैं। अध्ययन की रिपोर्ट के अनुसार बीते 22 महीनों में से 21 महीने धरती का तापमान पूर्व औद्योगिक काल वर्ष 1850 से 1900 तक के औसत से 1.5 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा है। जबकि 2024 से मई 2025 की अवधि में वर्ष 1850- 1900 बेंचमार्क की तुलना में धरती 1.57 डिग्री सेल्सियस गर्म रही। असल में धरती का तापमान जिस तेजी से बढ़ रहा है, वह समूची दुनिया के लिए ख़तरनाक संकेत है। यह भी कि तापमान में बढ़ोतरी नित नए-नये कीर्तिमान बना रही है। बीते दस सालों ने तो धरती के सर्वाधिक गर्म होने का रिकार्ड कायम किया है। फिर यह कि साल दर साल तापमान में बढ़ोतरी के रिकार्ड ध्वस्त हो रहे हैं। चिंता इस बात की है कि भविष्य में इस पर अंकुश की कोई उम्मीद नहीं दिखाई देती। इसका कारण तापमान को नियंत्रित करने के सारे प्रयासों का अभी तक नाकाम साबित होना है। दुनिया के शोध और अध्ययन भी इसका खुलासा करते हैं कि ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन में कमी के बिना बेतहाशा बढ़ती गर्मी पर अंकुश की फिलहाल उम्मीद ही बेमानी है। मौसम विज्ञान विभाग ने लोगों को सतर्क रहने, गर्मी से बचने और शरीर में पानी की कमी होने से बचने की सलाह दी है। जरूरी हो तभी बाहर निकलें और मुंह पर कपड़ा बांधें ताकि लू ना लगे। डॉक्टर दिन में कम से कम आठ से दस गिलास पानी पीने की सलाह दे रहे हैं। वैस्टर्न आस्ट्रेलिया यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं के मुताबिक धरती 1.7 डिग्री सेल्सियस तक गर्म हो चुकी है। यदि तापमान में गिरावट नहीं हुई तो यह ग्रह किस दिशा में जाएगा,यह कहना बहुत मुश्किल है। धरती के तापमान में बढ़ोतरी के कारणों में ग्लोबल वार्मिंग एक कारण है ही, अल नीनो भी एक बड़ा कारण है। इसके साथ ग्रीन हाउस गैसों, कार्बन डाइऑक्साइड का सतत उत्सर्जन, सल्फर डाइऑक्साइड की बढ़ती मात्रा, वनों के तेजी से होते विनाश, कार्बन फ्लोरो कार्बन गैसों का सतत उत्सर्जन, जीवाश्म ईंधन का दहन आदि की भी अहम भूमिका है जिसे झुठलाया नहीं जा सकता। पिछले कुछ वर्षो में हीटवेव ने दुनिया के हर महाद्वीप को प्रभावित किया है। तापमान में बढ़ोतरी के चलते वाष्पीकरण की दर में वृद्धि होने और इससे मिट्टी की नमी कम होने से कई क्षेत्र सूखे का सामना करेंगे। नतीजतन फसलों की पैदावार में कमी आने से खाद्य असुरक्षा, गरीबी, बेरोजगारी और बाढ़ का खतरा बढ़ेगा। जलाशयों में पानी का भंडारण कम होने और भूजल का स्तर गिरते जाने से जल संकट गहरायेगा। इसलिए जरूरी है कि हम सतर्क रहें, सादा जीवन जिये। अधिकाधिक पौधारोपण करें, प्लास्टिक का कम से कम प्रयोग करें। हमें प्रकृति से तादात्म्य स्थापित करना होगा। प्रकृति प्रदत्त संसाधनों की रक्षा हेतु सदैव तत्पर रहना होगा, तभी धरती बची रह पाएगी।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं पर्यावरणविद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## मंदिर जैसे उपासना स्थल क्यों बनाए जाते हैं?



संकलित
दर्शन

जब ईश्वर का वास हृदय में माना गया है, तो मंदिर जैसे उपासना स्थल क्यों बनाए जाते हैं? मंदिरों की स्थापना के पीछे उद्देश्य था कि पूजा, अर्चना और यज्ञ आदि द्वारा पवित्र तन्मात्रओं यानी पंचभूतों के सूक्ष्म रूप की सृष्टि की जाए। किसी साधु हृदय व्यक्ति को पूजा का कार्यभार सौंपा जाए। स्थान का मन पर अदृश्य प्रभाव पड़ता है। चिकित्सालय में व्यक्ति को हर तरफ रोग और रोगी ही दिखते हैं। स्वस्थ व्यक्ति भी वहां अशक्त महसूस करने लगता है। हमारे शरीर से प्रतिदिन शुभ या अशुभ अदृश्य सूक्ष्म शक्ति-राशि का उत्सर्जन होता रहता है। मंदिर जाने वाला व्यक्ति काम, क्रोध और आलस्य बाहर छोड़कर ईश्वर के प्रति भक्तिभाव से जाता है। यह सामूहिक भक्ति या उपासना शुभ तन्मात्रओं व तरंगों का सृजन करती है। अतः यहां आगमन दुर्बल मन वाले मनुष्यों में ऊर्जा का संचार करता है। सज्जनों से ही प्रार्थना स्थलों की पवित्रता बनी रहती है। यदि मंदिर में असाधु व्यक्तियों का आवागमन बढ़ जाए तो स्थान अपनी पवित्रता खोने लगता है। पवित्र श्रवण मास में शिवलिंग पर दुग्ध, बेलपत्र, फल-फूल आदि चढ़ाकर पुण्य अर्जित करने की होड़ लगी रहती है। यदि ईश्वर है और वह हमारी प्रार्थना से प्रसन्न होता है तो वह एक बेलपत्र, अंजुली भर दूध या एक पुष्प से भी प्रसन्न हो जाएगा। सावन के महीने से इतर भी ये दृश्य आमतौर पर मंदिरों में आम होते हैं। यदि यह व्यवस्था सुचारु न हो तो अव्यवस्था स्वाभाविक है। इसी कारण कई मंदिरों में व्यक्तिगत रूप से भोग-अर्पण की मनाही है।

## महिमा राम नाम की



संकलित
प्रेरणा

एक आदमी बर्फ बनाने वाली कंपनी में काम करता था। एक दिन कारखाना बन्द होने से पहले अकेला फ्रिज करने वाले कमरे का चक्कर लगाने गया तो गलती से दरवाजा बंद हो गया। और वह अंदर बर्फ वाले हिस्से में फंस गया छुट्टी का वक्तत था और सब काम करने वाले लोग घर जा रहे थे। किसी ने भी अधिक ध्यान नहीं दिया की कोई अंदर फंस गया है। वह समझ गया की दो-तीन घंटे बाद उसका शरीर बर्फ बन जाएगा अब जब मौत सामने नजर आने लगी तो, भगवान को सच्चे मन से याद करने लगा। एक घंटे ही गुजरे थे कि अचानक फ्रिज रूम में खट-खट की आवाज हुई। दरवाजा खुला चौकीदार भागता हुआ आया। उस आदमी को उठाकर बाहर निकाला और गर्म हीटर के पास ले गया। उसकी हालत कुछ देर बाद ठीक हुई तो उसने चौकीदार से पूछा, आप अंदर कैसे आए? चौकीदार बोला कि साहब मैं 20 साल से यहां काम कर रहा हूं। इस कारखाने में काम करते हुए हर रोज सैकड़ों मजदूर और ऑफिसर कारखाने में आते जाते हैं। मैं देखता हूं लेकिन आप उन कुछ लोगों में से हो, जो जब भी कारखाने में आते हो तो मुझसे हंस कर राम-राम करते हो और हालचाल पूछते हो और निकलते हुए आपका राम-राम काका कहना मेरी सारे दिन की थकावट दूर कर देता है। जबकि अक्सर लोग मेरे पास से यूं गुजर जाते हैं कि जैसे मैं हूं ही नहीं। आज हर दिनों की तरह मैंने आपका आते हुए अभिवादन तो सुना लेकिन राम राम काका सुनने के लिए इंतज़ार करता रहा।

## सटाका




## आज की पाती

### और अलर्ट हों विमान कंपनियां

बीता गुरुवार हमारे देश के लिए बहुत ही अभागा दिन रहा। अहमदाबाद में उड़ान भरने के कुछ ही मिनटों में एक यात्री विमान आग का गोला बन गया और इस अभागे विमान में बैठे यात्रियों के साथ-साथ वहां जहां यह विमान टकराया और जहां इस जलते विमान के हिस्से गिरे, वहां के लोगों की मौत का कारण भी बन गया। जिस किसी ने भी इस दर्दनाक हादसे की खबर सुनी, वो स्तब्ध है। इस अभागे विमान के हादसे के क्या कारण रहे, यह तो जांच के बाद ही पता चलेगा, लेकिन इस दुखद हादसे से यह तो साफ जाहिर है कि इनसान विज्ञान के क्षेत्र में अपने आपको बेशक तीसमार खां समझता हो, लेकिन वह इस क्षेत्र में अभी भी अधूरा नजर आता है। अगर ऐसा नहीं होता तो विमान की तकनीकी खराबी का पहले पता चल गया होता। विमान कंपनियों को और अलर्ट रहने की जरूरत है। *- रविंद्र चौहान, राजनांदगांव*

## ट्रेंड

### भारत-साइप्रस संबंध



साइप्रस हवाई अड्डे पर मेरा स्वागत करने के विशेष सम्मान के लिए साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस का आभार। यह यात्रा भारत-साइप्रस संबंधों को महत्वपूर्ण गति प्रदान करेगी, विशेष रूप से व्यापार, निवेश और अन्य क्षेत्रों में।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### भूमिपुत्रों का अधिकार



कांग्रेस चाहती थी कि राष्ट्र की संपत्ति पर एक विशेष समुदाय का अधिकार हो। जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सिद्धांत है कि राष्ट्र की संपत्ति पर सबका अधिकार हो, लेकिन सर्वप्रथम उसका हक भूमिपुत्रों का होना चाहिए।

-हिमंत विश्व शर्मा, सीएम, असम

### विदेश नीति में खामियां



अब यह बात स्पष्ट होती जा रही है कि हमारी विदेश नीति में खामियां हैं। शायद, प्रधानमंत्री मोदी को अब अपने विदेश मंत्री की बार-बार की गई गलतियों पर विचार करना चाहिए और कुछ जवाबदेही तय करनी चाहिए।

- मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष

### मृतकों को श्रद्धांजलि



केदारनाथ में हेलिकॉप्टर क्रैश के मृतकों को श्रद्धांजलि एवं उनके परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं। सरकार सुनिश्चित करे कि सुरक्षा मानकों पर खरे उतरे बिना कोई भी उड़ान न भरी जाए।

-अखिलेश यादव, सांसद, सपा

## करंट अफेयर

### कश्मीरी हिंदुओं ने ह्यूस्टन में मनाई ज्येष्ठ अष्टमी



टेक्सास भर से 150 से अधिक कश्मीरी हिंदू परिवार ज्येष्ठ अष्टमी और खीर भवानी पर्व मनाने के लिए ह्यूस्टन के 'हिंदू वर्शिप सोसाइटी' मंदिर में इकट्ठा हुए और उन्होंने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मां रागन्या देवी की पूजा-अर्चना की। श्रद्धालुओं ने अनुष्ठान में हिस्सा लिया और पारंपरिक रीति-रिवाज के अनुसार मंदिर में खीर, दूध, फूल चढ़ाए तथा दीपक जलाए। देवी खीर भवानी माता दुर्गा का एक ही एक रूप हैं जिन्हें कश्मीरी पंडित कुलदेवी के रूप में पूजते हैं। ह्यूस्टन में 35 वर्ष से अधिक समय से रह रहे सुरेंद्र कौल ने नयी पीढ़ी को इस पर्व के आध्यात्मिक महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा, 'ये रिवाज हमारी आत्मा से जुड़ा है। ये रीति रिवाज हमें हमारी मातृभूमि की याद दिलाते हैं जिसे हम हिंसा और भय के कारण छोड़ आए हैं।' 'टेक्सास कश्मीरी बिरादरी' के अध्यक्ष अमित रैना ने कहा, 'यह अष्टमी सिर्फ परंपरा नहीं है, यह हमारी आस्था है। अपने त्योहारों के माध्यम से हम कश्मीर की संस्कृति को जीवित रखते हैं, अपने बच्चों को बताते हैं कि वे कौन हैं। फिर भी घर लौटने की चाह एक ऐसा दर्द है जिसे हम हर दिन सहते हैं। इस दौरान बच्चों ने गजन गाए और अन्य कार्यक्रमों में भाग लिया जो परंपरा के साथ उनके एक मजबूत संबंध को दर्शाता है।

## ऑफ बीट

### कार्डियो वजन उठाने से पहले करना चाहिए या बाद में?



फिटनेस के प्रति जुनूनी लोग दशकों से इस प्रश्न पर बहस करते रहे हैं कि 'कार्डियो' करना वजन उठाने से पहले बेहतर होता है या बाद में? हाल तक, इसका उत्तर काफी हद तक पसंद पर निर्भर करता था - कुछ लोग वजन उठाने से पहले जॉगिंग करते थे, जबकि अन्य लोगों का मानना था कि पहले वजन उठाना वसा को खत्म करने के लिए बेहतर है। लेकिन एक नए शोध ने अंततः इस लंबे समय से विवादित प्रश्न का उत्तर दे दिया है। शोध के अनुसार, आपके व्यायाम का क्रम इस बात को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करता है कि आप कितनी चर्बी कम करते हैं। जिन प्रतिभागियों ने वजन उठाने के बाद कार्डियो किया, उनमें कार्डियो करने के बाद वजन उठाने वालों की तुलना में काफी अधिक चर्बी कम हुई और वे पूरे दिन शारीरिक रूप से अधिक सक्रिय रहे। शोधकर्ताओं ने प्रतिभागियों को 12 सप्ताह के लिए तीन समूहों में विभाजित किया। दोनों व्यायाम समूहों ने एक जैसे प्रशिक्षण कार्यक्रम अपनाए, केवल व्यायाम क्रम में अंतर था। प्रतिभागियों ने बेंच प्रेस, डेडलिफ्ट, बाइसेप कर्ल और स्क्वाट जैसे व्यायाम किए। कार्डियो सत्र में 30 मिनट तक 'साइकिलिंग' शामिल थी। दोनों समूहों के प्रतिभागियों ने अपनी हृदय संबंधी फिटनेस, मांसपेशियों की ताकत और शारीरिक बनावट में सुधार का अनुभव किया।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

## खबर संक्षेप

### बालिका के साथ दुष्कर्म के आरोपी को भेजा जेल

**कटनी।** कुठला पुलिस ने लापता बालिका को दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया। पुलिस के अनुसार दस्तयाबी उपरांत अपहत बालिका से पूछताछ की गई जिसके द्वारा बताया गया कि संतोष वंशकार द्वारा शारीरिक सम्बंध बनाने के फलस्वरूप गर्भवती हो जाने पर उज्जैन ले जाकर शादी करना तथा वहाँ से राजकोट ले जाकर पति पत्नी के तरह रहना बताई । अभियोक्त्री का शासकीय जिला चिकित्सालय कटनी से मेडिकल परीक्षण कराया गया है एवं अभियोक्त्री के कथन के आधार पर प्रकरण में धारा 87,64(2)m, 64(2)i BNS, 3,4,5l, 5j, 6 POCSO Act का इजाफा किया गया है। अभियोक्त्री का धारा 183 BNSS के कथन न्यायालय में कराए गए। आरोपी संतोष वंशकार उर्फ कल्लू निवासी लमतरा द्वारा गलत काम करना बताई जिसके बाद पुलिस ने आरोपी की तलाश की और आरोपी संतोष वंशकार 20 वर्ष निवासी लमतरा फाटक को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया( न्यायालय आदेश से जिला जेल कटनी भेज दिया गया है। अपहता को उसके परिजनो के सुपुर्द किया गया। कार्यवाही में निरीक्षक राजेन्द्र मिश्र के नेतृत्व में उप निरीक्षक मेघा मिश्रा, सहायक उप निरीक्षक रवि शुक्ला, आरक्षक दुर्गेश सिंह, महिला आरक्षक पूजा द्विवेदी एवं अन्य स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही है ।

### हाईवे पर बदमाशों ने रूपए एवं गहने लूटे

**कटनी।** हाईवे पर सक्रिय बदमाशों ने एक बार फिर लूट की वारदात को अंजाम दिया। प्रयागराज में अस्थि विसर्जन कर लौट रहा जबलपुर के कंटगी का परिवार को चाकू की नोंक पर लूटा। बदमाशों ने पहले पुरुषों से नकद रुपए लूट लिए फिर कार में मौजूद महिलाओं के गले से मंगलसूत्र भी छीन लिए। सूचना पाकर पहुंची कोतवाली पुलिस ने प्रकरण की जांच शुरू कर दी है। हालांकि अबतक वारदात को अंजाम देने वाले बदमाशों का सुराग नहीं मिला है। जबलपुर जिले के कंटगी के समीप स्थित घनौली ग्राम निवासी रामरतन गर्ग ने बताया कि उनकी माता का निधन हो गया है। अस्थि विसर्जन के लिए वे परिवार सहित चारपहिया वाहन से प्रयागराज गए थे। शुक्रवार रात करीब 12 बजे जब वे लौट रहे थे तो चाका से पीरबाबा के बीच द्वारा ग्राम के समीप निस्तार के लिए चारपहिया वाहन को रोककर जब वाहन से वे उतरे तो इसी दौरान तीन बदमाश आ गए और चाकू अड़ा दिया। कहने लगे कि जितने रुपए है सब दे दो, नहीं तो यहां मर्डर कर देंगे। हम घबरा गए और अपने पास रखे करीब 30 हजार रुपए बदमाशों को दे दिए। इसके ।बाद भी बदमाश नहीं माने और कार में बैठी दो महिलाओं के गले से मंगलसूत्र और कान के आभूषण छीन लिए। कुछ ही देर में बदमाश मौके से भाग निकले। पीड़ित ने बताया कि हमने समीप स्थित ढाबे वाले की मदद ली और ढाबा संचालक ने ही पुलिस को घटना की जानकारी दी।

### सविता बाई बनीं जैविक खेती की मिसाल

**कटनी।** ज़िले के विकासखंड ढीमरखेड़ा के एक छोटे से गाँव अतरिया की किसान सविता बाई ने अपने संघर्ष, लगन और नवाचार से वो कर दिखाया है, जो कई बड़े किसान नहीं कर पाए। सीमित संसाधनों और मात्र 4.5 एकड़ ज़मीन में खेती कर अपने परिवार का जीवन यापन करने वाली सविता बाई ने अब आधुनिक और जैविक खेती को अपनाकर न केवल आर्थिक तरक्की की, बल्कि गांव में प्रेरणा की प्रतीक बन गई हैं। सविता बाई अपने खेत में गेहूं,चना और धान की भी खेती करतीं हैं। पर्यावरणविद एवं मानव जीवन विकास समिति के सचिव निर्भय सिंह बताते हैं कि सविता बाई को न केवल उन्नत कृषि तकनीकों का प्रशिक्षण दिया गया है,बल्कि बीते साल उन्हें व्यावसायिक स्तर पर बैंगन, टमाटर और मिर्च की खेती शुरू करने हेतु पौधे और तकनीकी सहायता भी दिया गया।
सविता बाई ने केवल 0.25 एकड़ में उन्नत विधि से सब्जियों की खेती कर 25हजार 500 रुपए की आमदनी अर्जित की।जो गेहूं,धान,चना आदि की खेती से अर्जित आमदनी के अतिरिक्त है।इसके साथ ही उनके परिवार को शुद्ध, ताज़ी सब्जियाँ रोज़ाना घर पर ही उपलब्ध होने लगीं।

---

जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने विभिन्न थानों का किया औचक निरीक्षण

# जिले भर में आधी रात सड़क पर उतरा पुलिस बल, फरार वारंटियों सहित बदमाशों को दबोचा





हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

अपराधियों पर शिकंजा कसने एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के उद्देश्य से गत रात्रि पुलिस ने कांबिंग गस्त अभियान चलाया। पुलिस कप्तान अभिनय विश्वकर्मा द्वारा एएसपी डॉक्टर संतोष डेहरिया सहित जिले के समस्त राजपत्रित पुलिस अधिकारियों एवं थाना/ चौकी प्रभारियों ने अपने बल सहित कांबिंग गस्त की। पुलिस अधीक्षक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना रीठी का औचक निरीक्षण किया गया। थाने में संधारित्र विभिन्न रजिस्टरों, F.I.R रजिस्टर, अपराध जरायम, सीसीटीएनएस, पुरुष-महिला बंदी गृह आदि का निरीक्षण पुलिस अधीक्षक द्वारा किया गया। नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती नेहा पच्चीसिया द्वारा थाना रंगनाथ थाने का, एसडीओपी स्लीमनाबाद द्वारा थाना बहोरीबंद, एसडीओपी विजयराघवगढ़ द्वारा थाना कैमोर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। अपराधियों के विरुद्ध सघन चेकिंग करते हुए सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

काम्बिग गस्त के दौरान न्यायालय द्वारा जारी विभिन्न प्रकरणों के 49 वारंटी गिरफ्तार किए गए। अभियान में न्यायालय द्वारा विभिन्न प्रकरणों के जारी कुल 22 स्थाई वारंटी गिरफ्तार किए गए। साथ ही पुलिस द्वारा अपराधियों के घर जाकर कुल 44 गुंडा चेक किए गए। पुलिस द्वारा अचानक दबिश देकर निगरानी बदमाशों के घर जाकर 58 निगरानी बदमाश चेक किए गए। जुआ अधिनियम के अंतर्गत 01 प्रकरण पंजीबद्ध कर आरोपियों के खिलाफ वैधानिक कार्यवाही की गई।

अवैध शराब परिवहन एवं विक्रय एवं सार्वजनिक स्थान पर शराब का सेवन करने पर प्रतिबंध लगाने हेतु कटनी पुलिस ने कमिंग गस्त के दौरान कुल 20आबकारी के प्रकरण पंजीबद्ध किए।।कांबिंग गस्त के दौरान दो प्रकरण एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्ज किया गया। कटनी पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए कुल 34 संमंस व 14 जमानती वारंट गस्त के दौरान तामील किए गए। कटनी पुलिस ने रात्रि में वाहन चेकिंग के दौरान 37 वाहन चालकों पर चलानी कार्यवाही की व 14,100 समन शुल्क वसूला। शराब पीकर वाहन चलाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत पुलिस द्वारा 08 व्यक्तियो पर मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के तहत सख्त कार्यवाही की गई। शराब पिए चालकों के वाहन जप्त किये गये जो प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा।

परिशांति भंग करना पाये जाने पर अलग-अलग स्थानों पर 04 आरोपियों के विरूद्ध धारा 170 बीएनएसएस के तहत कार्यवाही की गयी। परिशांति कायम रखने हेतु 65 व्यक्तियों के विरूद्ध धारा 126,135 बीएनएसएस के तहत कार्यवाही की गयी। साथ ही परिशांति कायम रखने हेतु 14 व्यक्तियों के विरूद्ध धारा 129 बीएनएसएस के तहत कार्यवाही की गयी।

जिले के सभी थाना प्रभारियों ने रात 12 बजे से अपने क्षेत्र में गश्त शुरू की। मध्य रात्रि में रेलवे स्टेशन बस स्टैंड सार्वजनिक स्थान होटल, ढाबा, एटीएम चेक किए और आकारण घूम रहे व्यक्तियों से शख्ती से पूछताछ की व वाहनों को चेक किया गया।

गश्त के दौरान पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर, गुण्डा बदमाशों की रात में चेकिंग की साथ ही उन्हें आपराधिक, असामाजिक गतिविधियों से दूर रहने की हिदायत दी।

---

### जलभराव की समस्या से निबटने चलाया जा रहा अभियान

**कटनी।** नागरिकों को बेहतर सफाई व्यवस्था उपलब्ध कराने के साथ वर्षा काल के दौरान जलभराव की समस्या के निराकरण हेतु निगम प्रशासन द्वारा नगर के मुख्य मार्गो, बाजार क्षेत्रों सहित सार्वजनिक स्थलों की सफाई का कार्य दो पालियो में कराया जा रहा है। नगर की सफाई व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए विगत रात्रि बस स्टेंड क्षेत्र के विभिन्न स्थलों, स्टेशन रोड, सुभाष चौक, कपड़ा बाजार, झंडा बाजार, गोल बाजार में स्वच्छता दूतों के माध्यम से सफाई का कार्य किया जाकर कचरे का उठाव कार्य किया गया। जबकि प्रातः कालीन सफाई व्यवस्था के माध्यम से स्वच्छता दूतों द्वारा नगरीय एवं उपनगरीय क्षेत्रों के विभिन्न प्रमुख मार्गो सहित रोड, डिवाइडर, तिराहों, चैराहों, मुक्तिधाम परिसर की सफाई की जाकर गार्बेज बैग में सूखे कचरे का उठाव कार्य किया गया। इस दौरान उपायुक्त शैलेश गुप्ता द्वारा सफाई व्यवस्था का निरीक्षण कर व्यवस्था को दुरूस्त रखने हेतु आवश्यक दिशा - निर्देश दिए गए। वर्षा के दौरान सुगम पानी की निकासी हेतु शहर के कई बड़े एवं छोटे नाले एवं नालियों की सफाई का कार्य अभियान चलाकर किया जा रहा है।

---

बकरियां चराने गया था प्रौढ़ तभी आकाशीय बिजली गरी

## आकाशीय बिजली की चपेट में आने से प्रौढ़ की मौत, दो महिलाएं झुलसी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

बड़वारा थाना क्षेत्र अंतर्गत इमलिया गांव में रविवार की दोपहर आकाशीय बिजली गिरने से एक प्रौढ़ की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। घायलों को बड़वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है, जहां उनका प्राथमिक उपचार जारी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान 55 वर्षीय रामजी सिंह रघुवंशी पुत्र सुंदर सिंह रघुवंशी, निवासी ग्राम इमलिया, थाना बड़वारा के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि रामजी सिंह अपनी बकरियां चराने के लिए पास के खेत में गए हुए थे, तभी अचानक आसमान से बिजली गिरी और वह उसकी चपेट में आ गए। बिजली का झटका इतना जोरदार था कि उनकी मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना में पास की एक झोपड़ी में खड़ी दो महिलाएं भी बिजली की चपेट में आ गईं। घायलों में 27 वर्षीय अर्चना पति राजू राम और 25 वर्षीय राधा पति सागर कशे शामिल हैं। घटना के तुरंत बाद, स्थानीय ग्रामीणों ने दोनों घायल महिलाओं को बड़वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

बड़वारा थाना प्रभारी के.के. पटेल ने इस संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इमलिया गांव में आकाशीय बिजली गिरने से एक किसान की मौत हुई है और दो अन्य महिलाएं घायल हुई हैं, जिनका उपचार जारी है। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर मर्ग कायम कर लिया है और मामले की विवेचना की जा रही है।

---

### महापौर ने सड़क डामलीकरण कार्य का लिया जायजा



महापौर प्रीति संजीव सूरी द्वारा क्षेत्रीय पार्षद एवं मेयर इन काउंसिल सदस्य श्रीमती सुमन राजू माखीजा के साथ बाबा माधवशाह अस्पताल एप्रोच मार्ग में कराये जा रहे डामरीकरण का जायजा किया गया। महापौर श्रीमती सूरी द्वारा निर्माण एजेंसी के ठेकेदार एवं उपयंत्री जायेन्द्र प्रताप सिंह बघेल को मार्ग की उपयोगिता एवं महत्व को समझते हुए शीघ्र ही गुणवतापूर्ण तरीके से कार्य को पूर्ण करनें निर्देश दिए। महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने बताया कि उपनगरीय क्षेत्र के बाबा माधवशाह हास्पिटल में रोजाना काफी संख्या में मरीजों का आना जाना होता है। हास्पिटल एप्रोच मार्ग दुरूस्त नहीं होनें से मरीजों को होने वाली परेशानी के निराकरण हेतु क्षेत्रीय जनों द्वारा मार्ग में डामरीकरण कराये जाने की मांग की गई थी। शीघ्र ही कार्य पूर्ण हो जानें से ईलाज हेतु हास्पिटल में आनें-जानें मरीजों सहित अस्पताल प्रबंधन को आवागमन की सुविधा प्राप्त हो सकेगी।

---

## दो शातिर बदमाशों को पुलिस ने किया गिरफ्तार, चोरी के 2 वाहन किए बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

वाहन चोरी करने वाले दो शातिर बदमाशों को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बदमाशों के पास से चोरी के वाहन भी बरामद किये गए हैं। पुलिसिया पूछताछ में पकड़े गए बदमाशों ने बताया कि नशे की लत पूरी करने के लिए वाहन चोरी की घटनाओं को अंजाम देते थे।

#### मुखबिर से मिली सूचना

कोतवाली प्रभारी अजय बहादुर सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा द्वारा थाना क्षेत्र में बढ़ती चोरी की वारदातों पर लगाम लगाने एवं लंबित चोरी के मामलों का शीघ्र खुलासा करने हेतु सख्त निर्देश जारी किए गए थे। इसी क्रम में पुलिस ने सक्रिय मुखबिर तंत्र की मदद से चोरी की स्कूटी बरामद कर दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

#### यहां से चोरी हुए थे वाहन

गत 28 अप्रैल 2025 को राधाकृष्ण कॉम्पलेक्स, गर्ग चौराहा के पास से सुजुकी एक्सेस स्कूटी (MP21ZB 8964) चोरी हुई थी। इसी तरह 12 जून 2025 को गणेश चौक से सुजुकी बर्गमैन स्कूटी (MP21S 2541) चोरी की गई थी। इन घटनाओं के बाद वाहन चोरों की धरपकड़ के लिए विशेष निगरानी एवं गुप्त सूचना तंत्र को सक्रिय किया गया। गत 13 जून 2025 को सूचना प्राप्त हुई कि थाना एनकेजे क्षेत्र अंतर्गत बड़ी खिरहनी के दो युवक चोरी की स्कूटी लेकर घूम रहे हैं। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए टीम को रवाना किया गया। पुलिस ने विनय चौधरी के पास से सुजुकी एक्सेस (MP21ZB 8964) एवं अंकित चौधरी के पास से सुजुकी बर्गमैन (MP21S 2541) बरामद की गई। पकड़े गए दोनों आरोपियों ने बताया कि नशे की लत और पैसों की तंगी के कारण उन्होंने वाहन चोरी करने की योजना बनाई और इन दो घटनाओं को अंजाम दिया। चोरी के बाद वाहनों की नंबर प्लेट निकालकर उन्हें उपयोग में लाया जा रहा था तथा बेचने की फिराक में थे।

कार्यवाही में थाना प्रभारी अजय बहादुर सिंह के नेतृत्व में गठित टीम के प्र.आर. सूर्यकांत त्रिपाठी, सचिन राही, अनिल सेंगर, वीरेन्द्र सिंह, पुष्पराज सिंह, दीपक तिवारी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

---

घुघरी के ग्रामीणों ने एसडीएम से बताई समस्या

## साल भर से टूटे पड़े बिजली के खंभे, पेड़ों से बंधी तार, विभाग ने नहीं कराया सुधार





हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरियापान

घुघरी गांव में बिजली के क्षतिग्रस्त खम्भे और करंट दौड़ती बिजली की तार झूल रही है।जो कभी भी दुर्घटना का कारण बन सकते है।बिजली विभाग द्वारा लगातार खम्भों और बिजली तारों की अनदेखी की जा रही है। इस कारण बिजली विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं।घुघरी गांव में साल भर से बिजली के खंभे टूटे पड़े है।बिजली के तार पेड़ों से लटक रहे हैं।कभी भी दुर्घटना हो सकती है,लेकिन विभाग ने कोई कार्रवाई नहीं की है।

स्थानीय ग्रामीणों में कपिल श्रीवास, मोहित मिश्रा, छोटे लोधी, रामसिंह ठाकुर, काशीराम लोधी, रामजी श्रीवास,चंद्रकिरण,बनाफर ने बताया कि बीते साल जुलाई 2024 में बारिश के दिनों क्षेत्र में बाढ़ आने के कारण बिजली के खम्भे टूट कर गिर गए थे।विभाग ने तत्काल खम्भों को हटाकर अस्थायी व्यवस्था के तौर पर बिजली के तारों को पेड़ों से बांध दिया है।

साल का समय बीत गया है, खंभे जमीन पर पड़े हैं। बिजली के तार अब भी पेड़ों से लटक रहे हैं। बारिश के दिनों में

यह व्यवस्था स्थानीय लोगों के लिए खतरनाक साबित हो सकती है।ग्रामीणों ने इस समस्या को लेकर कई बार बिजली विभाग में शिकायत दर्ज कराई है। लेकिन विभाग की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। गांव के ग्रामीणों ने असुरक्षा महसूस करते हुए ढीमरखेड़ा पहुँचकर एसडीएम को समस्या बताते हुए सुधार कराने की मांग किया है।ग्रामीणों ने बताया कि बारिश,आंधी, तूफान के कारण टूटे हुए खंभे या तारों से संपर्क में आने पर बिजली का खतरा होता है, जिससे जानलेवा दुर्घटना हो सकती है। तारों से चिंगारी निकलने या शॉर्ट सर्किट होने से आग लगने का खतरा होता है। विद्युत आपूर्ति को बाधित कर सकती हैं, जिससे लोगों को परेशानी होती है।

---

शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों में ईकेवायसी के लिए चलाया जा रहा अभियान

## डोर टू डोर पहुंचकर की जा रही समग्र आई.डी का आधार से ई-के.वाय.सी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

नगर निगम सीमान्तर्गत नागरिकों की समग्र पोर्टल में समग्र आई.डी का आधार नंबर से शत-प्रतिशत ई-के.वाय.सी. का कार्य पूर्ण कराने हेतु निगम प्रशासन द्वारा अभियान स्वरूप कार्यवाही की जा रही है। निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देशानुसार नोडल अधिकारी जागेश्वर पाठक ने इस कार्य में संलग्न दलों को सभी वार्डो मे डोर-टू- डोर नागरिकों से संपर्क करते हुए अधिक से अधिक नागरिकों की समग्र से आधार लिंक कराने की कार्यवाही निर्धारित समय से पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए है।

राज्य शासन के निर्देश पर आयोजित होने वाले इस अभियान के दौरान जिले के नागरिकों के लिए समग्र आई.डी. का आधार से ई-के.वाय.सी. का कार्य एम.पी.ऑनलाईन, कॉमन सर्विस सेंटर, कियोस्क तथा लोक सेवा केन्द्रों के माध्यम से भी कराया जा सकता है। इसके अलावा यह प्रक्रिया सीधे समग्र पोर्टल www.samagra.gov.in एवं समग्र मोबाइल एप पर भी की जा सकती है।

नोडल अधिकारी श्री जागेश्वर पाठक ने जानकारी देते हुए बताया है कि अभियान के अन्तर्गत निगमायुक्त श्री नीलेश दुबे द्वारा ई केवायसी कार्य हेतु विशेष दल का गठन किया गया है, गठित दल द्वारा प्रत्येक वार्डों में डोर टू डोर जाकर शेष नागरिकों एवं परिवार के सदस्यों की ई केवायसी का कार्य किया जा रहा है।

नोडल अधिकारी श्री पाठक ने नगर के सभी नागरिकों से शासन द्वारा संचालित इस महत्वपूर्ण अभियान में सहयोग प्रदान करने का आग्रह करते हुए कहा है कि नागरिकों द्वारा ई केवायसी नहीं कराये जाने पर उनका नाम पोर्टल से पृथक हो सकता है। कारण विभिन्न शासकीय योजनाओं के लाभ से वंचित रह जाएँगे,जिसके लिये वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

#### 10 लाख 76 हजार से अधिक नागरिकों की ई-केवाईसी

शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही को मिल सके इस हेतु कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर जिले में अभियान चलाकर समग्र आईडी से आधार नंबर की ई-केवाईसी का कार्य किया जा रहा है। अभियान के तहत जिले में अब तक 10 लाख 76 हजार 440 नागरिकों की समग्र ई-केवाईसी का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जो कि कुल लक्ष्य का 66.08 फीसदी है।

#### बहोरीबंद अव्वल

समग्र ई-केवाईसी करने के मामले में जनपद पंचायत बहोरीबंद जिले में अव्वल है। जहां अब तक 1 लाख 82 हजार 222 नागरिकों की समग्र ई-केवाईसी का कार्य पूरा हो चुका है। जबकि नगरनिगम कटनी अंतिम पायदान पर है। जहां अब तक मात्र 1 लाख 39 हजार 362 लोगों की समग्र ई-केवाईसी का कार्य पूरा हो सका है।

इसी प्रकार जनपद पंचायत कटनी में अब तक 1 लाख 30 हजार 941, जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ में 1 लाख 63 हजार 64लोगों की समग्र ई-केवाईसी हो चुकी है। जबकि नगर परिषद विजयराघवगढ़ मे 7 हजार 437 और जनपद पंचायत रीठी में 1 लाख 9 हजार 761 समग्र ई-केवाईसी हो चुकी है। इसके अलावा जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा में 1 लाख 53 हजार 818, नगर परिषद बरही में 11 हजार 763 एवं जनपद पंचायत बड़वारा में 1 लाख 65 हजार 959 ई-केवाईसी सत्यापन का कार्य हो चुका है। नगर परिषद कैमोर ने 12 हजार 113 नागरिकों की समग्र को आधार से जोड़ने का कार्य किया है।

---

### सड़क हादसे में युवक की हुई मौत

**कटनी।** कुठला थाना क्षेत्र अंतर्गत हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई है। सूचना पर पुलिस ने मामले को जांच में लिया है। जानकारी के अनुसार कैलाश यादव पिता लखन यादव 33 निवासी इमिलिया थाना बदेरा जिला मैहर की रोड एक्सीडेन्ट होने से इलाज दौरान शासकीय अस्पताल कटनी में मौत हो गई है।

### दर्जनों सचिवों को किया इधर उधर

**उमरियापान।** एक ही पंचायत में सालों से जमे पंचायत सचिवों को जिला पंचायत सीईओ शिशिर गेमावत ने हटाते हुए दूसरी ग्राम पंचायत में भेजा है। ढीमरखेड़ा जनपद पंचायत की दर्जनों पंचायत सचिवों को जिला सीईओ ने इधर उधर किया है। इसमें कई सचिवों के विवादित होने के कारण पंचायत के कामकाज प्रभावित हुए।जिला सीईओ ने ढीमरखेड़ा जनपद की गौरा पंचायत के सचिव सालिगराम तिवारी को बहोरीबंद जनपद पंचायत की सलैया फाटक, पाली पंचायत सचिव विनोद बागरी को बंधी स्टेशन पंचायत भेजा है। देवरी मंगेला सचिव संदीप अग्रहरि को जिर्री और जिर्री पंचायत सचिव उत्तम पटेल को देवरी मंगेला,बरौदा पंचायत के सचिव रमेश झारिया को उमरियापान पंचायत,गूंडा सचिव सैय्यद अहमद अली को बरहटा पंचायत,घाना सचिव शंकर लाल साहू को बरही, परसेल पंचायत सचिव रामचन्द्र यादव को पाली,खमतरा सचिव दीनू राम साहू को खाम्हा पंचायत,खम्हरिया खमतरा सचिव हरभजन सिंह को आमाझाल पंचायत जबकि सिमरिया सचिव मनीषा महोबिया को खम्हरिया खमतरा पंचायत में भेजा है। इसी प्रकार रीठी जनपद के कैमोरी पंचायत सचिव उदय यादव को ढीमरखेड़ा की महनेर जबकि बड़वारा जनपद की लुहरवारा सचिव रीना सिंह को पोंड़ी कला बी पंचायत में पदस्थ किया है।

लंबी उम्र हमेशा से ही लोगों के बीच कौतूहल का विषय रहा है। विज्ञान भी इसके पीछे लंबे समय से लगा कि यह कैसे संभव हो सकता है। लेकिन, अब 100 साल जीने वाले लोग कोई अजूबा नहीं, बल्कि तेजी से बढ़ती उम्रदराज आबादी का हिस्सा बनते जा रहे हैं। इस पर एक बड़ा खुलासा हुआ है।

# ब्लड रिपोर्ट ने खोल दिया 100 की उम्र का राज, आ गया लंबी उम्र का फॉर्मूला

**स्टॉकहोम।** 1950 से अब तक हर 10 साल में इनकी संख्या दोगुनी हुई है और 2050 तक इसमें पांच गुना बढ़ोतरी का अनुमान है। इसका सबसे बड़ा सवाल ये है आखिर कुछ लोग इतनी लंबी उम्र कैसे जीते हैं। इसका जवाब भी मिलता दिख रहा है।

असल में जीरोसाइंस में पब्लिश एक जर्नल के मुताबिक स्वीडन के करोलिंस्का इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिकों ने इस पर कुछ काम किया है। उन्होंने 44000 बुजुर्गों के पुराने ब्लड रिपोर्ट्स का विश्लेषण किया, जिनकी उम्र 64 से 99 साल के बीच थी। इनमें से 1224 लोग 100 साल तक जीवित रहे और इनमें 85% महिलाएं थीं। रिसर्च में पाया गया कि जो लोग सौ साल जिए उनकी ब्लड रिपोर्ट पहले से ही बेहतर थी। शुगर क्रिएटिनिन और यूरिक एसिड जैसे लेवल सामान्य थे।

## 44000 बुज़ुर्गों के पुराने ब्लड रिपोर्ट्स का विश्लेषण



### वैज्ञानिकों ने इस पर किया है काम

वैज्ञानिकों ने पाया कि जिन लोगों के शरीर में सूजन, ब्लड शुगर और लिवर-कीडनी के कुछ एंजाइम का स्तर सामान्य रहा, उनकी उम्र लंबी हुई। जिनके लेवल बहुत ज्यादा या बहुत कम थे, उनके 100 तक जीने की संभावना घट गई। यूरिक एसिड के उदाहरण में जिनका स्तर सामान्य था उनमें 4% लोग 100 साल जिए। जबकि हाई लेवल वालों में ये आंकड़ा सिर्फ 1.5% था।

### अलग लोग अलग रास्तों से लंबे जीवन तक

रिसर्च का ये भी कहना है कि अलग-अलग लोग अलग रास्तों से लंबे जीवन तक पहुंचते हैं। कोई चुस्त रहते हैं तो कोई बीमारियों के साथ भी जी लेते हैं। लेकिन, ज्यादातर मामलों में सेहतमंद मिडलाइफ ही लंबी उम्र की नींव बनती है। संतुलित खानपान, हल्का व्यायाम और कम तनाव इस दिशा में मददगार साबित होते हैं।



### पुराने ब्लड डेटा को जेनेटिक जांच के साथ जोड़ने की तैयारी

वैज्ञानिक अब पुराने ब्लड डेटा को जेनेटिक जांच के साथ जोड़ने की तैयारी कर रहे हैं, ताकि जल्द ही यह पता चल सके कि कौन लोग स्वस्थ रूप से उम्रदराज होंगे। यानी अब फोकस बीमारी पकड़ने से हटकर इस पर होगा कि जिंदगी लंबी और फिट कैसे रहे। अगर मिडलाइफ में ब्लड रिपोर्ट अच्छी रहे तो बुढ़ापे की राह भी आसान हो सकती है।

## रोचक खबरें

## ये कबूतर नहीं, दादाजी थे..! मंडप में दुल्हन संग घटी ऐसी अनोखी घटना



**करौली।** राजस्थान के करौली में इन दिनों एक शादी अनोखी घटना के कारण चर्चा का विषय बन गई है। इस शादी का वीडियो भी इन दिनों सोशल मीडिया पर भी तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि शादी की रस्मों के दौरान एक कबूतर उड़कर अचानक दुल्हन के सिर पर आकर बैठ जाता है। यह दृश्य देखकर वहां मौजूद लोग कुछ देर के लिए चौंक जाते हैं। लेकिन, जल्द ही इस घटना को सभी ने शुभ संकेत मानते हुए पूर्वजों का आशीर्वाद बताते हैं। वीडियो में देखा जा सकता है कि दुल्हन मंडप में बैठी हुई थी और शादी की अंतिम रस्में निभा रही थी। तभी अचानक कबूतर सीधे उड़ता हुआ आया और बड़े ही शांत भाव से उसके सिर पर बैठ गया।

**कई महिलाएं हो गईं भावुक :** इस अनोखी घटना के बाद शादी में मौजूद कुछ महिलाओं ने भावुक होकर कहा कि यह कोई बुजुर्ग आत्मा हो सकती है, जो अपनी बेटी लाडली को विदा करने और उसे आशीर्वाद देने आई है। परिवार के लोग इस घटना को शुभ संकेत मान रहे हैं। यह पल इतना भावुक था कि वहां मौजूद कई लोग अपने आंसू नहीं रोक सके। कुछ रिश्तेदारों ने इस घटना को अपने मोबाइल में रिकॉर्ड कर लिया और अब यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो चुका है।

### कबूतर को माना जाता है शांति का प्रतीक

स्थानीय ज्योतिषी पंडित मनीष उपाध्याय का कहना है कि भारतीय संस्कृति में पक्षियों को विशेष महत्व दिया जाता है। खासकर कबूतर को कई जगह आत्मा या शांति का प्रतीक माना जाता है। यह भी विश्वास किया जाता है कि हमारे पूर्वज कभी-कभी किसी रूप में हमें देखने या आशीर्वाद देने आते हैं। खासकर तब जब जीवन का कोई बड़ा मोड़ आता है। यह छोटा सा पल दुल्हन और उसके परिवार के लिए जीवनभर की याद बन गया।

## विज्ञापन के पोस्टर पर दिया अजीब सा ऑफर पुरानी बीवी के बदले नई देने का किया वादा

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया पर कई बार लोग मज़ाक भी बहुत अजीब कर जाते हैं। कभी कोई प्रैंक करते समय कुछ और हो जाता है तो कभी सामान्य वीडियो बनाते बनाते भी कुछ अजीब और मज़ेदार हो जाता है। पर कई बार कुछ बातें तो जानबूझ कर करने पर भी बहुत ही अजीब सी लगती हैं। ये सच है कि इस तरह से प्रैंक या मज़ाक कई लोगों को बुरा भी लग सकता है। लेकिन फिर भी लोग बाज़ नहीं आते हैं। एक वायरल वीडियो में एक ऐसा ही विज्ञापन छपा है जिसमें कहा गया है कि पुरानी बीवी दे कर नई ले जा सकते हैं। लेकिन यह असल में ब्यूटी पार्लर का विज्ञापन है। महिलाओं, खास तौर पर पत्नी से पुरुषों के पीड़ित होने वाले बहुत से मज़ाक और चुटकुले बनाए जाते हैं। कई लोगों को यह बुरा भी लगता है। लेकिन फिर भी कॉमेडी के लिए यह एक लोकप्रिय विषय है। इसे विज्ञापन के रूप में दिखाना बहुत अजीब सा लगता है। विज्ञापन में जो दावा किया गया है कि उसके साथ होम सर्विस का भी ऑफर दिया गया है। लेकिन विज्ञापन जिस चीज़ का है, वह आसानी से समझ में नहीं आता है। इसे आकर्षक बनाने की भी कोशिश की गई है।




## गोलियों की रफ्तार से तेज आया रेडियो सिग्नल, बर्फ को चीरकर निकल गया

**वॉशिंगटन।** वैज्ञानिक कुछ न कुछ ऐसी खोज करते रहते हैं, जिससे लोग हैरान हो जाते हैं। एक बार फिर वैज्ञानिकों ने फिर दुनिया को हैरान कर दिया है। इन्होंने अंटार्कटिका में जमीन के नीचे से आने वाले अजीबोगरीब रेडियो सिग्नल का पता लगाया है। ये सिग्नल पृथ्वी से ऊपर उठते हुए प्रतीत होते हैं और इन्हें लेकर दावा किया जा रहा है कि हो सकते हैं ये ब्रह्मांड के किनारे से आ रहे हों। वैज्ञानिकों ने अंटार्कटिक इंपल्सिव ट्रांजिएंट एंटीना पर एक गुब्बारा लगाया है उस पर लगे उपकरण ने इन सिग्नलों को पकड़ा है। ये सिग्नल इतनी तेज गति से आ रहे थे कि इन्होंने बर्फ को भी चीर दिया और चीरते हुए ये सिग्नल पूरी तरह से सतह के आगे निकल गए। ये काफी ज्यादा असामान्य हैं, क्योंकि इन्हें चट्टानों में अवशोषित हो जाना चाहिए था, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इस मंजर को देखकर वैज्ञानिक भी पूरी तरह से हैरान हो गए हैं। इसके अलावा वैज्ञानिकों ने बताया कि एएनआईटीए गहरे अंतरिक्ष से संकेतों की तलाश करता है, एएनआईटीए बाहरी अंतरिक्ष से आने वाले फीके संकेतों को पकड़ने के लिए हवा में यात्रा करता है और बर्फ के साथ बातचीत करता है। ये सिग्नल न्यूट्रिनो की तरह नहीं हैं। क्योंकि, न्यूट्रिनो इतनी दूर तक बिना रुकावट के नहीं आ सकते। ब्रह्मांड में मौजूद छोटे कण तभी आते हैं, जब सुपरनोवा या बिग बैंग जैसी घटनाएं हो। लेकिन, ऐसा नहीं हुआ है ऐसे में ये सिग्नल कुछ और हो सकते हैं। वीओन की रिपोर्ट के मुताबिक सिग्नल के बारे में अधिक जानने के लिए टीम ने एएनआईटीए द्वारा एकत्र किए गए डेटा की तुलना दो अन्य प्रमुख न्यूट्रिनो डिटेक्टरों, अंटार्कटिका में आइसक्यूब और अर्जेंटीना में पियरे ऑगर वेधशाला से प्राप्त जानकारी से की.



## दावा

### मानवता को पूरी तरह से बदल देगी तकनीक!

# 5 साल में आएंगे एआई से लैस नए इंसान!

**लंदन।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बारे में दुनिया में तरह- तरह के दावे किए जा रहे है। कहा जा रहा है कि एक दिन ये इंसानों पर हावी हो जाएगी। कुछ सालों में यह पूरी दुनिया को बदल देगी। इसके जरिए रोबोट और चैटबोट आदि पूरी दुनिया और मानवता पर भी हावी हो जाएंगे। पर क्या तकनीक इंसानों को भी बदल सकती है। अगर आजकल के ट्रेंड्स पर गौर करें तो यही लगता है कि इन तकनीकों से मानवता भी अछूती नहीं रह जाएगी। एक उद्योगपति का दावा है कि अगले पांच साल के भीतर ही दुनिया में एआई से लैस इंसान दिखने लगेंगे। उन्होंने भविष्य की वह तस्वीर भी दिखाई जो इन बदलावों से पूरी तरह से बदल जाएगी।



### स्टेम सेल पर पहले ही हो रहा है काम

हरबर्ट का दावा है कि बचे हुए इंसान समाज में योगदान नहीं दे पाएंगे। तब धीरे-धीरे मानवता खत्म ही हो जाएगी। हरबर्ट का कहना है कि जापान में पहले से ही पशु मानव हाइब्रिड पर काम हो रहा है। जापान की सरकार ने 2019 में स्टेम सेल रिसर्च को मंजूरी दी थी. ये हाइब्रिड टेस्टिंग के दौर में हैं। हरबर्ट ने बिटकॉइन से पैसा कमाया है। वे ट्रांसह्यूमनिज्म डॉट कॉम के भी मालिक हैं। उनका कहना है कि 5 साल में मानव हाइब्रिड आने लगेंगे। ये टेक्नोलॉजी हमें लंबी उम्र और सुपरपावर देगी। हरबर्ट का कहना है कि अब रोबोट्स जैसी टेक्नोलॉजी लोगों को दूर की लगती है। लेकिन यह टेक्नोलॉजी पहले से ही मौजूद है। अब हमें लोगों को शिक्षित करना है। ताकि हम इस टेक्नोलॉजी के साथ जी सकें।

### नई प्रजातियां भी आएंगी

यह सोचने वाली बात है कि हम क्या हासिल कर सकते हैं। लोग इसे फंतासी कहते हैं। लेकिन इसमें कुछ सच्चाई हो सकती है। हरबर्ट का कहना है कि दुनिया भर की संस्कृतियां ड्रैगन और मिथास किरदारों की तस्वीरें बनाती हैं। इसका कारण है कि नए प्रजाति आएंगीं और ये इंसानों से बेहतर होंगी।

### बेहतर होगी लाइफस्टाइल

हरबर्ट का कहना है कि इस रिसर्च से सर्जरी की जरूरत नहीं होगी। उन्हें ब्रेन में चिप्स लगाने की जरूरत नहीं होगी। हरबर्ट 38 साल के हैं। वे खुद को फ्यूचरिस्ट कहते हैं। वे मानते हैं कि ये टेक्नोलॉजी जल्द ही रियलिटी बन जाएगी। हरबर्ट का कहना है कि ट्रांसह्यूमनिज्म टेक्नोलॉजी और साइंस से मानवता को पार करना है। मानवता अब एक मोड़ पर है। हमें टेक्नोलॉजी को अपनी जिंदगी में अपनाना होगा।यह हमारी लाइफस्टाइल को बेहतर बनाएगा। हरबर्ट का कहना है कि ट्रांसह्यूमनिज्म से हम 500 साल तक जी सकते हैं।



### लंबी उम्र जीने में करेगी मदद

हरबर्ट सिम लंदन में न्यूरोचिप डॉट कॉम नाम की कंपनी चलाने वाले अरबपति व्यवसायी हैं। वे इंसानों और उन पर एआई के प्रयोगों पर गहरी रिसर्च कर रहे हैं। उनका दावा है कि 5 साल में नए इंसान आएंगे। ये इंसान एआई से लैस होंगे। उनका कहना है कि टेक्नोलॉजी मानवता को बदल देगी। यह रिसर्च बीमारियों को हराने और लंबी उम्र जीने में मदद करेगी। रिसर्च में एक हेलमेट का इस्तेमाल किया जा रहा है।

## दुनिया का सबसे महंगा अंगूर, एक गुच्छे की कीमत में खरीद सकते हैं कार



**टोक्यो।** दुनियाभर में अंगूर की कई किस्में पाई जाती हैं। भारत में भी लोगों को अंगूर खाना काफी पसंद है। अभी तक आपने सिर्फ काले और हरे अंगूर खाये होंगे, जो आपको बाजार में आसानी से 100 रुपए से भी कम में एक किलो मिल जाता है। लेकिन, क्या आपने कभी कल्पना की है कि अंगूर का सिर्फ एक गुच्छा कितना महंगा हो सकता है? आज हम आपको एक ऐसे अंगूर के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसकी कीमत आपके होश उड़ा सकती है। अंगूर की इस किस्म का नाम 'रूबी रोमन' है, जो लाल रंग की होती है। साल 1995 में अंगूर की इस प्रजाति को विकसित किया गया। जापान के इशिकावा में अंगूर की इस प्रजाति को विकसित करने के लिए किसानों ने प्रीफेक्चुरल एग्रीकल्चर रिसर्च सेंटर से एक अपील की। रिसर्च सेंटर ने 400 अंगूर की लताओं पर करीब दो साल तक एक्सपेरिमेंट किया। अंगूर की 400 लताओं में से केवल 4 में ही लाल अंगूर आए। इन 4 अंगूरों में से एक किस्म ऐसी थी, जिसने किसानों का दिल जीत लिया। रूबी रोमन अंगूर को 'इशिकावा का खजाना' भी जाता है। इसकी खेती के दौरान अंगूर के आकार, स्वाद और रंग का विशेष ख्याल रखा जाता है।

### एक गुच्छे में करीब 24 अंगूर

इस खास प्रजाति के एक अंगूर का वजन करीब 20 ग्राम होता है। एक गुच्छे में करीब 24 अंगूर होते हैं। जापान में रूबी रोमन अंगूर की कीमत करीब 9 लाख रुपए होती है। ऊंची कीमत की वजह से यह लाल अंगूर खासतौर पर अमीरों के फल के तौर पर जाना जाता है। यह अंगूर खाने में काफी मीठा होता है। आकार में यह अन्य अंगुरों से चार गुना बड़ा होता है। साथ ही ज्यादा मीठा और रसभरा होता है। इस अंगूर के एक गुच्छे की कीमत 9 लाख होती है। यानी एक अंगूर की करीब 25 हजार रुपए।

## पत्नी के लिए बनवाया ताजमहल! वीडियो देखकर आंखें खा जाएंगी धोखा

**बुरहानपुर।** शाहजहां ने मुमताज की याद में ताजमहल बनवाया था। ताजमहल के मुख्य गुंबद के ठीक नीचे दोनों की कब्रें मौजूद हैं। सफेद संगमरमर से बना दुनिया का यह अजूबा जितना बाहर से खूबसूरत है, अंदर से उतना ही हसीन है। कई लोगों का सपना होता है कि उनका भी ताजमहल जैसा होता है। ऐसा ही सपना मध्य प्रदेश के आनंद प्रकाश चौकसे ने देखा और उन्होंने अपने सपने को हकीकत में बदल डाला। मध्य प्रदेश के बुरहानपुर में रहने वाले इस जोड़े ने ताजमहल की तर्ज पर एक शानदार चार कमरों का घन का बनवाया है। यह घर इतना खूबसूरत है कि पहली नजर में आपकी आंखों को धोखा हो सकता है कि क्या यह असली ताजमहल है। अब सोशल मीडिया पर इस घर का वीडियो वायरल हो गया है। आनंद प्रकाश चौकसे और उनकी पत्नी का यह घर है। उन्होंने घर को ताजमहल की तरह दिखाने के लिए खास मकराना संगमरमर का इस्तेमाल किया है।





### एक स्कूल परिसर के अंदर बना

वीडियो में पति-पत्नी से एक कंटेंट क्रिएटर सवाल करता है कि क्या यह घर वाकई उनका है और क्या यह ताजमहल की कॉपी है। इस पर उन्होंने कहा कि हां और फिर घर को दिखाते हैं। इस घर में संगमरमर के सुंदर गुंबद, नक्काशीदार खंभे और मेहराबदार दरवाजे हैं। यह एक स्कूल परिसर के अंदर बना है। इसे आनंद प्रकाश चौकसे ने खुद शुरू किया था। वीडियो में बताया गया है कि यह घर प्रेम का प्रतीक है, जैसे असली ताजमहल प्रेम के लिए बना था।

## नई स्टडी

### डेंजर जोन में इन लोगों की जान, बज गई खतरे की घंटी!

# अचानक खट्टा होने लगा महासागर का पेट

**वॉशिंगटन।** हमारे जीवन में महासागर का महत्वपूर्ण स्थान है। महासागर की बदलती गतिविधियों का वातावरण पर काफी असर पड़ता है। हालांकि, वैज्ञानिकों ने एक बड़ी चेतावती देते हुए बताया है कि महासागर की स्थिति पहले से ज्यादा खराब हो गई है। क्योंकि अम्लता का स्तर लगातार बढ़ रहा है। इसकी वजह से समुद्र तट पर रहने वाले लोगों को खतरा का सामना करना पड़ सकता है।

वैज्ञानिकों के द्वारा की गई एक नई स्टडी में पता चला है कि जीवाश्म ईंधन के जलने जैसी औद्योगिक गतिविधियों की वजह से कार्बन डाइऑक्साइड निकलता है जिसका असर महासागर पर पड़ रहा है और ये अम्लीय हो गए हैं। एक पत्रिका में प्रकाशित एक अध्ययन से पता चला है कि पिछले 5 साल की तुलना में अम्लीकरण काफी ज्यादा है। इससे पहले किए गए शोधों में पता चला था कि पृथ्वी के महासागर अम्लीकरण के लिए खतरे के क्षेत्र के करीब पहुंच रहे थे।



### कैसे होता है अम्लीकरण

रिपोर्ट के मुताबिक अम्लीकरण समुद्र में अतिरिक्त सीओ2 के अवशोषण से प्रेरित होता है। जब सीओ2 समुद्री जल में घुल जाता है तो वह कार्बोनिक एसिड बनाता है और पीएच स्तर को कम करता है और महत्वपूर्ण कार्बोनेट आयनों पर आक्रमण करता है। इसकी वजह से पानी में रहने वाली प्रजातियों, जैसे कोरल और शेलफिश को खतरा होता है क्यों ये कैल्शियम कार्बोनेट पर निर्भर होते हैं।

### घातक होगा परिणाम

इससे पहले वैज्ञानिकों ने आशंका जताई थी कि महासागर अम्लीकरण खतरनाक स्तर तक पहुंच गया है। यह स्वस्थ और स्थिर पर्यावरण को बनाए रखने वाली सीमा को भी पार कर गया है। इसका प्रभाव काफी घातक हो सकता है। महासागरों पर निर्भर रहने वाले लोगों के स्वास्थ्य और सुरक्षा पर इसका असर पड़ेगा। उनके रहन- सहन और खाने पीने तक की चीजों को भी ये प्रभावित कर सकता है। आने वाले दिनों में भी इसमें बढ़ोतरी देखी जा सकती है।

## जब चाहा बदल लिया जेंडर, इन जानवरों के अंदर भरा पड़ा है जादू



**लंदन।** दुनिया भर में कई अनोखे जानवर होते हैं जो अपने की वजह से चर्चाओं में रहते हैं। कोई अपनी बनावट की वजह से तो कोई अपने बोलने और रहने की वजह से चर्चा में रहता है। ऐसे में हम आपको बताने जा रहे हैं कुछ ऐसे जानवरों के बारे में जो अपना जेंडर बदलने में माहिर होते हैं। ये जानवर कभी मेल की तरह रहते हैं तो कभी फीमेल। आपको ये सुनने में अजीब लगता होगा, लेकिन ये सच है।

### फ्लैटवॉर्म

सबसे पहले हम बात करेंगे फ्लैटवॉर्म के बारे में। इन्हें चपटे कृमि भी कहा जाता है। ये जेंडर बदलने में माहिर होते हैं। वे उभयलिंगी होते हैं। इनके पास नर और मादा दोनों प्रजनन अंग होते हैं।

### क्लाउनफिश

जेंजर बदलने के मामले में क्लाउनफिश का भी काफी ज्यादा नाम आता है। क्लाउनफ़िश नर के रूप में पैदा होते हैं। ये एक स्पष्ट सामाजिक व्यवस्था के साथ ग्रुप में रहते हैं। सबसे ऊपर एक फीमेल रहती है। अगर वो मर जाती है उसे हटाया जाता हो तो इस ग्रुप का सबसे बड़ा मेल क्लाउनफिश फीमेल में बदल जाती है और ग्रुप बिना किसी देरी के बच्चे पैदा कर सकता है।

### पैरट फिश

इसके बाद हम बात करने जा रहे हैं पैरटफिश के बारे में। पैरटफिश भी अपना जेंडर बदलते हैं, इसमें से कई मादा के रूप में जन्म लेते हैं और बाद में बड़े होने पर नर में बदल जाते हैं। इस बदलाव के साथ-साथ इनके रंग में भी बदलाव आता है। इनके रंग अक्सर चमकीले या अलग हो जाते हैं।

### गोबी

जेंडर बदलने के मामले में गोबी भी शामिल है। ये खारे पानी और मीठे पानी दोनों में पाई जाने वाली छोटी मछली है, ज़रूरत पड़ने पर अपना लिंग बदल सकती है। अगर कोई फीमेल गोबी है और उसे साथी नहीं मिल रहा है तो ये अपना जेंडर बदल लेती है। यह इनके जिंदा रहने का एक स्मार्ट तरीका है।

### झींगा

एक रिपोर्ट के मुताबिक लिस्माटा जैसी कुछ झींगा प्रजातियां भी जेंडर बदलने के लिए जानी जाती हैं। ये मेल के रूप में पैदा होते हैं और धीरे-धीरे बड़े होने पर मादा में बदल जाते हैं। इस वजह से इन्हें उभयलिंगी भी कहा जाता है। जेंडर बदलने की वजह से ये काफी ज्यादा फेमस हैं।

# नीट में एलन के टॉप-10 में 4 स्टूडेंट एवं टॉप-100 में 39 स्टूडेंट

## एलन के मृणाल झा एआईआर-4 और आशी सिंह ऑल इंडिया गर्ल्स में रैंक-2

**कोटा।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से घोषित नीट-यूजी 2025 के रिजल्ट्स में एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट ने एक बार फिर श्रेष्ठता साबित की है। नीट-यूजी 2025 में एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के स्टूडेंट्स में देश में टॉप रैंक्स के साथ-साथ बड़ी संख्या में गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज में एडमिशन सुनिश्चित किया है। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के सीईओ नितिन कुकरेजा ने बताया कि परिणामों में एलन के क्लासरूम कोर्स के स्टूडेंट मृणाल झा ने आल इंडिया रैंक-04 प्राप्त की है। इसके साथ ही टॉप-10 में चार स्टूडेंट्स ने स्थान प्राप्त किया है, इसमें केशव मित्तल ने आल इंडिया रैंक 07, भव्य चिराग झा ने आल इंडिया रैंक 08 प्राप्त की, ये तीनों एलन के क्लासरूम स्टूडेंट हैं तथा आरव अग्रवाल ने आल इंडिया रैंक 10 प्राप्त की है जो कि दूरस्थ शिक्षा से एलन से जुड़े हैं। एलन की आशी सिंह ने आल इंडिया रैंक-12 प्राप्त की है तथा आल इंडिया गर्ल्स कैटेगिरी में रैंक-2 पर रही हैं। अभी तक प्राप्त जानकारी के अनुसार टॉप-100 में एलन के 39 स्टूडेंट हैं। इसमें 29 क्लासरूम प्रोग्राम से है। 10 डिस्टेंस लर्निंग एवं



ऑनलाइन टेस्ट सीरीज प्रोग्राम से हैं। इस अवसर पर एलन डायरेक्टर्स ने सभी चयनित विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। सीईओ

नितिन कुकरेजा ने बताया कि गुणवत्ता के साथ-साथ संख्या की दृष्टि से भी एलन के परिणाम बेहतर रहे हैं। परिणाम देखे जाने तक बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स ऐसे सामने आ रहे हैं, जिनका प्रवेश गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस के लिए सुनिश्चित माना जा रहा है।

उन्होंने कहा कि एलन श्रेष्ठता में विश्वास रखता है। श्रेष्ठ माहौल, श्रेष्ठ फैकल्टीज के साथ ही एलन श्रेष्ठ परिणाम दे रहा है। मेडिकल एंट्रेंस एग्जाम में गत 16 वर्षों में एलन के 13 क्लासरूम स्टूडेंट्स ने आल इंडिया रैंक-1 हासिल की है। वर्ष 2024 में चिकित्सा शिक्षा के लिए देश के श्रेष्ठ संस्थान माने जाने वाले एम्स इंस्टीट्यूट में प्रवेश लेने वाला हर चौथा स्टूडेंट एलन से था। इसके साथ ही गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेजों में एलन के 10450 से अधिक स्टूडेंट्स का प्रवेश हुआ। उन्होंने कहा कि एलन रिजल्ट्स की ऑथेंटिसिटी एवं ट्रांसपरेंसी में भी विश्वास रखता है और इसे बरकरार रखने के लिए अपने रिजल्ट्स को देश की बड़ी ऑडिट फर्म ई-वाई इंडिया से वैलिडेट करवाया है।

---

### अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर पतंजलि का जनसंपर्क अभियान तेज

# भव्य एवं ऐतिहासिक होने जा रहा है योग दिवस कार्यक्रम : राकेश कुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र

योगऋषि स्वामी रामदेव महाराज के दिशा निर्देश तथा योग आयोग, आयुष विभाग हरियाणा के तत्वाधान में आयोजित 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर पतंजलि योगपीठ के जनसंपर्क कार्यों ने गति पकड़ ली है। कुरुक्षेत्र के लोगों में उत्साह है कि स्वयं योगऋषि स्वामी रामदेव जी तथा प्रदेश के मुखिया नायब सिंह सैनी उन्हें योगासन व प्राणायाम सिखाने आ रहे हैं। यह बात पतंजलि योग समिति के मुख्य केंद्रीय प्रभारी राकेश कुमार 'भारत' ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि इस बार अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बहुत ही भव्य एवं ऐतिहासिक होने जा रहा है, जिसमें देश के सभी राज्यों से सभी साधक योग का अभ्यास कर स्वास्थ्य लाभ लेंगे। राकेश ने कहा कि हमें तहसील पिहोवा के 40 पॉइंट पर प्रचार कार्य आगामी 2 दिनों में पूरा करना है। इसका संज्ञान लेते हुए पिहोवा के गांव सरसा में स्वामी कौशल देव , पतंजलि युवा




भारत पंजाब के राज्य प्रभारी सतगुरु , सुभाष सारसा जी ने योगाभ्यास कराया। लाडवा आर्य समाज मंदिर में पतंजलि योग समिति लाडवा के तत्वाधान में योग शिक्षक ओमप्रकाश मल्होत्रा व सुनील गर्ग द्वारा द्वारा योग प्रोटोकॉल का अभ्यास कराया। फतेहाबाद के कार्यकर्ता भाई कमलजीत जी व भाई मदन गोपाल के नेतृत्व में कुरुक्षेत्र जिले गांव झांसा गांव योग कक्षा आयोजित की गई तथा घर-घर संपर्क अभियान चलाया गया।

#### *योग जागरण रैली व जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों को प्रेरित किया*

*पतंजलि योग समिति के जिला सिरसा प्रभारी जय प्रकाश व हरियाणा सोशल मीडिया सह-राज्य प्रभारी व मुख्य योग शिक्षक हेमराज सपरा ने गांव खरकाली, तहसील लाडवा में योग कक्षा संचालित की, योग जागरण रैली व जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों को प्रेरित किया। कुरूक्षेत्र द्रोणाचार्य स्टेडियम में माननीय पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा, उपायुक्त श्री मती नेहा सिंह, पुलिस अधीक्षक नीतीश अग्रवाल सहित सभी अधिकारी व कर्मचारियों की उपस्थिति में योग प्रोटोकॉल का अभ्यास कराया गया। जिला पतंजलि किसान समिति अध्यक्ष राधेश्याम गुप्ता ने जनपद आगरा आवंटित क्षेत्र में सुरमी तहसील पेहवा जनपद, कुरुक्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का योग प्रोटोकॉल का अभ्यास कराया। उत्तर प्रदेश से आए राज्य कार्यकारिणी सदस्य जयप्रकाश जी एवं जिला कैथल के पतंजलि प्रभारी ओम जी आचार्य हरिओम ने प्रजापति धर्मशाला कुरुक्षेत्र में बच्चों को योग और प्राणायाम के महत्व को बताया। हरियाणा की महिला पतंजलि योग समिति राज्य प्रभारी अमर रवीश, राज्य सोशल मीडिया प्रभारी प्रो. निरूपमा भट्टी , कुरुक्षेत्र की जिला प्रभारी बहन मंजू नरवाल , पतंजलि योग समिति के युवा प्रभारी अनिल गुप्ता , मीडिया प्रभारी विकास भटनागर , शहरी प्रभारी अनिल राणा , तहसील प्रभारी अजय पोपली , पतंजलि परिवार हिसार के आजीवन सदस्य जोगिंदर दलाल , अलीगढ़ उ.प्र.पश्चिम से जयप्रकाश आर्य, भारत स्वाभिमान के जिला प्रभारी कुलवंत सिंह आदि ने प्रचार कार्य में पूर्ण सहयोग किया।*

# रॉयल कॉलेज ऑफ आर्ट की स्नातक सोनाक्षी ने पेश किया "ज़ात"

## लंदन की भारतीय कलाकार ने प्रदर्शनी के ज़रिए नारीत्व की पुरानी सोच को चुनौती दी

**जबलपुर।** ब्रिटिश काउंसिल, कस्तूरबा गांधी मार्ग की गैलरी में "ज़ात" प्रदर्शनी पेश की जाएगी, जो सोनाक्षी की एक गहरी और प्रभावशाली मूर्तिकला कृति है। यह प्रदर्शनी मां-बेटी की पीढ़ियों की यादों को पारिवारिक चीज़ों, धातु और उनके अर्थों के ज़रिए सामने लाती है। यह प्रदर्शनी 31 जुलाई 2025 तक स्टडी यूकेः क्रिएटिव कनेक्शन्स II के हिस्से के रूप में चलेगी। आगरा में जन्मी और अब लंदन में रहने वाली सोनाक्षी चतुर्वेदी अपनी पेंटिंग, इनैमलिंग और रत्नों की जानकारी को मिलाकर यह सवाल उठाती हैं कि महिलाओं की कहानियां कैसे याद रखी जाती हैं—या जानबूझकर भुला दी जाती हैं। यह प्रदर्शनी दुल्हन, मां और दादी जैसे पारंपरिक रोल्स पर सवाल उठाती है और



भारतीय उपमहाद्वीप की हस्तकला परंपराओं में छिपी अनकही इच्छाओं को उजागर करती है। सोनाक्षी बताती हैं, "ज़ात की शुरुआत मेरी अपनी पुरानी यादों को सहेजने के लिए हुई थी, लेकिन यह जल्द ही एक तरह का दावा बन गया—उन पारिवारिक चीज़ों को खोजने का, जिनमें उन महिलाओं का चुपके से किया गया विरोध छिपा था, जिन्हें सिर्फ़ मां, दुल्हन या दादी के रूप में जाना गया। अपनी मूर्तियों के ज़रिए, मैं मां-बेटी की विरासत को चीज़ों की यादों के रूप में सहेजती हूं—ताकि आने वाली पीढ़ियों की महिलाएं उन्हें सिर्फ़ उनके रोल्स से नहीं, बल्कि उनकी ख्वाहिशों, आज़ादी और आवाज़ के साथ जानें।" कलाकार के बारे मेंः सोनाक्षी एक बहु-आयामी कलाकार, रत्न विशेषज्ञ और शोधकर्ता हैं, जिनका काम औपनिवेशिक दौर के बाद की भौतिक यादों, लैंगिक गहनों और मां-बेटी की विरासत को हस्तकला, धातु कार्य और कहानी कहने के ज़रिए खोजता है। उन्होंने रॉयल कॉलेज ऑफ आर्ट, लंदन (2024) से ज्वैलरी और मेटल में एमए, NIFT बेंगलुरु (2022) से एक्सेसरी डिज़ाइन में B.Des, और IGI दुबई (2022) से ग्रेजुएट जेमोलॉजिस्ट की डिग्री हासिल की

### व्यापारियों ने कैंडल जलाकर दी विमान हादसे में मृतकों को श्रद्धांजलि

**वाणिज्य प्रतिनिधिःभोपाल।** अहमदाबाद में हुए दुःखद विमान हादसे पर व्यापारिक संगठनों ने भी गहरा शोक व्यक्त किया और मृतकों को दस नंबर मार्केट स्थति हरे कृष्णा मार्केट में श्रद्घांजलि अर्पित की। दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा। कैंडल जलाकर मृतकों को श्रद्धांजलि देने वालों में 10 नंबर मार्केट व्यापारी महासंघ भोपाल अध्यक्ष आनंद सोनी, ओम प्रकाश साहू, ब्रज जौहरी, सुनील बत्रा, सुमित अग्रवाल मुकेश जैन, स्वप्निल जैन, प्रदीप हिरानी, जीतू कृपलानी, अशोक वाधवानी, मुकेश अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, शशांक बजाज, राजकुमार सबनानी, प्रदीप गुप्ता आदि शामिल रहें।



# आकाश एजुकेशनल के ओम सिद्धार्थ जायसवाल ने प्राप्त की 295 ऑल इंडिया रैंक

**जबलपुर।** देशभर में परीक्षा की तैयारी कराने वाली अग्रणी संस्था आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (एईएसएल)ने गर्व के साथ घोषणा की है कि जबलपुर के छात्र ओम सिद्धार्थ जायसवाल ने एनईईटी यूजी 2025 परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 295 प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। यह उपलब्धि न केवल छात्र की मेहनत और अनुशासन का परिणाम है, बल्कि एईएसएल द्वारा प्रदान की गई उत्कृष्ट कोचिंग और मार्गदर्शन का भी प्रमाण है। इस प्रतिष्ठित परीक्षा के परिणाम कल नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) द्वारा आधिकारिक रूप से घोषित किए गए। ओम सिद्धार्थ जायसवाल एईएसएल के क्लासरूम प्रोग्राम में नामांकित थे, जिसे विशेष रूप से ऐनी जैसी अत्यंत प्रतिस्पर्धात्मक और चुनौतीपूर्ण मेडिकल प्रवेश परीक्षा की तैयारी के लिए डिजाइन किया गया है। एईएसएल के चीफ ऑफ एकेडमिक एंड बिजनेस हेड डॉ. एच.आर. राव ने इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए कहाः एनईईटी यूजी 2025 में हमारे छात्र की शानदार सफलता पर हमें बेहद गर्व है। यह कोई आसान कार्य नहीं है इस वर्ष देशभर से 23 लाख से अधिक छात्रों ने परीक्षा में भाग लिया। यह परिणाम छात्रों की मेहनत, लगन, माता-पिता का सहयोग और हमारी शैक्षणिक टीम की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। हम ओम को उनके चिकित्सा क्षेत्र में उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हैं।

### एफएमपीसीसीआई की प्रबंध समिति की बैठक

# आगामी 10 साल में मप्र में 10 हजार नए स्टॉर्टअप विकसित करने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

फेडरेशन ऑफ मप्र चेंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (एफएमपीसीसीआई) की प्रबंध समिति की बैठक संपन्न हुइ। बैठक में एजेंडा अनुसार विभिन्न बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया गया, जिसमें कार्यवृत्त का अनुमोदन, नए सदस्यों के आवेदन स्वीकार करना एवं फेडरेशन द्वारा की जा रही गतिविधियों की जानकारी शामिल रही। बैठक के उपरांत बेक्कर एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड जो एक सिंगापुर आधारित कंपनी है और जिसने स्वच्छ ऊर्जा पर वैश्विक सतत विकास लक्ष्यों के शुभारंभ के अवसर पर भारत का संयुक्त राष्ट्र में प्रतिनिधित्व किया था ने औद्योगिक, संस्थागत एवं घरेलू क्षेत्रों में सोलर हार्डवेयर सॉल्यूशन्स और सोलर प्रोजेक्ट्स के सफल कार्यान्वयन पर चर्चा की। इस अवसर पर इंडिगो एयरलाइंस जो कि भारत की सबसे बड़ी एयरलाइन है ने एमएसएमई सेक्टर के लिए विशेष छूट देने की घोषणा की।




#### *फेडरेशन का नॉलेज सोशल फाउंडेशन के साथ करार*


*फेडरेशन ने स्टार्टअप इंडिया मिशन के अनुरूप मध्यप्रदेश में आगामी 10 वर्षों में 10000 नए स्टार्टअप्स विकसित करने का संकल्प लिया है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए नॉलेज सोशल फाउंडेशन के साथ एक महत्वपूर्ण समझौता किया गया। इस एमओयू पर एफएमपीसीसीआई के अध्यक्ष दीपक शर्मा एवं नॉलेज सोशल फाउंडेशन के अध्यक्ष संजीव दुबे द्वारा हस्ताक्षर किए गए। यह साझेदारी इनोवेशन सेंटर, प्रशिक्षण, मार्गदर्शन और निवेश सुविधाओं के माध्यम से स्टार्टअप्स को सहयोग प्रदान करेगी। इस मौके पर आनंद बांगुर, वीरेन्द्र कुमार पोरवाल, कैलाश अग्रवाल, सीबी मालपानी, अशोक पटेल, योगेश गोयल, हिमांशु शाह, देवेन्द्रपाल चावला, राघव तंवर, नन्दकिशोर ओझा, एमसी रावत सचिव प्रवीण आचार्य, सह सचिव डॉ. सुरेन्द्र सिंह एवं मार्केटिंग हेड राजेश हिरवे सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।*

**हरिभूमि की एजेंसी एवं प्रतियों के लिये संपर्क करें**
**मों. 9340637789**

## राशिफल

- **मेष** — कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। मन प्रसन्न रहेगा। शैक्षिक कार्यों को लेकर सतर्क रहें। व्यवधान आ सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी।
- **वृष** — बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। अनाश्यक कार्यों से खर्च की अधिकता बढ़ सकती है।
- **मिथुन** — नौकरी के लिए परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मान-सम्मान की प्राप्ति भी हो सकती है।
- **कर्क** — कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। पिता के स्वास्थ्य का ख्याल रखें। माता का साथ मिलेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।
- **सिंह** — मन प्रसन्न तो रहेगा। फिर भी संयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।
- **कन्या** — मन प्रसन्न रहेगा। शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। संयत रहें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। भाइयों के सहयोग से नए कार्य की शुरुआत होगी।
- **तुला** — कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। भाग-दौड़ भी अधिक रहेगी। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।
- **वृश्चिक** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। माता का सानिध्य मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूरस्थ स्थान पर जाना हो सकता है।
- **धनु** — नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के योग बन रहे हैं। आय में वृद्धि होगी। कार्यभार भी बढ़ेगा। व्यर्थ की चिंता बढ़ सकती हैं।
- **मकर** — वाणी में मधुरता तो रहेगी। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। कारोबार में भाग-दौड़ अधिक रहेगी। किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं।
- **कुंभ** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार में अभी निवेश करने से बचें। आय की स्थिति में सुधार आएगा, लेकिन खर्च भी बढ़ेंगे।
- **मीन** — पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। किसी रुके हुए धन की प्राप्ति हो सकती है। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी।

## शब्द पहेली - 5899



**बाएँ से दाए**
1.असहकार-5
4.शत्रुता,दुश्मनी-4
7.नाच,नृत्य (उर्दू-2)
8.विष्णु का वाहन-3
9.मादा का विलोम-2
10.ईश्वर,शिव-4
11.संज्ञा,संबोधन-2
13.वेग,गति-3
14.महसूल,राहदरी-2
15.अंधकार,अंधेरा-3
17.कुंजी,ताली-2
19.गोलाकार-5
22.इतरता,बेगानापन-5
25.समय,वक्त-2
26.स्याही का पात्र-3
28.अच्छा,सद् पुरुष-2
29.अदृश्य-3
30.मिट्टी,धूल-2
32.नट,बाजीगरी करने वाला-4
34.टैक्स,हाथ-2
36.बोलने का तरीका-3
37.खदान-2
38.जो जायज न हो-4
39.श्री रामचंद्र का नाम-5

**ऊपर से नीचे**
1.तराजू डंडा,पासा-2
2.पराजित करना-3
3.बहुत लंबा -5
4.रुकना,अड़ जाना-3
5.जंगल,कानन-2
6.तीर रखने का पात्र-4
7.सार-संभाल-2,3
10.पूंजी,धन-4
12.वोट,राय-2
16.राजा,महाराजा-3
17.चतुर्थ,चौथा-2
18.हलवा-2
20.पक्षाघात-3
21.तन,देह-2
22.क्षण-2
23.स्मारक-4
24.चोर,लुटेरा-5
25.जैकी श्राफ, अनिल कपूर,किमी काटकर व फराह अभिनीत फिल्म -5
26.टूटना,बिखरना-4
27.पानी से सराबोर-2
31.कमल,नीरज-3
33.बादलों की गड़गड़ाहट-3
35.छुट्टी,अवकाश-2
37.राख,मिट्टी-2

### शब्द पहेली - 5898 का हल



## सूडोकु नवताल - 5909

सरल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | | | | 1 | | | |
| 5 | 4 | | | 6 | 8 | | 1 | 3 |
| | | 1 | | 7 | | 9 | 5 | |
| | 8 | 9 | | 5 | 3 | | 4 | 7 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 1 | | 4 | 9 | | 2 | 3 | |
| | 3 | 4 | | 1 | | 8 | | |
| 7 | 5 | | 8 | 3 | | | 2 | 4 |
| | | | 6 | | | | 7 | 9 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5908 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 6 | 2 | 3 | 4 | 1 | 7 | 5 | 8 |
| 1 | 4 | 8 | 9 | 7 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 5 | 7 | 3 | 2 | 6 | 8 | 1 | 4 | 9 |
| 3 | 2 | 1 | 6 | 9 | 4 | 8 | 7 | 5 |
| 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 6 |
| 6 | 9 | 5 | 8 | 3 | 7 | 4 | 1 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 7 | 2 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 4 | 5 | 9 | 3 | 8 | 7 |
| 7 | 5 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 4 |



# कन्नप्पा का ट्रेलर रिलीज अक्षय बने महादेव...

**मुंबई।** साउथ सिनेमा की बहुचर्चित मल्टीस्टारर फिल्म कन्नप्पा, 27 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। टीजर के बाद अब फिल्म का ट्रेलर भी रिलीज कर दिया गया है, जिसमें प्रभास, मोहनाल से लेकर अक्षय कुमार जैसे दिग्गज कलाकार नजर आ रहे हैं। दो मिनट 54 सेकेंड के इस ट्रेलर की शुरुआत एक बच्चे यानी कि 'कन्नप्पा' से होती है, जो कहता है कि भगवान का अस्तित्व नहीं है और वह खुद अपने समुदाय के लोगों को बचाने की जिम्मेदारी लेता है। इसके बाद बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार दिखते हैं, जो भगवान शिव के रूप में नजर आ रहे हैं। फिल्म की कहानी शिव भक्तों की कहानी है।

लाइफ Style



# चित्रांगदा

## महिला हो या पुरुष, बराबर है जिम्मेदारी

इन दिनों फिल्म इंडस्ट्री में वर्किंग यानी कामकाजी महिलाओं को लेकर एक अहम बहस चल रही है। खासकर उन आर्टिस्ट को लेकर जो मां भी हैं और अपने करियर को भी संभाल रही हैं। हाल ही में दीपिका पादुकोण ने मां बनने के बाद आठ घंटे ही शूटिंग करने की डिमांड मेकर्स के सामने रखी। इसके बाद ही यह बहस शुरू हुई।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इस मुद्दे पर एक्ट्रेस चित्रांगदा सिंह ने भी अपनी राय रखी है। बॉलीवुड एक्ट्रेस चित्रांगदा सिंह हालिया रिलीज फिल्म 'हाउसफुल 5' में नजर आ रही हैं। इसी बीच अमर उजाला डिजिटल से खास बातचीत में एक्ट्रेस ने फिल्म इंडस्ट्री में वर्किंग महिलाओं के लिए 8 घंटे की शिफ्ट को लेकर अपनी राय रखी। एक्ट्रेस ने कहा, 'मुझे लगता है कि सबका अपना-अपना माइंडसेट होता है। अपनी पसंद होती है। कोई भी किसी की चॉइस पर सवाल नहीं उठा सकता। लेकिन, अगर आप सेट पर आ रहे हैं, चाहे आप मेल एक्टर हों या फीमेल, हम एक क्वालिटी की उम्मीद करते हैं। इसलिए, वहां सबकी बराबर जिम्मेदारी होनी चाहिए। काम का मतलब काम होता है।


मुझे लगता है कि मेल या फीमेल, इससे फर्क नहीं पड़ता। काम की जिम्मेदारी सबकी होती है। चित्रांगदा ने आगे बताया, मैंने खुद सात साल का ब्रेक लिया था। जब मेरा बेटा हुआ, मैंने पूरा काम छोड़ दिया। इससे मेरे कॅरियर पर असर पड़ा। लेकिन वो मेरी चॉइस थी। ये एक पर्सनल चॉइस थी। कोई उस पर सवाल नहीं उठा सकता। हर किसी की प्रायोरिटी होती है। मैं उस महिला की भी इज्जत करती हूं जो साफ तौर पर कहती है कि मैं इससे ज्यादा काम नहीं कर सकती।

## हॉलीवुड मसाला



# स्थगित किए वर्ल्ड टूर के चार शो

लॉस एंजिल्स। पॉप गायिका काइली मिनोग बीमार हैं। ऐसे में उनके फैंस के लिए दुख की बात यह है कि उन्होंने अपनी बीमारी के चलते अपने चार आगामी शो स्थगित करने का ऐलान किया है। काइली मिनोग यूके में भीड़ को जमा करने के लिए अपने 'टेंशन' टूर पर प्रदर्शन कर रही थीं। लेकिन, आवाज में दिक्कत की वजह से उन्हें अपने चार प्रोग्राम रद्द करने पड़े। 'टेंशन' टूर सात सालों में उनका पहला वैश्विक और उनके कॅरियर का 16वां टूर है।



# टॉम ने गर्लफ्रेंड एना के साथ लंदन में किया डिनर डेट...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार टॉम क्रूज और उनकी 25 साल छोटी गर्लफ्रेंड एना डे आर्मस एक बार फिर सुर्खियों में हैं। इस बार दोनों लंदन में डिनर डेट पर निकले। इससे उनके कथित रिश्ते के बारे में अटकलों को और हवा मिल गई है। इनकी फोटोज सोशल मीडिया पर धड़ल्ले से वायरल हो रही हैं। मालूम हो कि टॉम जहां 62 साल के हैं तो एना 37 साल की हैं। दोनों की उम्र के बीच 25 साल का अंतर है। रिपोर्ट्स के अनुसार, टॉम क्रूज और एना एना डे आर्मस अलग-अलग आए थे, लेकिन बाद में एक-दूसरे के साथ बहुत खुश दिखाई दिए। दोनों ने ब्लैक कलर का आउटफिट पहना था। भीड़ और पपाराजी की परवाह से दोनों दूर थे। हालांकि, ये पहली बार नहीं है, जब टॉम और एना को एक साथ देखा गया है। वे पहले भी कई बार मिल चुके हैं, जिससे उनके अफेयर के कयास लगाए जाने लगे।



# चेहरे पर बालों के लिए मिलते थे कमेंट्स

**मुंबई।** म्यूजिक की दुनिया में जोनिता गांधी एक जाना माना नाम हैं। हाल ही में सिंगर एक इंटरव्यू में शामिल हुईं, जहां उन्होंने अपने पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ को लेकर बात की है। इस दौरान गायिका ने बताया कि लोग उन्हें चेहरे और बालों को लेकर खराब-खराब बोलते थे, जिससे उनकी जिंदगी पर बुरा असर पड़ रहा था। जोनिता गांधी ने कहा, 'जब मैं बड़ी हो रही थी तो मेरे चेहरे पर काफी बाल थे, जिस वजह से लोग मुझे चिढ़ाते थे और खराब-खराब बोलते थे। वे मुझे गॉडजिला कहते थे, मुझे लगता है कि वे बस यही सोचते थे कि मैं बदसूरत हूं। मैं घर आकर रोती थी। यहां तक कि मेरी क्लास के पंजाबी लड़के भी मेरा मजाक उड़ाते थे। मैं अपनी बॉडी को खुद ही नहीं अपना पा रही थी, तो कोई और कैसे अपनाता।' जोनिता गांधी ने बताया, 'मेरे अंदर अभी भी वो डर है।



# उर्फी ने अपूर्वा को कहा- बदतमीज

**मुंबई।** करण जौहर के रियलिटी शो 'द ट्रेटर्स' के अभी कुछ एपिसोड ही प्रसारित हुए हैं और अभी से घर के अंदर ड्रामा अपने चरम पर है। इस बार सुर्खियों में हैं दो कंटेस्टेंट्स- उर्फी जावेद और अपूर्वा मुखिजा। शुरुआती एपिसोड में दोनों के बीच 'सिस्टर कोड' देखने को मिला था, लेकिन अब वही रिश्ता तकरार में बदल चुका है। दोनों अब एक दूसरे की कट्टर दुश्मन बन गई हैं। अब दोनों की लड़ाई सिर्फ शो तक ही सीमित नहीं है बल्कि शो से बाहर भी दोनों एक दूसरे पर तंज कसते हुए नजर आ रही हैं। अपूर्वा ने भी इस क्लिप को अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए लिखा, 'हमें मानना पड़ेगा, हम एक ही लेवल पर नहीं हैं। इस पर उर्फी ने करारा जवाब देते हुए इंस्टाग्राम स्टोरी में अपूर्वा को 'बदतमीज' बताया और कहा, 'मैं इस लड़की की तरह बदतमीज नहीं हूं।

## टीवी मसाला



# 'बड़े अच्छे लगते हैं' के अलावा ये रोमांटिक सीरियल भी हुए मशहूर

**नई दिल्ली।** सीरियल 'बड़े अच्छे लगते हैं' के नए सीजन में शिवांगी जोशी और हर्षद चोपड़ा लीड रोल में नजर आने वाले हैं। इस जोड़ी की इन दिनों सोशल मीडिया पर काफी चर्चा है। फैंस का मानना है कि हर्षद और शिवांगी भी रोमांटिक टीवी सीरियल के पॉपुलर कपल्स की लिस्ट में शामिल होंगे। हम आपको यहां पर टीवी के कुछ मशहूर रोमांटिक सीरियल के ही बारे में बता रहे हैं। साल 2011 में एकता कपूर सीरियल 'बड़े अच्छे लगते हैं' का पहला सीजन लेकर आईं। इसमें राम कपूर और साक्षी तंवर ने राम और प्रिया नाम के किरदार निभाए थे। यह सीरियल एक मिडिल एज कपल्स की लव स्टोरी पर था। राम और प्रिया की रोमांटिक जोड़ी को दर्शकों ने खूब पसंद किया। कृतिका कामरा और करण कुंद्रा स्टारर टीवी सीरियल 'कितनी मोहब्बत है' के दो सीजन आए थे। दोनों ही सीजन में इन एक्टर्स ने अर्जुन और आरोही नाम के किरदार निभाए। पहला सीजन 2009 में दर्शकों को देखने को मिला था। आज भी दर्शक इस सीरियल के दीवाने हैं। साल 2007 में 'दिल मिल गए' सीरियल आया, यह सीरियल 'संजीवनी' का आगे का पार्ट था। इस सीरियल में करण सिंह ग्रोवर लीड में थे। फीमेल लीड दो-तीन बार बदलीं। इस सीरियल के भी कई सीजन आए। मेडिकल ड्रामा के अलावा इस सीरियल की प्रेम कहानी यंग ऑडियंस को काफी पसंद आई। साल 2009 में टीवी एक सीरियल 'पवित्र रिश्ता' टेलीकास्ट हुआ। बहुत कम समय में इस सीरियल ने टीआरपी लिस्ट में अपने लिए जगह बना ली।

## 13 साल छोटी एक्ट्रेस के प्यार में पड़े कुशाल

**नई दिल्ली।** टीवी के मशहूर अभिनेता कुशाल टंडन ने रविवार की सुबह ऐलान किया कि उन्होंने शिवांगी जोशी से अलग होने का फैसला किया है। अभिनेता ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर रात 2:30 बजे के आसपास यह नोट लिखा। हालांकि, पांच मिनट के बाद एक्टर ने ये पोस्ट डिलीट कर दी। कुशाल टंडन ने पोस्ट में लिखा 'मैं जिन लोगों से प्यार करता हूं, उनसे बस इतना कहना चाहता हूं कि मैं और शिवांगी अब साथ नहीं हैं, 5 महीने हो गए हैं।' इससे पहले कि फैंस इस खबर को समझ पाते, कुशाल ने इसे अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी से हटा दिया। इसके बाद उन्होंने कोई बात नहीं कही है। फैंस अटकलें लगा रहे हैं कि क्या एक्टर नशे में थे या फिर ब्रेकअप की बात सही है जिसकी वजह से उन्होंने पोस्ट डिलीट की। कुशाल टंडन ने अपने ब्रेकअप का एलान ऐसे मौके पर किया जब फैंस ने अनुमान लगाया कि दोनों अलग होने वाले हैं। कुशाल और शिवांगी, जो कुछ महीने पहले तक सोशल मीडिया पर बहुत ज्यादा एक्टिव थे, ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर एक-दूसरे को अनफॉलो कर दिया।



# सनी देओल से लेकर अल्लू अर्जुन तक ने सेलिब्रेट किया फादर्स-डे

**मुंबई।** 15 जून को देश-दुनिया में लोग फादर्स डे सेलिब्रेट किया। इस खास दिन को बॉलीवुड सेलिब्रिटी, साउथ फिल्मों के कई स्टार्स तक सेलिब्रेट करते नजर आए। कई सेलिब्रिटीज ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर अपने पिता के नाम प्यार भरे संदेश लिखे हैं, साथ ही उनके साथ तस्वीरें भी साझा की हैं।

***बेटी रूही-बेटे यश के नाम लिखा इमोशनल नोट***

पिताः हमारे जीवन को संवारते हैं, हमें जिंदगी जीने का सलीका सीखाते हैं, सही राह दिखाते हैं। साथ ही उनका प्यार हमारी जिंदगी को खुशियों से भर देता है। पिता के बारे में जितना कहा जाए, कम है। कुछ ऐसी ही फीलिंग्स करण जौहर की भी हैं। फादर्स-डे के मौके पर करण जौहर ने अपने पिता को याद करते हुए एक पोस्ट साझा किया है। साथ ही अपने बच्चों के नाम भी एक पोस्ट शेयर किया है। करण जौहर ने पिता यश जौहर के साथ एक पुरानी तस्वीर शेयर की है, इस फोटो में दोनों एक फिल्म के सेट पर बैठे हैं। साथ ही करण जौहर ने एक कैप्शन भी लिखा है, 'आपने दिल और आत्मा (Soul) के साथ फिल्में बनाईं। आपने अपने जीवन को अधिक जिया। आपने मुझे सिखाया कि अच्छी कहानी कहने की शुरुआत आपके अच्छे मन से होती है। मैं अपनी फीलिंग्स को बड़े पर्दे पर दिखा पाया, इसके लिए आपने हिम्मत दी, इसके लिए शुक्रिया। हैप्पी फादर्स डे पापा।'

### मैं जो कुछ भी हूं, आपके गाइडेंस से हूं

सनी देओल ने अपने पिता धर्मेंद्र को फादर्स डे पर विश किया है। इंस्टाग्राम पर अपने पापा के साथ एक फोटो शेयर करते हुए वह कैप्शन में लिखते हैं, 'आप मेरी ताकत हैं, मैं जो कुछ भी हूं, आपके गाइडेंस से हूं। आपका बेटा होकर मुझे गर्व महसूस होता है। मैं हमेशा आपके बताए रास्ते पर चलूंगा। बहुत सारा प्यार पापा।'



### पिता को बताया अपना भगवान

अल्लू अर्जुन ने अपने पिता के साथ एक पुरानी तस्वीर साझा की हैं। पिता को फादर्स डे विश किया है। इस पोस्ट में वह पिता को अपना भगवान भी बताते हैं।



# नशे में धुत्त होकर लड़ पड़े थे देव आनंद प्रोड्यूसर ने फिल्म से कर दिया था आउट

**नई दिल्ली।** शम्मी कपूर की फिल्म 'तीसरी मंजिल' साल 1966 में रिलीज हुई थी। फिल्म का आजकल तेरे मेरे प्यार के चर्चे गाना आज भी सुपरहिट है। वैसे इस फिल्म के लिए पहली पसंद देव आनंद थे। हाल ही में आमिर खान ने खुलासा किया कि शम्मी कपूर को इस फिल्म में होना ही नहीं था। दरअसल, यह फिल्म देव आनंद को लेकर बनाई जानी थी और आमिर के चाचा नासिर हुसैन इसे डायरेक्टर करने वाले थे। आमिर खान ने बताया कि एक्ट्रेस साधना की सगाई की पार्टी में दोनों के बीच जमकर लड़ाई हुई थी। इसके बाद नासिर हुसैन ने देव आनंद को फिल्म से बाहर कर दिया और फिर उन्होंने विजय आनंद को डायरेक्शन की जिम्मेदारी सौंपी थी। फिल्म बनी और यह एक बड़ी हिट साबित हुई।

***आमिर खान ने सुनाया पूरा किस्सा :*** एक इंटरव्यू में आमिर खान ने पूरा किस्सा बताया, जो उन्हें चाचा और फिल्ममेकर नासिर हुसैन ने सुनाया था। आमिर ने बताया कि साधना की सगाई की पार्टी में जब देव आनंद और नासिर हुसैन ने शराब पी रखी थी, तो दोनों के बीच झगड़ा हो गया, जो बाद में हाथापाई तक पहुंच गया।



***देव आनंद के साथ बन रही थी तीसरी मंजिल :*** आमिर ने बताया, नासिर, विजय आनंद के बहुत करीब थे और देव आनंद के भी दोस्त थे। तीसरी मंजिल को शुरू में देव आनंद के साथ बनाया जा रहा था। देव आनंद उसमें एक्टिंग कर रहे थे और नासिर उसका डायरेक्शन कर रहे थे। जब तीसरी मंजिल बनाई जा रही थी, उस समय नासिर हुसैन एक और फिल्म बहारों के सपने भी प्रोड्यूस कर रहे थे, जिसका डायरेक्शन विजय आनंद कर रहे थे और उसमें न्यूकमर राजेश खन्ना लीड भूमिका में थे।

***शराब पीकर लड़ पड़े थे देव आनंद-नासिर हुसैन :*** सगाई पार्टी में देव आनंद दोनों फिल्मों के बारे में बात कर रहे थे और नासिर ने यह बातचीत सुन ली। देव आनंद ने तीसरी मंजिल को बड़ी फिल्म और बहारों के सपने को छोटी फिल्म कह दिया। यह तुलना नासिर को बहुत बुरी लगी और इसी बात को लेकर उन दोनों के बीच बहस शुरू हो गई।

***इस वजह से शुरू हुई थी दोनों के बीच मारपीट :*** आमिर खान ने बताया, नासिर साहब ने कहा कि छोटी फिल्म या बड़ी फिल्म क्या होती है? दोनों के बीच बहस शुरू हो गई। फिर वे दोनों लड़ने लगे और दोनों के बीच मारा-मारी होने लगी। इस घटना के बारे में नासिरजी ने मुझे बताया था। फिर मैंने यह किस्सा साधना जी से कन्फर्म किया, जिन्होंने कहा कि हां, दोनों दारू पीकर झगड़ा कर रहे थे।

***तीसरी मंजिल से निकाले गए थे देव आनंद :*** नासिर इस बात से देव आनंद से काफी नाराज हो गए थे, इसलिए उन्होंने फैसला किया कि वह और विजय आपस में फिल्में बदल लेंगे। इसके बाद विजय आनंद को तीसरी मंजिल की जिम्मेदारी दे दी गई और नासिर ने बहारों के सपने का डायरेक्शन किया।

## शुरुआत में काफी किया संघर्ष, स्टूडियो में किया रिफ्लेक्टर ब्वॉय का काम

# 49 बार निभाया नारद मुनि का किरदार, विलेन बनकर हीरो का किया जीना मुश्किल

*नई दिल्ली। ओमकार नाथ धर उर्फ अभिनेता जीवन का जन्म (24 अक्टूबर 1915) एक कश्मीर पंडित परिवार में हुआ। मां का निधन ओमकार को जन्म देने के बाद हो गया था, वह तीन साल के हुए तो पिता को भी खो दिया। बिना माता-पिता के प्यार के ओमकार नाथ धर की परवरिश उनके दादा ने की थी। ओमकार नाथ धर एक संपन्न परिवार से संबंध रखते थे, मगर सिनेमा को लेकर कोई माहौल उनके घर में नहीं था।*

### 26 रुपए लेकर एक्टर बनने बंबई आ गए

बचपन से ही ओमकार को फिल्मों से गहरा लगाव हो गया। मगर परिवार के लोग, खासकर दादा जी फिल्मों में काम करने को अच्छा नहीं मानते थे। ऐसे में ओमकार घर से भाग निकले। जिस वक्त ओमकार ने घर छोड़ा, उनकी उम्र सिर्फ 18 साल थी। अपनी जेब में सिर्फ 26 रुपए लिए वह बंबई (मुंबई) आ गए। बॉलीवुड में शुरुआत में काफी संघर्ष किया। एक नामी फिल्म स्टूडियो में रिफ्लेक्टर ब्वॉय के तौर पर काम किया। आगे चलकर उन्हें फिल्म 'फैशनेबल इंडिया' नाम की फिल्म में काम करने का मौका मिला। फिल्मों के लिए उन्होंने अपना नाम ओमकार नाथ से जीवन भी कर लिया।

**कॅरियर में किए कई तरह के रोल :** अभिनेता जीवन ने अपने कॅरियर में कई तरह के रोल किए, लेकिन वह बड़े पर्दे पर सबसे ज्यादा बार नारद मुनि का रोल निभाते हुए नजर आए। एक बार अभिनेत्री तबस्सुम ने अपने चर्चित टॉक शो में जीवन से सवाल किया था? 'आप लगभग 40 बार नारद मुनि का रोल कर चुके हैं?' इस जीवन का जवाब था, ' 40 नहीं, मैं 49 बार नारद मुनि का रोल कर चुका है।'



**विलेन के किरदार किए जाते हैं याद**

*60 से लेकर 80 के दशक तक जीवन ने बॉलीवुड फिल्मों में विलेन के या फिर नेगेटिव रोल निभाए। विलेन के किरदार में वह खूब मशहूर हुए। फिल्म अमर अकबर एंथनी, धर्म वीर जैसी फिल्मों में निभाए जीवन के विलेन के किरदार आज भी याद किए जाते हैं।*

### अभिनय की विरासत को बेटे ने बढ़ाया आगे

जीवन के अभिनय की विरासत को उनके बेटे किरण कुमार ने आगे बढ़ाया है। वह टीवी और फिल्मों के चर्चित अभिनेता हैं। अपने पिता जीवन के बारे में किरण कुमार एक इंटरव्यू में कहते हैं, 'मेरे पिता का स्टाइल अलग ही था। वह अपने किरदारों को अलग ढंग से निभाते थे। कई लोगों ने मेरे पिता को कॉपी किया, आज वह लोग काफी सफल हैं।'

# बीसीसीआई ने की कर्मचारियों के दैनिक भत्तों में कटौती, 70 दिन के आईपीएल के लिए 7 लाख का दावा

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय क्रिकेट बोर्ड के सभी विभागों के कर्मचारियों के दैनिक भत्तों का भुगतान अब बोर्ड के शीर्ष अधिकारियों द्वारा घरेलू 'टूर्नामेंट भत्ता नीति' को सरल बनाने के बाद किया जाएगा। इन भत्तों का भुगतान जनवरी से नहीं किया गया है।

बीसीसीआई की मौजूदा यात्रा नीति के अनुसार कर्मचारियों को छोटी अवधि की यात्रा (चार दिन तक) के लिए प्रतिदिन 15,000 रुपए और आमतौर पर इंडियन प्रीमियर लीग, महिला प्रीमियर लीग और भारत द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की प्रतियोगिताओं से संबंधित लंबी अवधि की यात्रा के लिए प्रतिदिन 10,000 रुपए का भुगतान किया जाता है। यात्रा के दौरान एकमुश्त आकस्मिक भत्ता 7500 रुपए था।



## आकस्मिक भत्ते को हटाया

संशोधित नीति के अनुसार आकस्मिक भत्ते को हटा दिया गया है और कर्मचारियों को अब यात्रा के दौरान प्रतिदिन 10,000 रुपए का भुगतान किया जाएगा। आईपीएल का आयोजन दो महीने से कुछ अधिक समय तक होता है जबकि आईसीसी प्रतियोगिता भी कम से कम एक महीने तक चलती है। बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया कि स्रोत पर कर कटौती के बाद प्रतिदिन भत्ता 6500 रुपए होता है।

## बकाए का भुगतान जल्द

चूंकि नीति में संशोधन किया जा रहा था इसलिए वित्त, संचालन और मीडिया विभाग सहित बीसीसीआई के कर्मचारियों को आईपीएल और डब्ल्यूपीएल के लिए उनके दैनिक भत्ते का भुगतान नहीं किया गया है लेकिन अब जब नीति तैयार हो गई है तो उनके बकाए का भुगतान जल्द ही किया जाना चाहिए। सूत्र ने कहा, 'भत्तों के संदर्भ में एक स्पष्ट नीति की आवश्यकता थी क्योंकि कुछ कर्मचारी टूर्नामेंट के दौरान मुंबई मुख्यालय से संचालन करते हुए भी भत्ते का दावा कर रहे थे। अब जब यह तैयार हो गई है तो बकाए का भुगतान जल्द ही किया जाएगा।'



## आईपीएल के लिए 10 हजार रुपए प्रतिदिन

अधिक स्पष्टता के लिए एक कर्मचारी जो पूरे 70 दिवसीय आईपीएल के लिए यात्रा कर रहा है वह 10,000 रुपए के दैनिक भत्ते के लिए पात्र होगा जिसमें कुल दावा राशि सात लाख रुपए होगी। आईपीएल के दौरान सीमित यात्रा करने वाला व्यक्ति 70 दिवसीय भत्ते का केवल 60 प्रतिशत दावा करने का पात्र होगा और जो व्यक्ति बिल्कुल भी यात्रा नहीं कर रहा है वह 70 दिनों के लिए 40 प्रतिशत राशि का दावा कर सकता है।

## विदेश यात्रा पर भुगतान

जहां तक विदेश यात्रा का सवाल है तो बीसीसीआई के अधिकांश कर्मचारियों को प्रतिदिन 300 डॉलर का भुगतान किया जाता है। अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष, उपाध्यक्ष और संयुक्त सचिव सहित मानद पदाधिकारियों को विदेशी दौरों पर 1000 डॉलर का दैनिक भत्ता मिलता है। उन्हें भारत के भीतर एक दिन की बैठक के लिए 40,000 रुपए और कई दिनों की घरेलू कार्य यात्रा के लिए 30,000 रुपए प्रतिदिन का भुगतान किया जाता है।

## खबर संक्षेप




### इंटर और अल आहली ने खेला गोल रहित ड्रॉ

**मियामी गार्डन्स।** लियोनल मेसी अतिरिक्त समय में लंबी दूरी से मारे शॉट पर गोल करने में नाकाम रहे जिससे उनकी टीम इंटर मियामी और मिस्र के अल आहली के बीच क्लब विश्व कप का पहला मैच गोल रहित ड्रॉ रहा। अर्जेंटीना के आठ बार के बेलोन डिओर पुरस्कार विजेता मेसी ने शनिवार रात हुए मुकाबले में अंतिम लम्हों में दाएं छोर पर लंबी दूरी से शॉट मारा लेकिन विरोधी गोलकीपर मोहम्मद एलशेनावी ने गोता लगाते हुए उनके प्रयास को नाकाम कर दिया। एलशेनावी के हाथ से छूने के बाद गेंद क्रॉसबार से टकराकर बाहर चली गई।

### मानसी खेलेगी जूनियर एशियाई चैंपियनशिप


**नई दिल्ली।** कैडेट विश्व चैंपियन मानसी लाठेर ने रविवार को महिलाओं के 68 किग्रा वर्ग में



ट्रायल जीतकर किर्गिस्तान के बिश्केक में पांच से 13 जुलाई तक होने वाली अंडर-20 एशियाई चैंपियनशिप के लिए अपनी जगह पक्की की। इस साल मार्च में सीनियर एशियाई चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाली मानसी ने फाइनल में दिल्ली की सृष्टि को हराया।

### डीपीएल का विस्तार करने की योजना

**नई दिल्ली।** दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ के निदेशक श्याम सुंदर शर्मा ने कहा कि दिल्ली प्रीमियर लीग टी20 टूर्नामेंट के दूसरे सत्र में




टीमों की संख्या बढ़ाकर आठ करने की योजना है। डीपीएल का उद्घाटन सत्र पिछले साल आयोजित किया गया था, जिसमें छह टीमों ने दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करते हुए फ्रेंचाइजी आधारित टूर्नामेंट में भाग लिया था। शर्मा ने कहा, 'डीपीएल में भाग लेने वाले कुल 14 क्रिकेटर आईपीएल का हिस्सा बने हैं। इनमें दिग्वेश राठी, आयुष बदोनी और प्रियांश आर्य जैसे खिलाड़ी शामिल हैं।'

### भारत को प्रो लीग में मिली लगातार छठी हार

**एंटवर्प।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम का एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण में खराब प्रदर्शन जारी रहा और रविवार को उसे ऑस्ट्रेलिया से 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। भारत पहले ही नीदरलैंड और अर्जेंटीना से मैच हार चुका है। यह सभी मुकाबले हालांकि करीबी रहे थे। अपना 400वां मैच खेलने वाले पूर्व भारतीय कप्तान मनप्रीत सिंह अपनी टीम को प्रेरित करने में असफल रहे। भारत के लिए संजय (तीसरे मिनट) और दिलप्रीत सिंह (36वें मिनट) ने गोल किए, जबकि ऑस्ट्रेलिया के लिए टिम ब्रैंड (चौथे), ब्लैक गोवर्स (पांचवें) और कूपर बर्न्स (18वें मिनट) ने गोल किए। भारतीय टीम अब 21 जून को बेल्जियम के खिलाफ खेलेगी।

### टेस्ट मैच से पहले भारत और भारत-ए टीम के बीच हो रहा मुकाबला

# सरफराज ने अभ्यास मैच में जड़ा शतक बुमराह-अर्शदीप को नहीं मिला विकेट

एजेंसी ▸▸ बेकेनहैम

इंग्लैंड के खिलाफ अहम मुकाबले से पूर्व भारतीय खिलाड़ी बेकेनहैम में एक चार दिवसीय इंट्रा-स्क्वाड वार्म-अप मैच खेल रहे हैं। जहां इंडिया ए की तरफ से शिरकत करते हुए सरफराज खान ने शतक जड़ सबको अपना दीवाना बना दिया है। इंडिया की तरफ से मिले 459 रनों के जवाब में इंडिया ए के खिलाड़ी भी जबर्दस्त लय में नजर आए। जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह को कोई सफलता हाथ नहीं लगी है।

हालांकि, जिस खिलाड़ी ने सर्वाधिक लोगों को प्रभावित किया वह सरफराज खान थे। अपनी टीम इंडिया ए के लिए उन्होंने 76 गेंदों का सामना किया। इस बीच 101 रनों की नाबाद धमाकेदार शतकीय पारी खेलने में कामयाब रहे। इस दौरान उनके बल्ले से क्रिकेट प्रेमियों को 15 चौके और दो गगनचुंबी छक्के देखने को मिले। दूसरे बल्लेबाजों को भी अभ्यास का मौका मिले, इसके लिए वह रिटायर्ड आउट होकर पवेलियन लौटे।

### ईशान किशन चमके

इंडिया ए की तरफ से लक्ष्य का पीछा करते हुए ईशान किशन का बल्ला भी जमकर चल रहा है। अपनी टीम की तरफ से वह दिन का खेल समाप्त होने तक 45 रन बनाकर नाबाद हैं। गेंदबाजी में रंग जमाने वाले शार्दुल ठाकुर का भी बल्लेबाजी में रंग देखने को मिल रहा है। वह नाबाद 19 रन बनाकर किशन का बखूबी साथ दे रहे हैं। टीम का स्कोर छह विकेट के नुकसान पर 299 रन है।



**सरफराज की दावेदारी मजबूत**

*इंग्लैंड लायंस के बाद अब इंट्रा-स्क्वाड वार्म-अप मैच में सरफराज की तूफानी पारी को देख चयनकर्ता भी उनके नाम पर विचार करने को मजबूर हो गए हैं। 27 वर्षीय क्रिकेटर ने बेहद मजबूती के साथ अपनी दावेदारी को ठोकी है। वार्म-अप मैच से पूर्व सरफराज ने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ अनाधिकारिक टेस्ट मैच में 92 रन बनाए थे।*

### बुमराह को नहीं मिली सफलता

इंग्लैंड दौरे पर टीम इंडिया को जसप्रीत बुमराह से काफी उम्मीद है। मगर दूसरे दिन की समाप्ति तक वह अपने सात ओवरों के स्पेल में एक भी विकेट चटका नहीं पाए हैं, जो कि टेंशन वाली बात है। गेंदबाजी के दौरान इंडिया की तरफ शिरकत कर रहे तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा क्रमशः दो-दो विकेट चटकाने में कामयाब हुए हैं। अर्शदीप सिंह को कोई सफलता हाथ नहीं लगी है।

### सुदर्शन ने बनाए 38 रन

आईपीएल में धमाकेदार प्रदर्शन करने वाले युवा स्टार साईं सुदर्शन का प्रदर्शन इंट्रा-स्क्वाड वार्म-अप मैच में मिला जुला रहा। टीम के लिए वह 38 रन बनाने में कामयाब रहे। उनके अलावा अभिमन्यु ईश्वरन ने 39 रनों का योगदान दिया। पारी का आगाज करते हुए ऋतुराज गायकवाड़ बिना खाता खोले आउट हुए।

### टेनिस

# मेडिसन कीज सेमीफाइनल में 37 वर्षीय क्वालीफायर से हारी




एजेंसी ▸▸ लंदन

दुनिया की आठवें नंबर की खिलाड़ी मेडिसन कीज को क्वींस क्लब टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में 37 वर्षीय क्वालीफायर तात्याना मारिया के खिलाफ सीधे सेट में हार का सामना करना पड़ा।

दो बच्चों की मां जर्मनी की मारिया ने दूसरी वरीय कीज को 6-3, 7-6 से हराया। दुनिया की 86वें नंबर की खिलाड़ी मारिया की ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन कीज के खिलाफ चार मुकाबलों में यह पहली जीत है।

मारिया 2020 के बाद से डब्ल्यूटीए टूर पर फाइनल में जगह बनाने वाली सबसे अधिक उम्र की खिलाड़ी हैं। सेरेना विलियम्स ने 2020 में 38 साल की उम्र में ऑकलैंड क्लासिक जीता था। मारिया ने कहा, 'आपको हमेशा आगे बढ़ते रहना चाहिए।

आप कभी नहीं रुक सकते, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि क्या हो रहा है। मुझे टेनिस खेलना पसंद है। मुझे यह खेल पसंद है और हम इन खास पलों के लिए जीते हैं।' शीर्ष वरीय झेंग किनवेन भी टूर्नामेंट में बाहर हो गईं। उन्हें अमेरिका की अमांडा अनिसिमोवा ने 6-2, 4-6, 6-4 से हराया।

### विश्व कप चयन

# गाथा, शरवारी, पृथिका ने जीते ट्रायल, अभिषेक और अतनु चूके



एजेंसी ▸▸ पुणे

तीरंदाजी विश्व कप चरण चार और विश्व चैंपियनशिप के लिए चयन ट्रायल में उलटफेर देखने को मिला जब अनुभवी अभिषेक वर्मा और तीन बार के ओलंपियन अतनु दास टीम में जगह बनाने से चूक गए। तीन किशोर सहित चार खिलाड़ियों ने पहली बार टीम में जगह बनाई। बेहतरीन प्रदर्शन करने वालों में महाराष्ट्र की 15 वर्षीय गाथा खडके और शरवारी शेंडे शामिल थीं जिन्होंने चार सदस्यीय महिला रिकर्व टीम में जगह बनाई। ये दोनों अनुभवी दीपिका कुमारी और अंकिता भकत से पीछे रहीं।

क्रमशः युवा और कैडेट विश्व चैंपियनशिप में भी भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली शरवारी और गाथा ने दुनिया की पूर्व नंबर एक दीपिका (तीसरे) और अंकिता (चौथे) को पछाड़कर क्वालीफिकेशन दौर में शीर्ष दो स्थान हासिल किए थे। हालांकि एलिमिनेशन दौर में दीपिका ने गाथा को पछाड़ दिया और 16.5 अंक के साथ ट्रायल में शीर्ष पर रहीं। अंकिता (13.75), गाथा (13) और शरवारी (11.75) ने टीम में अन्य तीन स्थान हासिल किए।

**टीम इस प्रकार हैं:**

रिकर्व पुरुषः धीरज बोम्मदेवरा, नीरज चौहान, राहुल सिंह और तरुणदीप राय
रिकर्व महिलाएंः दीपिका कुमारी, अंकिता भकत, गाथा खडके और शरवारी शेंडे
कंपाउंड पुरुषः अमन सैनी, प्रथमेश फुगे, ऋषभ यादव और प्रियांश।
कंपाउंड महिलाएंः ज्योति सुरेखा वेन्नम, परनीत कौर, पृथिका प्रदीप और चिकिथा तानीपार्थी।

### 0.5 अंक से चूके अतनु, पहली बार टीम में राहुल

अतनु सिर्फ 0.5 अंक से पुरुष रिकर्व में चयन से चूक गए। सेना के 20 वर्षीय तीरंदाज राहुल सिंह ने 13.5 अंक के साथ पहली बार टीम में जगह बनाई। वह नीरज चौहान (15) और धीरज बोम्मादेवरा (17) के पीछे तीसरे स्थान पर रहे। कंपाउंड वर्ग में सबसे बड़ा झटका विश्व नंबर सात अभिषेक वर्मा, 2023 विश्व चैंपियन ओजस देवताले और चरण दो के स्वर्ण पदक विजेता मधुरा धामनगांवकर के बाहर होने से लगा। वर्मा सिर्फ 7.5 अंक के साथ निराशाजनक सातवें स्थान पर रहे।

# दंतेवाड़ा में 50 मैदान विकसित करेगा तेंदुलकर फाउंडेशन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ दंतेवाड़ा

छत्तीसगढ़ का दंतेवाड़ा नक्सल प्रभावित जिले के ठप्पे को खत्म कर रहा है और स्थानीय प्रशासन की अनोखी पहल की बदौलत खेल केंद्र के रूप में अपनी नई पहचान बना रहा है। प्रशासन की इस पहल को महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर के फाउंडेशन का समर्थन प्राप्त है।

जिले में नक्सलियों का प्रभाव धीरे-धीरे कम हो रहा है इसलिए प्रशासन ने मान देशी फाउंडेशन और सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन के साथ मिलकर 'मैदान कप' की शुरुआत की है। इसके तहत दंतेवाड़ा में खेल संस्कृति और प्रतिभा को बढ़ावा देने के लिए 50 खेल के मैदान विकसित किए जाएंगे। दंतेवाड़ा के कलेक्टर कुणाल दुदावत ने बताया, 'इस परियोजना के तहत




सामुदायिक भागीदारी से अब तक जिले में कम से कम 20 खेल के मैदान विकसित किए गए हैं और अक्टूबर तक लक्ष्य हासिल कर लिया जाएगा।' पिछले साल राज्य सरकार ने बस्तर क्षेत्र के दंतेवाड़ा और छह अन्य जिलों की खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के लिए बस्तर ओलंपिक 2024 का आयोजन किया था। दुदावत ने कहा कि इसका उद्देश्य नक्सल प्रभावित और संवेदनशील जिलों की खेल प्रतिभाओं को खेलों के माध्यम से दुनिया से जोड़ना था।

# निशांत की पेशेवर मुक्केबाजी में सिल्वा पर शानदार जीत

**नई दिल्ली।** भारतीय मुक्केबाज निशांत देव ने न्यूयॉर्क के प्रतिष्ठित मैडिसन स्क्वायर गार्डन थिएटर में सुपर वेल्टरवेट वर्ग में मैक्सिको के जोस्यू सिल्वा पर सर्वसम्मत जीत के साथ पेशेवर सर्किट पर अपनी शानदार शुरुआत जारी रखी।

चौबीस वर्षीय निशांत देव ने छह दौर की प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया जिसमें तीनों जज ने उनके पक्ष में 60-54 अंक दिए। भारतीय मुक्केबाज का यह दूसरा पेशेवर मुकाबला था जिसमें उन्होंने दबदबे वाली जीत दर्ज की। यह मुकाबला रिचर्डसन हिचिन्स और जॉर्ज कंबोसोस जूनियर के बीच हुए हाई प्रोफाइल मुकाबले के अंडरकार्ड (मुख्य मुकाबले के साथ होने वाला मुकाबला) के रूप में खेल गया। निशांत नॉकआउट करने में असमर्थ रहे लेकिन उन्होंने मुक्कों के अपने बेहतरीन चयन से प्रभावित किया।

### महिला हॉकी टीम ऑस्ट्रेलिया से हारी

**लंदन।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने रविवार को यहां एफआईएच प्रो लीग मैच में ऑस्ट्रेलिया को कड़ी टक्कर दी लेकिन अंतिम मिनट में गोल खाकर 1-2 से हार गई। यह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत की लगातार दूसरी हार है। टीम को इससे पहले शुक्रवार 2-3 से शिकस्त का सामना करना पड़ा था। वैष्णवी फाल्के के मैदानी गोल की मदद से भारतीय टीम ने मैच के तीसरे मिनट में ही बढ़त कायम कर ली।


**कार्यालय कलेक्टर, एवं पदेन उप सचिव मध्य प्रदेश शासन राजस्व विभाग**
**जिला नरसिंहपुर (म.प्र.)**
नरसिंह भवन नरसिंहपुर 487001, फोन नं. 07792-230900, फैक्स नं. 07792-230915
E-mail:- dmnarsinghpur@nic.in, website:- www.narsinghpur.nic.in

प्रकरण क्रमांक 05 / 82/2024-25 — **प्रारूप क (नियम 4 देखिए)** — नरसिंहपुर दिनांक:- 16/4/2025

राज्य सरकार प्रभावित क्षेत्रों में ग्राम स्तर पर यथास्थिति संबंधित ग्राम पंचायत के परामर्श से निम्न भूमियों का अर्जन कराना चाहती है और लोक नियोजन के लिए सामाजिक समाघात निर्धारण अध्ययन करना चाहती है । अध्ययन का कार्य भूमि, अर्जन पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्षिता का अधिकार अधिनियम 2013 (क्रमांक 30 सन् 2013 ) की धारा 4 के प्रावधानों के अनुसार किया जायेगा ।

| | | |
|---|---|---|
| 01 | परियोजना विकास / विभाग का नाम | कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भ / स ) संभाग नरसिंहपुर । |
| 02 | भूमि के प्रस्तावित अर्जन का प्रयोजन | सूखा ढिगसरा से ढिगसरा होकर काशीखैरी मार्ग लंबाई 4.10 कि.मी. का निर्माण |
| 03 | अध्ययन का कार्य हाथ में लेने वाले सामाजिक समाघात निर्धारण दल के विवरण | 1 / अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तेंदूखेड़ा 2 / उपसंचालक सामाजिक न्याय व निःशक्तता नरसिंहपुर । 3 / मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत चांवरपाठा 4 / सरपंच ग्राम पंचायत ढिगसरा । 5 / हल्का पटवारी ग्राम ढिगसरा । |
| 04 | भूमि का विवरण | |
| (क) | जिला | नरसिंहपुर |
| (ख) | तहसील | तेंदूखेड़ा |
| (ग) | ग्राम / नगर | सूखा ढिगसरा |
| (घ) | कुल प्रभावित क्षेत्र | अशासकीय भूमि 0.782 हे. |
| (ङ) | अर्जित होने वाला क्षेत्र | कुल रकबा 0.782 हे. (खसरावार सूची पृथक से संलग्न है ।) |
| 05 | प्रस्तावित योजना का संक्षिप्त विवरण | सूखा ढिगसरा से ढिगसरा होकर काशीखैरी मार्ग लंबाई 4.10 कि.मी. का निर्माण। |
| 06 | परियोजना क्षेत्र और प्रभावित क्षेत्र | परियोजना क्षेत्र और प्रभावित क्षेत्र 0.782 हे. |
| 07 | क्या ग्राम सभाओं और/या भूमि धारकों की सहमति अपेक्षित है। | नहीं |
| 08 | सामाजिक समाघात निर्धारण पूर्ण किये जाने की तारीख | अधिसूचना प्रकाशन के छः माह के भीतर । |

भू-अर्जन अधिकारी तेन्दूखेड़ा
कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग जिला नरसिंहपुर (म.प्र.)
G-14361/25 "स्वच्छता ही सेवा"

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, (भ / स ) संभाग नरसिंहपुर (म.प्र.)**

निविदा सूचना क्रमांक 08 / वर्ष 2025 - 26 / कार्य.यं. — **निविदा सूचना** — नरसिंहपुर, दिनांक 12/06/2025

निम्नलिखित कार्यो हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है । उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है ।

| क्र. | टेण्डर आई डी | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | कार्य की अनु. राशि (रू. लाख में) | धरोहर राशि | निविदा फार्म की राशि | आमंत्रण क्र. | कार्य समयावधि | भौतिक रूप से लिफाफा प्रस्तुत करने का कार्यालय (मूल एफ. डी. आर. एवं अन्य दस्तावेज) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 2025_PWDRB_421581_1 | नरसिंहपुर | ए. आर. रोड़ | जिला नरसिंहपुर के नरसिंहपुर संभाग अंतर्गत विभिन्न सड़कों के पुल, पुलिया, पेच, सी.सी. रोड़ फर्नीसर एवं आवश्यक रखरखाव मरम्मत परफारमेन्स गारंटी अतंर्गत विभिन्न मार्गो सहित के कार्य हेतु जोनल टेण्डर । (तृतीय आमंत्रण) | 50.00 | 50,000 | 5,000 | तृतीय आमंत्रण | 31.03.2026 तक | सभी दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत करें। |
| | | | | योग | 50.00 | | | | | |

उपरोक्त वेबसाइट आनॅलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा । निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 18/06/2025, (17.00) बजे निर्धारित है । विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट www.mptenders.gov.in में देखा जा सकता है । निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा । पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा । मूल धरोहर (ई.एम.डी.) राशि एवं अन्य सभी दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत दिनांक 18/06/2025, (17.30 बजे तक उपरोक्तानुसार संबंधित पोर्टल में प्राप्त की जावेगी ।

G-14371/25 "स्वच्छता ही सेवा"
कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग ( भ / स ) - संभाग नरसिंहपुर





## दोबारा सक्रिय हो रहे संक्रमण ने दी गंभीर चेतावनी

# कोरोना संक्रमित गर्भवती महिला की मौत से हड़कंप

जबलपुर।

जबलपुर में कोरोना संक्रमण एक बार फिर दस्तक देता दिखाई दे रहा है। कोरोना जीरो 3 की लहर में अबतक 1 हफ्ते में तीन मरीज सामने आए थे. जिनमें से एक की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में रविवार सुबह कोविड संक्रमित एक गर्भवती महिला की मौत हो गई। यह मामला न केवल स्वास्थ्य तंत्र के लिए एक बड़ी चेतावनी है, बल्कि शहर में दोबारा सक्रिय हो रहे कोरोना संक्रमण की गंभीरता को भी दर्शाती है।

मृत महिला को गर्भावस्था के दौरान जबलपुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल के गायनिक विभाग में भर्ती कराया गया था। डॉक्टरों की देखरेख में उसने ऑपरेशन (पोस्टऑप एलएससी) द्वारा सफलतापूर्वक स्वस्थ जुड़वां बच्चों को जन्म दिया। लेकिन ऑपरेशन के अगले ही दिन उसमें कोरोना



संक्रमण की पुष्टि हुई। संक्रमण की जानकारी मिलते ही उसे तत्काल कोविड वार्ड में स्थानांतरित कर दिया गया।सूत्रों के अनुसार, महिला को शनिवार रात करीब 9 बजे कोविड वार्ड में शिफ्ट किया गया था। वेंटिलेटर सपोर्ट की आशंका को देखते हुए एनेस्थीसिया विशेषज्ञों से सलाह ली गई थी। बावजूद इसके, रविवार सुबह महिला की तबीयत अचानक बिगड़ गई। ऑक्सीजन सैचुरेशन तेजी से गिरा और ईसीजी रिपोर्ट में वेंट्रिकुलर टैचीकार्डिया — दिल की धड़कन का अत्यंत तेज और असामान्य हो जाना — दर्ज किया गया।स्थिति बिगड़ने पर डॉक्टरों ने तत्काल एमियोडेरोन नामक जीवनरक्षक दवा मंगवाने की कोशिश की, लेकिन तमाम प्रयासों के बावजूद महिला को नहीं बचाया जा सका और सुबह 9:30 बजे उसे मृत घोषित कर दिया गया।मेडिकल सूत्रों के अनुसार, महिला की स्थिति पहले से ही जटिल थी। उसमें पोस्टऑप एलएससी, पीपीआईयूसीडी, पीपीआरओएम, पीटीएलपीएस, पिछला सिजेरियन सेक्शन, सार्स कोविड-2 संक्रमण, रेस्पिरेटरी फेल्योर और शॉक जैसे अनेक चिकित्सकीय जटिलताएं एक साथ पाई गईं। इन सभी कारकों ने मिलकर उपचार को चुनौतीपूर्ण बना दिया।

### कोरोना का बढ़ता खतरा

इस घटना के बाद स्वास्थ्य विभाग ने शहर में कोरोना संक्रमण को लेकर सतर्कता बढ़ा दी है। हाल ही में जिले में कोविड के दो और नए मामले सामने आए हैं, जिससे कुल सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर तीन हो गई है। अधिकारियों ने सभी अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों को आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

# बिजली विभाग की लापरवाही से गई मजदूर की जान

जबलपुर।

शहर के माढोताल क्षेत्र में गत शाम आई तेज हवा ने एक दर्दनाक हादसे की नींव रख दी। हवा के झोंकों से एक खंभे से बिजली का तार टूटकर जमीन पर गिर गया। इस टूटे हुए तार में करंट होने की आशंका को देखते हुए स्थानीय निवासियों ने तुरंत बिजली विभाग को फोन कर सूचना दी, लेकिन विभाग की घोर लापरवाही के चलते मौके पर कोई कर्मचारी नहीं पहुंचा।इस लापरवाही की कीमत रविवार सुबह एक मजदूर को अपनी जान देकर चुकानी पड़ी। जानकारी के अनुसार, कटंगी निवासी 25 वर्षीय सौरभ ठाकुर पिता गुड्डा ठाकुर, जो रोज़ी-रोटी के लिए मजदूरी करता था, सुबह रिक्शा फार्म के पास से गुजर रहा था। इसी दौरान वह टूटे हुए बिजली के तार की चपेट में आ गया और करंट लगने से बुरी तरह झुलस गया। सौरभ की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

**गुस्साए लोगों ने सड़क पर रखा शव, लगाया जाम**

### घटनास्थल पर पहुंची पुलिस

हादसे की सूचना मिलते ही माढोताल थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने तत्काल सब स्टेशन से बिजली विभाग के कर्मचारियों को बुलवाया और बिजली आपूर्ति बंद करवाई। इसके बाद शव को तार से अलग कर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल अस्पताल भेजा गया।पुलिस के अनुसार, यह स्पष्ट नहीं है कि सौरभ टूटा हुआ तार कहां से और कैसे छू बैठा, लेकिन प्रारंभिक जांच में लापरवाही की बात सामने आ रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### बिजली विभाग की अनदेखी बना हादसे का कारण..

स्थानीय निवासियों ने बताया कि शनिवार शाम करीब 5:21 बजे ही उन्होंने बिजली विभाग को टूटे हुए तार की जानकारी फोन पर दे दी थी। इसके बावजूद विभाग की ओर से कोई कर्मचारी रातभर मौके पर नहीं पहुंचा। लोगों का आरोप है कि अगर समय रहते बिजली विभाग ने संज्ञान लिया होता, तो आज सौरभ जिंदा होता।

### गुस्साए लोगों का प्रदर्शन..

सौरभ की मौत के बाद क्षेत्र में आक्रोश फैल गया। गुस्साए लोगों ने मृतक का शव सड़क पर रखकर मार्ग जाम कर दिया। प्रदर्शनकारी मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा देने और लापरवाह बिजली विभाग के कर्मचारियों पर कानूनी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

जाम की खबर मिलते ही माढोताल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और लोगों को समझाने का प्रयास शुरू किया। लेकिन आक्रोशित भीड़ ने प्रशासन से लिखित आश्वासन मांगा कि दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी और मृतक के परिवार को मुआवजा मिलेगा। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों ने भी इस घटना पर दुख जताते हुए सौरभ ठाकुर के परिजनों को कम से कम 10 लाख रुपये मुआवजा और एक परिजन को सरकारी नौकरी देने की मांग की है।



# पुलिस अधिकारियों ने किया थानों का औचक निरीक्षण

**जबलपुर।** राज्य के पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना के निर्देश पर शनिवार रात 12 बजे से सुबह 5 बजे तक सभी सीएसपी अपने अपने प्रभार वाले संभागों में पुलिस थानों का निरीक्षण करते रहे. इस औचक निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जोन-2 समर वर्मा ने थाना कैंट का एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सूर्यकांत शर्मा ने थाना गोसलपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया। अधिकारियों ने मालखाने का निरीक्षण करते हुये जप्ती माल, आर्म्स एम्यूनेशन, राईट ड्रिल सामग्री का रख रखाव चैक करते हुये हवालात चैक किया, साथ ही थाने में संधारित किये जाने वाले रजिस्टरों को चैक किया कि थाने में संधारित किये जाने वाले रजिस्टर अपडेट हैं कि नहीं, सी.सी.टी.व्ही. कैमरे चालू है कि नहीं आदि जानकारी प्राप्त की। थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया की सीएम हेल्पलाईन और जनसुनवाई में आई शिकायतों का संतोषजनक निराकरण किया जाए। इसी प्रकार नगर पुलिस अधीक्षक कोतवाली रीतेश कुमार शिव द्वारा थाना मदनमहल, नगर पुलिस अधीक्षक रांझी सतीष कुमार साहू द्वारा थाना रांझी, नगर पुलिस अधीक्षक गोरखपुर एम.डी. नागोतिया द्वारा थाना गोरखपुर, नगर पुलिस अधीक्षक गोहलपुर सुनील नेमा द्वारा थाना गोहलपुर, नगर पुलिस अधीक्षक गढा एच आर पाण्डेय द्वारा थाना तिलवारा, नगर पुलिस अधीक्षक माढोताल बी.एस. गोठरिया द्वारा थाना माढोताल, एसडीओपी पाटन लोकेश डाबर द्वारा थाना कटंगी, एसडीओपी बरगी अंजुल अयंक मिश्रा द्वारा थाना भेड़ाघाट का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

**पुलिस मुख्यालय से आए फरमान का रात 12 बजे से सुबह 5 बजे तक पालन**

# भूसे के ढेर में छिपाकर रखते थे नशीले इंजेक्शन

**जबलपुर।** अधारताल पुलिस व क्राइम ब्रांच टीम ने कल मुखबिर की सूचना पर एक संदिग्ध कार चालक की लोकेशन ट्रेस कर करौंदा नाला के समीप स्थित एक डेयरी के सामने खड़ी उसकी कार के आधार पर डेयरी के अंदर दबिश दी तो संदेही भूसे के ढेर में खाकी रंग के कार्टून छिपाते दिखा। पुलिस ने इन कार्टूनों की तलाशी के दौरान 2 हजार 10 नशीले इंजेक्शन जब्त किये। पुलिस ने मौके से नशे के सौदागर को अभिरक्षा में लेते हुए उसकी कार जब्त कर ली है। वहीं नशे के गोरखधंधे में शमिल डेयरी संचालक की तलाश की जा रही है। अधारताल थाना प्रभारी प्रवीण कुमरे ने बताया कि कल क्राइम ब्रांच को मुखबिर से सूचना मिली कि शीतलामाई घमापुर निवासी सिद्धार्थ शर्मा कल अपनी बोलेरो कार क्रमांक एमपी 20 जेड के 6071 से बस स्टेंड से अधारताल करौंदा चौराहे के पास नशीले इंजेक्शन डंप करने जा रहा था। अवैध कारोबार की मंशा से आरोपी इन इंजेक्शनों को कहीं छिपाने की फिराक में था। सूचना पर अधारताल पुलिस व क्राइम ब्रांच टीम ने कार सवार की लोकेशन ट्रेस कर उसका पीछा किया तो मुखबिर के बताये नंबर की कार करौंदा नाला के पास एक डेयरी के सामने खड़ी मिली। पुलिस ने डेयरी में रेड मारी तो एक युवक डेयरी में एक कमरे में रखे भूसे के ढेर में खाकी कार्टून छिपाते दिखा। आरोपी को अभिरक्षा में लेकर पुलिस ने कार्टूनों की तलाशी ली तो दो हजार दस नग नशीले इंजेक्शन रखे मिले। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना नाम शीतलामाई घमापुर निवासी सिद्धार्थ शर्मा बताया। कार्टूनों में मिले इंजेक्शनों में फेनिरामाईन एबिल, ब्युप्रोनोफिन, के इंजेक्शन थे। पूछताछ के दौरान तस्कर सिद्धार्थ शर्मा ने बताया कि उसने डेयरी संचालक लाल तिवारी की सहमति से उक्त प्रतिबंधित इंजेक्शन डेयरी में छिपाकर रखे थे। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ ड्रग कंट्रोल एक्ट व नारकोटेक्स एक्ट के तहत कार्रवाई कर फरार डेयरी संचालक लालू तिवारी की तलाश शुरू कर दी है।

**1 गिरफ्तार डेयरी संचालक फरार**

# लाडली बहनों के खाते में आज आएगी राशि

## प्रदेश स्तरीय लाडली बहना एवं महिला सम्मेलन आज

**जबलपुर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सोमवार 16 जून को जबलपुर जिले के विधानसभा क्षेत्र बरगी के ग्राम बेलखेड़ा में आयोजित लाड़ली बहना एवं महिला सम्मेलन में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, संबल योजना और सिलेंडर रिफिलिंग योजना में हितग्राहियों के खातों में जून माह की राशि अंतरित करेंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन भी करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रदेश की एक करोड़ 27 लाख लाड़ली बहनों के खातों में लाड़ली बहना योजना की जून माह की किस्त 1551 करोड़ 44 लाख रुपये अंतरित करेंगे। लाड़ली बहनों को मिलने वाली यह 25वीं किस्त है। योजना में प्रत्येक लाड़ली बहना को प्रत्येक माह 1250 रूपये की राशि उनके खातों में अंतरित की जाती है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव कार्यक्रम में 56 लाख 68 हजार सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों के खातों में 341 करोड़ रूपए की राशि अंतरित करेंगे। साथ ही मुख्यमंत्री 27 लाख से अधिक बहनों को सिलेंडर रिफिलिंग की 39.14 करोड़ रुपये की राशि भी उनके खातों में सिंगल क्लिक से अंतरित करेंगे। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री डॉ. यादव संबल योजना में 6821 श्रमिक परिवारों की 150 करोड़ रुपये की अनुग्रह राशि का सिंगल क्लिक से अंतरण करेंगे।मुख्यमंत्री डॉ. यादव कार्यक्रम में विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं के लाभार्थियों को हितलाभ वितरण करने के साथ ही लगभग 22 करोड़ 44 लाख रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन भी करेंगे।




# पमरे ने दो माह में लगभग 50 करोड़ का राजस्व अर्जित किया

जबलपुर।

पश्चिम मध्य रेल में जबलपुर, भोपाल एवं कोटा तीनों मण्डलों में चालू वित्तीय वर्ष में अप्रैल एवं मई माह में कुल 49 करोड़ 97 लाख रूपये संड्री से ऑरिजनेटिंग राजस्व अर्जित की, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में 39 करोड़ 16 लाख रूपये की तुलना में 27.62 प्रतिशत अधिक है। दो माह में मण्डल स्तर पर जबलपुर मण्डल को कुल 15 करोड़ 13 लाख रूपये का राजस्व प्राप्त हुआ है। इसी प्रकार कोटा मण्डल को कुल रुपये 9 करोड़ 81 लाख रूपये का राजस्व प्राप्त किया। तो भोपाल मण्डल को कुल 25 करोड़ 4 लाख रूपये का राजस्व प्राप्त हुआ, जो गत वर्ष की इसी अवधि में प्राप्त राजस्व 6 करोड़ 855 लाख रूपये से लगभग 282 प्रतिशत अधिक है। उलेखनीय है कि संड्री यानि विविध



राजस्व के अंतर्गत रेलवे भूमि का वाणिज्यिक उपयोग से प्राप्त होने वाली आय, निजी साइडिंग के अलावा वन विभाग और रक्षा विभाग को दी गई जमीन की लाइसेंस फीस, कॉनकोर को दी गई जमीन, पैंट्री कारों की ढुलाई लागत, लावारिस और क्षतिग्रस्त माल, अनुपयोगी राजस्व स्क्रैप, आवासीय भवन, रिटायरिंग रूम, विश्राम गृह, भवन निर्माण के लिए पट्टे पर दी गई भूमि, स्टेशनों/रेलवे परिसर में कार/स्कूटर/साईकिल पार्किंग, खानपान विभाग तथा विज्ञापन शुल्क और गैर किराया राजस्व की आय शामिल है।

### गंदगी फैलाने वालों से 6 लाख से अधिक जुर्माना वसूला

पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर, भोपाल एवं कोटा तीनों मण्डलों के सभी स्टेशनों पर स्टेशन परिसर एवं गाड़ियों में स्वच्छ, सुखद एवं पर्यावरण अनुकूल वातावरण मुहैया कराने मण्डलों के रेलवे स्टेशनों एवं रेलगाड़ियों में नियमित साफ सफाई सुनिश्चित की जाती है, साथ ही नियमित उद्घोषणा के माध्यम से यात्रियों को जागरुक भी किया जाता है। इसके अंतर्गत यात्रियों से स्टेशन परिसर को साफ सुथरा रखने, धूम्रपान नहीं करने तथा यहां वहां गंदगी नहीं करने के लिए जागरूक किया जाता है। बार-बार समझाइश के बावजूद कुछ लोग लापरवाही बरतते हैं, ऐसे लोगों के खिलाफ रेल प्रशासन द्वारा समय-समय पर रेलवे अधिनियम के अंतर्गत जुर्माने की कार्यवाही की जाती है। रेलवे द्वारा चालू वित्तीय वर्ष के अप्रैल एवं मई में गन्दगी फैलाने वालों के विरुद्ध चलाये गए अभियान में कुल 3142 व्यक्तियों के मामले पकडे गए, जिनसे कुल 6 लाख 31 हजार 660 रूपये जुर्माना वसूला गया। अकेले मई माह में गन्दगी फैलाने वालों के विरुद्ध चलाये गए अभियान में कुल 1480 व्यक्तियों के मामले पकडे गए, जिनसे कुल 3 लाख 10 रूपये जुर्माना वसूला गया। इसके अलावा जुर्माने के साथ साथ ऐसे लोगों को समझाईश भी दी जाती है। साथ ही गंदगी से होने वाले नुकसान की जानकारी देते हुए स्टेशन परिसर स्वच्छ रखने के लिए अनुरोध भी किया गया है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240